वार्षिक रिपोर्ट
1988-89

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

आभार

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (रा.शै.अ.प्र.प.) अपने अध्यक्ष, केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री, भारत सरकार के प्रति उनके मार्गदर्शन हेतु ऋणी है। परिषद् के कार्यों में गहन रुचि और सहायता प्रदान करते हेतु परिषद् अपने शासी निकाय के अन्य विशिष्ट सदस्यों के प्रति आभारी है। परिषद् उन विशेषज्ञों को धन्यवाद देती है जिन्होंने अपना अमूल्य समय देकर इसकी विभिन्न समितियों में कार्य किया तथा कई तरीकों से अपनी सहायता प्रदान की। राज्य शिक्षा विभागों व राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषदों/संस्थानों/राज्य शिक्षा संस्थानों सहित वे सभी संगठन व संस्थाएँ धन्यवाद की पात्र हैं जिन्होंने रा.शै.अ.प्र.प. के साथ सहयोग किया तथा उसकी गतिविधियों को कार्यान्वित करने में अपनी पूरी सहायता दी। प्रायोजित कार्यक्रमों के कार्यान्वियन में यू.एन.डी.पी., यूनेस्को, यूनीसेफ, यू.एन.एफ.पी.ए., जी.टी.जैड, और ब्रिटिश काउंसिल द्वारा प्राप्त सहयोग के प्रति परिषद् अपना आभार व्यक्त करना चाहती है।परिषद् अपने स्टाफ के सभी स्तरों के सदस्यों द्वारा किये गए कार्य की भी प्रशंसा करती है, जिनके सहयोग और निष्ठा के बिना इसके कार्यक्रम सफलता पूर्वक कार्यान्वित नहीं हो सकते थे । परिषद् उन हज़ारों अध्यापकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और जनता के सदस्यों के प्रति सधन्यवाद अपना आभार ज्ञापित करती है जिन्होंने परिषद् के 1988-89 के प्रकाशनों व कार्यक्रमों के बारे में अपने विचार देते हुए परिषद् के विभिन्न घटकों को अनेक पत्र भेजे जो कि बेहतर कार्य निष्पादन के लिए निरंतर प्रेरणा स्रोत सिद्ध हुए।

विषय-सूची

1988-89

एक

रा.शै.अ.प्र.प. भूमिका और संरचना

1 सितम्बर 1961 को स्थापित राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (रा.शै.अ.प्र.प.) संस्था पंजीकरण अधिनियम (1860) के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन है।

भूमिका और कार्य

रा.शै.अ.प्र.प. मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के एक अकादमिक सलाहकार के रूप में कार्य करती है। रा.शै.अ.प्र.प. के मुख्य उद्देश्य शिक्षा, विशेषतः विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में नीतियों और मुख्य कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने में मानव संसाधन विकास मंत्रालय को सहायता तथा परामर्श देना है। विद्यालयी शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा की नीतियों और कार्यक्रमों के प्रतिपादन तथा कार्यान्वयन के लिए यह मंत्रालय अधिकतर रा.शै.अ.प्र.प. की विशेषज्ञता का उपयोग करता है। परिषद् का सारा वित्तीय भार भारत सरकार वहन करती है।

रा.शै.अ.प्र.प. का प्रमुख कार्य विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाना है। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु परिषद् निम्नलिखित प्रयास करती है :

* विद्यालयी शिक्षा की सभी शाखाओं में अनुसंधान करना, उसमें सहायता पहुँचाना, प्रोत्साहित करना और समन्वित करना।
* मुख्यतः उच्च स्तर पर अध्यापकों के सेवा पूर्व और सेवाकालीन प्रशिक्षण आयोजित करना।
* शैक्षिक पुनर्निर्माण में संलग्न संस्थाओं, संगठनों और अभिकरणों के लिए विस्तार सेवाएँ आयोजित करना।
* परिष्कृत शैक्षिक तकनीकों, पद्धतियों एवं नवाचारों के विकास एवं प्रयोग कार्य करना।
* शैक्षिक जानकारी एकत्रित, समाकलन संसाधित एवं प्रसारित करना।
* विद्यालयी शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु राज्यों, राज्य स्तर की संस्थाओं, संगठनों एवं अभिकरणों को कार्यक्रम तैयार एवं कार्यान्वित करने में सहायता देना।
* यूनेस्को, यूनिसेफ जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों एवं अन्य देशों की राष्ट्रीय स्तर की शैक्षिक संस्थाओं के साथ सहयोग स्थापित करना।
* अन्य राष्ट्रों के शैक्षिक कार्मिकों को प्रशिक्षण एवं

अध्ययन की सुविधाएँ प्रदान करना।

* राष्ट्रीय अध्यापक परिषद् विकास हेतु शैक्षिक नवाचार के (एपीड) यूनेस्को, बैंकाक के अकादमिक सचिवालय के रूप में कार्य करना।

कार्यक्रम और कार्यकलाप

उपर्युक्त लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु परिषद् ने निम्नलिखित कार्यक्रमों और कार्यकलापों को हाथ में लिया है :

अनुसंधान

विद्यालय शिक्षा में अनुसंधान की शीर्ष राष्ट्रीय संस्था होने के नाते रा.शै.अ.प्र.प. अनेक महत्वपूर्ण कार्य करती है, जैसे : अनुसंधान को आयोजित करना और बल प्रदान करना, शैक्षिक अनुसंधान में कार्मिकों को प्रशिक्षण देना इत्यादि।

राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान (एन.आई.ई.) के विभिन्न विभाग, क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय और केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.) कई क्षेत्रों में अनुसंधान की जिम्मेदारी लेते हैं, जैसे : पाठ्यचर्या नियोजन एवं विकास, अनुदेशी सामग्री का विकास, बाल विकास, शैक्षिक मनोविज्ञान और मार्गदर्शन, शैक्षिक प्रौद्योगिकी, शिक्षण सहायक साधन, अध्यापक शिक्षा, शैक्षिक मूल्यांकन आदि।

अनुसंधान के अतिरिक्त, रा.शै.अ.प्र.प. व्यक्तियों तथा संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके एवं अकादमिक पारस्परिक विचार- विमर्श द्वारा अन्य अनुसंधान कार्यक्रमों को बल प्रदान करती है। पीएच.डी शोध प्रबंधों के प्रकाशन हेतु रा.शै.अ.प्र.प. विद्वानों की सहायता करती है। परिषद् कनिष्ठ और वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता वृत्तियाँ भी प्रदान करती है ताकि शैक्षिक समस्याओं की जाँच पड़ताल की जा सके और योग्य अनुसंधानकर्त्ताओं का एक दल सृजित किया जा सके। देश में शिक्षा के अनेक पहलुओं पर आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए यह समय-समय पर शैक्षिक सर्वेक्षण करती है। आंकड़ों की प्रक्रिया तथा उन्हें पुनः प्राप्त करने के लिए परिषद् के पास कम्प्यूटर टर्मिनल है। अंतर्देशीय अनुसंधान परियोजनाओं में परिषद् अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों से भी सहयोग स्थापित करती है।

विकास

विद्यालयी शिक्षा में विकासात्मक कार्यकलापों का परिषद् के कार्यों में एक महत्वपूर्ण स्थान है। अब राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी भी परिषद् पर ही है जिससे परिषद् के विकासात्मक कार्य और भी अधिक बढ़ गए हैं। परिषद् के मुख्य विकास संबंधी कार्य विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न स्तरों हेतु पाठ्यचर्या एवं अनुदेशी सामग्री के विकास एवं उन्हें नवीन रूप देना तथा बच्चों एवं समाज की बदलती हुई आकांक्षाओं के अनुरूप बनाना है। परिषद् के नवाचार संबंधी विकासात्मक कार्यकलापों में शिक्षा व्यवसायीकरण, अध्यापक शिक्षा तथा अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र में पाठ्यचर्या एवं अनुदेशी सामग्री का विकास भी समाविष्ट है। परिषद् शैक्षिक प्रौद्योगिकी, जनसंख्या शिक्षा एवं विकलांगों की शिक्षा के क्षेत्र में भी विकासात्मक कार्य करती है।

प्रशिक्षण

विभिन्न स्तरों, जैसे पूर्व प्राथमिक, प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तरों पर तथा व्यावसायिक शिक्षा एवं मार्गदर्शन, और परामर्श तथा विशेष शिक्षा में भी सेवा-पूर्व और सेवाकालीन प्रशिक्षण प्रदान करना परिषद् के महत्वपूर्ण कार्यकलाप हैं। क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के सेवापूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुछ नवीन विशेषताएँ सम्मिलित की गई हैं जैसे विषयवस्तु और शिक्षण विधि का एकीकरण, कक्षा में अध्यापक प्रशिक्षणार्थियों की दीर्घ कालिक उद्यम वृत्ति तथा छात्रों की प्रतिभागिता एवं राज्यों और राज्य स्तरीय संस्थाओं के प्रमुख कार्मिकों तथा अध्यापक शिक्षकों एवं सेवारत शिक्षकों का प्रशिक्षण।

1988-89

विस्तार

रा.शै.अ.प्र.प. के शिक्षा के वृहत विस्तार-कार्यक्रम हैं जिनमें रा.शि.सं. के विभाग, केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय और राज्यों के क्षेत्र सलाहकारों के कार्यालय कई प्रकार से कार्यरत हैं। परिषद् राज्यों के विभिन्न अभिकरणों तथा संस्थाओं के साथ निकट सहयोग स्थापित कर कार्य करती है और विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारी वर्ग, जैसे : अध्यापकों निरीक्षकों, प्रशासकों, प्राश्निकों, पाठ्यपुस्तक लेखकों आदि को सहायता प्रदान करने के लिए अध्यापक प्रशिक्षण कालेज के विस्तार सेवा विभागों और केन्द्रों के साथ विस्तार से कार्य करती है। नियमित रूप से चलने वाले कार्यक्रम के अंग के रूप में सम्मेलन, संगोष्ठियाँ, कार्यशालाएँ और प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं। ग्रामीण और पिछड़े हुए क्षेत्रों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ताकि ये कार्यक्रम संबद्ध कार्यकर्त्ताओं तक पहुँच सकें जहाँ पर विशिष्ट समस्याएँ हैं और विशेष प्रयासों की आवश्यकता है। परिषद् विकलांग बच्चों एवं समाज के सुविधा वंचित वर्गों की शिक्षा के लिए अलग से कार्यक्रम आयोजित करती है। परिषद् के विस्तार कार्यक्रम में सभी राज्य एवं संघशासित क्षेत्र सम्मिलित हैं।

प्रकाशन और प्रसार

रा.शै.अ.प्र.प. कक्षा 1 से 12 तक के विभिन्न विद्यालयी विषयों की पाठ्यपुस्तकें प्रकाशित करती है। परिषद् अभ्यासपुस्तिकाएँ, अध्यापक संदर्शिकाएँ, सहायक पाठमालाएँ, अनुसंधान रिपोर्ट आदि भी निकालती है। इसके अलावा, रा.शै.अ.प्र.प. अध्यापक शिक्षक, अध्यापक प्रशिक्षणार्थी एवं सेवारत अध्यापकों के उपयोग हेतु अनुदेशी सामग्री भी प्रकाशित करती है। शोध और विकास के पश्चात् तैयार की गई यह अनुदेशी सामग्री राज्यों एवं संघ शासित क्षेत्रों के विभिन्न अभिकरणों के लिए आदर्श सामग्री होती है। ये उन्हें ग्रहण एवं/या रूपांतरण हेतु उपलब्ध कराई जाती है। ये पाठ्यपुस्तकें अंग्रेजी, हिन्दी और उर्दू में प्रकाशित की जाती है।

रा.शै.अ.प्र.प. शैक्षिक जानकारी के प्रसार हेतु पाँच पत्रिकाएँ प्रकाशित करती है– (1) *प्राइमरी टीचर* (अंग्रेजी और हिन्दी) का लक्ष्य सीधे कक्षा में उपयोग के लिए प्राथमिक स्कूल अध्यापकों को सार्थक एवं सुसंगत सामग्री प्रदान करना है, (2) *स्कूल साइंस*-विज्ञान शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हेतु खुला मंच प्रदान करती है, (3) *जनरल ऑफ इंडियन एजुकेशन*–समसामयिक शैक्षिक विषयों पर चर्चा के माध्यम से शिक्षा में मौलिक और आलोचनात्मक विचार शक्ति को प्रोत्साहित करता है। (4) *इंडियन एजुकेशनल रिव्यू*–इसमें अनुसंधान लेख होते हैं और यह शिक्षा में अनुसंधानकर्त्ताओं को मंच प्रदान करती है। (5) *भारतीय आधुनिक शिक्षा* -यह हिन्दी में प्रकाशित की जाती है तथा समकालीन विषयों पर शिक्षा में आलोचनात्मक विचार शक्ति को प्रोत्साहित करती है तथा शैक्षिक समस्याओं और अभ्यासों के लिए विचारों को प्रसारित करती है। इसके अलावा, **एन.सी.ई.आर.टी. न्यूज लैटर** पत्रिका हर मास प्रकाशित की जाती है। क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय अपनी पत्रिकाएँ अलग से निकालते हैं।

अनुदेशी सामग्री का मूल्यांकन

राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से पाठ्यपुस्तकों और अन्य अनुदेशी सामग्री का निरन्तर मूल्यांकन होता रहता है। इस प्रयोजन के लिए आधार क्रियाविधि, उपकरण एवं तकनीकें विकसित की गई हैं। विद्यालयी पाठ्यपुस्तकों के शैक्षिक और भौतिक पहलुओं के मूल्यांकन हेतु मार्गदर्शिका और पद्धतियाँ निर्धारित की गई हैं। पाठ्यपुस्तकों के संशोधन में उपयोग करने वाले स्कूलों से प्राप्त फीडबैक भी सहायक होती है।

विनिमय कार्यक्रम

विशिष्ट शैक्षिक समस्याओं के अध्ययन तथा विकासशील राष्ट्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था करने के लिए रा.शै.अ.प्र.प. यूनेस्को, यूनिसेफ, यू.एन.डी.पी. और यू.एन.एफ.पी.ए. जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर कार्य

करती है। यह यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यालय बैंकांक के तत्वावधान में सीड के अंतर्गत एसोसिएटिड केन्द्रों में से एक है। यह शैक्षिक नवाचार एवं विकास हेतु एशियाई केन्द्र (एपीड) के राष्ट्रीय विकास समूह के सचिवालय रूप में कार्य करती है। रा.शै.अ.प्र.प. विकासशील देशों के शैक्षिक कार्यकर्त्ताओं के लिए अटैचमेंट एवं कार्यशालाओं में प्रतिभागिता के माध्यम से प्रशिक्षण सुविधाएँ प्रदान करती है।

रा.शै.अ.प्र.प. भारत सरकार द्वारा अन्य राष्ट्रों के साथ हस्ताक्षरित किए जाने वाले द्विपक्षीय सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों का जहाँ तक स्कूली शिक्षा, अध्यापक शिक्षा के प्रावधानों का संबंध है, उन्हें कार्यान्वित करने के लिए एक मुख्य अभिकरण के रूप में कार्य करती है। इस संबंध में, विशिष्ट शैक्षिक समस्याओं का भारतीय अपेक्षाओं के अनुरूप अध्ययन करने के लिए शिष्ट मंडल भेजती है तथा अन्य देशों के विद्वानों के लिए प्रशिक्षण एवं अध्ययन यात्रा की व्यवस्था करती है। परिषद् अन्य देशों के साथ शैक्षिक सामग्री का आदान-प्रदान भी करती है। अनुरोध किए जाने पर परिषद् अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, सेमिनारों, कार्यशालाओं, बैठकों, विचारगोष्ठी आदि में भाग लेने के लिए अपने संकाय सदस्यों को नामित करती है।

संरचना और प्रशासन

केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रा.शै.अ.प्र.प. की ''साधारण सभा'' के अध्यक्ष हैं। सभी राज्यों एवं संघ शासित क्षेत्रों के शिक्षा मंत्री इस सभा के सदस्य हैं। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष, भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा विभाग के सचिव, विश्वविद्यालयों के चार उपकुलपति (प्रत्येक क्षेत्र में से एक) केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष, केन्द्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त, परिषद् की कार्यकारी समिति के सभी सदस्य (जो ऊपर सम्मिलित नहीं हैं) इस सभा के सदस्य हैं। अध्यक्ष समय-समय पर अधिकतम अन्य 12 व्यक्ति नामित कर सकता है। इनमें कम से कम 4 सदस्य विद्यालय के अध्यापक होने चाहिए।

कार्यकारिणी समिति रा.शै.अ.प्र.प. का मुख्य शासी निकाय है। केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री इसके अध्यक्ष (पदेन) हैं और मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य शिक्षा एवं संस्कृति मंत्री (पदेन) उपाध्यक्ष हैं। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा विभाग के सचिव, परिषद् के निदेशक, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष, विद्यालयी शिक्षा में रुचि रखने वाले चार शिक्षाविद (इनमें कम से कम दो विद्यालय के शिक्षक होंगे) परिषद् के संयुक्त निदेशक, परिषद् संकाय के तीन सदस्य (इनमें कम से कम दो प्रोफेसर तथा विभागाध्यक्ष होने चाहिएँ) मानव संसाधन विकास मंत्रालय का एक प्रतिनिधि तथा वित्त मंत्रालय का एक प्रतिनिधि भी सम्मिलित है जो परिषद् का वित्तीय सलाहकार होता है।

निम्नलिखित स्थायी समितियाँ इस कार्यकारिणी समिति की सहायता करती हैं :

1. वित्त समिति
2. स्थापना समिति
3. भवन एवं निर्माण समिति
4. क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय की प्रबंध समिति
5. कार्यक्रम सलाहकार समिति
6. शैक्षिक अनुसंधान तथा नवाचार समिति

परिषद् मुख्यालय में निम्नलिखित मुख्य अनुभाग सम्मिलित हैं:

1. परिषद् सचिवालय
2. लेखा शाखा

भारत सरकार द्वारा रा.शै.अ.प्र.प. के चार वरिष्ठ पदाधिकारी नियुक्त किये जाते हैं – निदेशक, संयुक्त निदेशक, संयुक्त निदेशक (के.शै.प्रौ.सं.) और सचिव। इस वर्ष निम्नलिखित अधिकारियों ने ये पद संभाले :

डा.पी.एल. मल्होत्रा – निदेशक
डा.ए.के.जलालुद्दीन – संयुक्त निदेशक
डा.एम.एम.चौधरी – संयुक्त निदेशक (के.शै.प्रौ.सं.)

1988-89

श्री ओ.पी.केलकर आई.ए.एस. – सचिव

शैक्षिक कार्यों में निदेशक की सहायतार्थ तीन डीन हैं।

डीन (अकादमिक) : प्रोफेसर एच.एस. श्रीवास्तव
डीन (अनुसंधान) : प्रोफेसर बाकर मेंहदी
डीन (समन्वय) : प्रोफेसर ए.के.शर्मा

डीन (अकादमिक) एन.आई.ई.के विभागों के शैक्षिक कार्य को समन्वित करते हैं। डीन (अनुसंधान) अनुसंधान कार्यक्रम समन्वित करते हैं और शैक्षिक अनुसंधान तथा नवाचार समिति के कार्य की देखभाल करते हैं। डीन (समन्वय) सेवा उत्पादन विभागों, क्षेत्रीय सलाहकार कार्यालयों और क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के कार्यकलापों को समन्वित करते हैं। 1988–89 के दौरान परिषद् के निम्नलिखित घटक हैं :

1. राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान (एन.आई.ई.)
2. केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.)
3. चार क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय (आर.सी.ई.)
4. 17 क्षेत्रीय सलाहकार कार्यालय (एफ.ए.)

राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान

1988–89 के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के निम्नलिखित विभाग/एकक थे, इनका संबंध अपने-अपने क्षेत्रों के अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण, विस्तार, मूल्यांकन और प्रसार कार्य से था :

1. सामाजिक विज्ञान और मानविकी शिक्षा विभाग (डी.ई.एस.एस.एच.)
2. विज्ञान और गणित शिक्षा विभाग (डी.ई.एस.एम.)
3. विद्यालय पूर्व और प्रारंभिक शिक्षा विभाग (डी.पी.एस.ई.ई.)
4. शिक्षा व्यावसायीकरण विभाग (डी.वी.ई.)
5. अध्यापक शिक्षा, विशेष शिक्षा एवं विस्तार सेवा विभाग (डी.टी.ई.एस.ई.ई.एस.)
6. मापन, मूल्यांकन, सर्वेक्षण एवं प्रदत्त सामग्री विभाग (डी.एम.ई.एस.डी.पी.)
7. शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन विभाग (डी.ई.पी.सी.जी.)
8. क्षेत्रीय सेवाएँ और विस्तार समन्वयन विभाग (डी.एफ.एस.सी.)
9. नीति अनुसंधान, नियोजन और कार्यक्रम विभाग (डी.पी.आर.पी.पी.)
10. पुस्तकालय प्रलेखन और सूचना विभाग (डी.एल.डी.आई.)
11. अनौपचारिक शिक्षा एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति शिक्षा विभाग (डी.एन.एफ.ई.ई.एस.सी.एस.टी.)
12. प्रकाशन विभाग (पी.डी.)
13. कर्मशाला विभाग (डब्ल्यू.डी.)
14. नवोदय विद्यालय प्रकोष्ठ (एन.वी.सी.)
15. पत्रिका प्रकोष्ठ (जे.सी.)
16. अंतर्राष्ट्रीय संबंध एकक (आई.आर.यू.)
17. महिला अध्ययन एकक (डब्ल्यू.एस.यू.)

केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान

के.शै.प्रौ.सं. संयुक्त निदेशक की अध्यक्षता में रा.शै.अ.प्र.प. के अंगरूप में स्वायत्ता के साथ कार्य करता है। कार्यक्रमों और कार्यकलापों के मार्गदर्शन हेतु संस्थान की सलाहकार समिति है। के.शै.प्रौ.सं. के निम्नलिखित प्रमुख प्रभाग है।

1. दूरस्थ शिक्षा तथा योजना, समन्वय, अनुसंधान और मूल्यांकन प्रभाग
2. शैक्षिक दूरदर्शन, फोटो एवं फिल्म प्रभाग
3. शैक्षिक रेडियो प्रभाग
4. शैक्षिक आलेख, प्रशिक्षण और राज्य समन्वय प्रभाग
5. आलेखिकी, प्रदर्शनी और मुद्रण प्रभाग
6. सूचना, प्रलेखन और केन्द्रीय फिल्म लाएब्रेरी प्रभाग
7. तकनीकी योजना, प्रचालन और अनुरक्षण प्रभाग
8. प्रशासन और लेखा प्रभाग

1988-89

क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय

क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर और मैसूर में स्थित हैं। रा.शै.अ.प्र.प. के नियमों/विनियमों के अंतर्गत हर महाविद्यालय के सामान्य पर्यवेक्षण और कार्यों के लिए प्रबंध समिति जिम्मेदार है। महाविद्यालय की प्रबंध समिति उस विश्वविद्यालय के उपकुलपति की अध्यक्षता में कार्य करती है जिससे वह संबद्ध है। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं। यह समिति वर्ष में दो बार मिलती है। आवश्यकता पड़ने पर समिति की विशेष बैठक किसी भी समय बुला सकते हैं। डीन (शिक्षण) महाविद्यालय के प्रधानाचार्य की सहायता करता है।

ये महाविद्यालय आवासीय संस्थाएँ हैं, जिनमें प्रयोगशाला, पुस्तकालय और अन्य सुविधाएँ पर्याप्त रूप से उपलब्ध हैं। हर महाविद्यालय का एक प्रदर्शनात्मक बहुउद्देशीय विद्यालय है जहां विकसित अध्यापन विधियों को वास्तविक कक्षा स्थिति में परखा जाता है।

क्षेत्रीय सलाहकार कार्यालय

निम्नलिखित स्थानों पर 17 क्षेत्रीय सलाहकार कार्यालय स्थापित किए हैं। ये राज्य शिक्षाधिकारियों, एवं राज्य स्तरीय संस्थानों जो विद्यालयी शिक्षा प्रणाली को शैक्षिक और प्रशिक्षण निवेश प्रदान करने के लिए स्थापित किए गए हैं, संपर्क सूत्र के रूप में कार्य करते है :

1. अहमदाबाद
2. इलाहाबाद
3. बंगलौर
4. भोपाल
5. भुवनेश्वर
6. कलकत्ता
7. चंडीगढ़
8. गुवाहाटी
9. हैदराबाद
10. जयपुर
11. मद्रास
12. पटना
13. शिलांग
14. पटना
15. शिमला
16. श्रीनगर
17. त्रिवेन्द्रम

दो

1988-89 के दौरान हुए कार्यकलापों पर एक विहंगम दृष्टि

इस अवधि में, परिषद् ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के कार्यान्वयन हेतु निर्दिष्ट कार्यों में प्रमुख भूमिका निभाई एवं देश में विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए परिषद् लगातार प्रयास करती रही। वर्ष 1988-89 के दौरान परिषद् द्वारा किए गए कार्यों के महत्वपूर्ण पहलू इस प्रकार से थे – शैशवकालीन देखभाल और शिक्षा से संबंधित कार्यक्रमों और परियोजनाओं का प्रतिपादन एवं कार्यान्वयन, प्राथमिक शिक्षा का व्यापकीकरण, बालिकाओं और महिलाओं, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों और विकलांग बच्चों, जैसे वर्गों की शिक्षा, विद्यालय स्तर पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रियाओं का पुनरभिविन्यास, विज्ञान शिक्षा में सुधार, उच्चतर माध्यमिक स्तर पर शिक्षा का व्यावसायीकरण, अध्यापक शिक्षा का पुनर्गठन एवं पुनः संरचना, शिक्षा में सुधार एवं प्रसार तथा शिक्षा में वैकल्पिक प्रणाली के विकास हेतु शैक्षिक प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहन, कम्प्यूटर साक्षरता और विद्यालयी अध्ययन, नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु चयन, शैक्षिक एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन, शैक्षिक सर्वेक्षण और राष्ट्रीय प्रतिभा खोज, शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहन और प्रकाशन तथा प्रचार एवं प्रसार। परिषद् ने शिक्षा के क्षेत्र में यूनिसेफ सहायता प्राप्त परियोजनाओं राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना, कम्प्यूटर साक्षरता और विद्यालय अध्ययन (कलास) परियोजना, विभिन्न राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों में कार्यान्वित किए जाने वाले विज्ञान उपकरण के निर्माण हेतु भारतीय – जर्मन परियोजना से संबंधित कार्यकलापों का समन्वयन किया। परिषद् ने व्यापक रूप से फैले क्षेत्र सलाहकार कार्यालयों और क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के माध्यम से राज्य एवं संघ शासित क्षेत्रों से निकटवर्ती संपर्क बनाए रखा। इसने शिक्षा निदेशालयों/राज्य शिक्षा संस्थान/राज्यों में शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् एवं राज्यों तथा संघीय क्षेत्रों की समतुल्य एजेंसियों द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को सक्रिय रूप से सहयोग दिया।

शैशवकालीन देखभाल एवं शिक्षा (ई.सी.सी.ई.)

परिषद् ने शैशवकालीन देखभाल और शिक्षा के कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए अनेक कार्यकलाप किए।

बाल माध्यम प्रयोगशाला (सी.एम.एल) परियोजना के अंतर्गत 3 से 8 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए शैक्षिक एवं मनोरंजन संबंधी सामग्री के विकास से संबंधित कार्यकलाप इस वर्ष चलते रहे। शैशवकालीन शिक्षा (ई.सी.ई) परियोजना के अंतर्गत शैशवकालीन शिक्षा एककों को मजबूत बनाने, विद्यालय पूर्व शिक्षकों तथा शिक्षक प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण देने और शैशवकालीन शिक्षा हेतु सीखने और खेलने की सामग्री का विकास करने के लिए 10 राज्यों को सहायता प्रदान की गई।

ई.सी.ई परियोजना के अंतर्गत ई.सी.ई एवं समेकित बाल विकास सेवाओं (आई.सी.डी.एस.) के अंतर्गत कार्यक्रमों के बीच संपर्क स्थपित करने को प्रमुख बल दिया गया। आईसीडी एस के पदादिकारियों के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कर्नाटक में ई.सी.ई. और आई.सी.डी.एस. की समाभिरूपता के विशेष संदर्भ में ई.सी.ई. द्वारा राज्य स्तरीय संगोष्ठी आयोजित की गई। राजस्थान ने आई सी डी एस के लिए कुछ अमुद्रित सामग्री तैयार की। ई.सी.ई. परियोजना के अंतर्गत तैयार चित्र पुस्तकें और खेल सामग्री लगभग 8 000 आँगनवाड़ियों को उड़ीसा में दी गई।

ई.सी.ई. परियोजना के अंतर्गत, संदर्भ व्यक्तियों के लिए एक अभिविन्यास पाठ्यक्रम तथा परियोजना में भाग लेने वाले विभिन्न राज्यों के ई.सी.ई. परियोजना समन्वयकों के लिए दो बैठकें आयोजित कीं। शिक्षकों, शिक्षक प्रशिक्षकों तथा माता-पिता के लिए अनुदेशी सामग्री के अंतर्गत 3 प्रकाशन निकाले गए। इसके अतिरिक्त ई.सी.ई. परियोजना में भाग लेने वाले 10 राज्यों में विद्यालय पूर्व अनुभवों के बारे में नामांकन एवं अवरोधन पर अगस्त मास में एक अध्ययन शुरू किया। इस संबंध में, आंकड़ों को एकत्रित कर लिया है तथा इन्हें तालिकाबद्ध करने का कार्य एवं उसका विश्लेषण भी आरंभ कर दिया है।

शैशवकालीन उद्दीपन के लिए वैकल्पिक उपागम बनाने के प्रयास के रूप में, उड़ीसा में आदिवासियों तथा शहरी गंदी बस्तियों में गृह आधारित कार्यक्रमों को परखा गया। यह अध्ययन पूरा हो चुका है और इस अध्ययन की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। बाल से बाल कार्यक्रम के अंतर्गत जिसमें बड़े बच्चों को स्वस्थ जीवन जीने संबंधी उपयुक्त जानकारी देना और उनके द्वारा परिवार एवं समुदाय में छोटे बच्चों को स्वस्थ जीवन जीने संबंधी शिक्षा देने में शिक्षकों की भूमिका निभाना सम्मिलित है, कक्षा 4 और 5 के बच्चों की स्वास्थ्य और पोषण शिक्षा संबंधी नियमित कार्यकलापों के साथ-साथ अध्यापकों के प्रशिक्षण तथा समुदाय को सम्मिलित करते हुए विद्यालयों में बाल मेलों का आयोजन संबंधी कार्यकलाप आयोजित किए गए। शैशवकालीन शिक्षा परियोजना के अंतर्गत दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में कार्यान्वित किए जाने के लिए खेल तथा कार्यकलाप पर आधारित शिक्षण विधि पर अभिविन्यास पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत आयोजित अन्य कार्यक्रमों में नर्सरी तथा कक्षा 1 और 2 के अध्यापकों हेतु सर्जनात्मक प्रवृत्ति और नाटक के तीन पुनश्चर्या पाठ्यक्रम भी सम्मिलित है।

आंगनवाड़ी और प्राथमिक स्कूलों के कक्षा 1 और 2 के बच्चों के सीखने के अनुभवों को रेडियो के माध्यम से समृद्ध करने के लिए रा.शै.अ.प्र.प. ने आकाशवाणी, कोटा के साथ अक्तूबर, 1988 को रेडियो की संभाव्यता संबंधी अध्ययन शुरू किया। इस परियोजना में प्रतिदिन 15 मिनट के प्रसारण का 52 सप्ताहों की अवधि तक प्रावधान है। इस परियोजना के अंतर्गत आए सी.डी.एस. सुपरवाइजर और सी.डी.पी.ओ. जो आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के लिए आडियो कार्यक्रम के प्रयोग हेतु प्रशिक्षण देते हैं, उन का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम और बच्चों के साथ की जाने वाली प्रसारणोपरान्त कार्यकलापों के आयोजन संबंधी विभिन्न पहलुओं पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के 3 प्रसारण कार्यक्रम शामिल हैं।

अध्यापकों में विद्यालय पूर्व और प्रारंभिक प्राथमिक स्तरों पर शैक्षिक खिलौने तथा खेल विधि द्वारा शिक्षण विधि के प्रति जागरुकता उत्पन्न करने के लिए रा.शै.अ.प्र.प. ने क्षेत्र सलाहकार कार्यालयों के माध्यम से 31 राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों में खिलौने बनाने की प्रतियोगिताएँ आयोजित कीं। राज्य स्तर पर खिलौना बनाने की प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार विजेताओं ने रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा 19 से 23 दिसंबर, 1988 तक आयोजित राष्ट्रीय खिलौना निर्माण कार्यशाला सह प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके अलावा, विद्यालयपूर्व नेत्रहीन बच्चों के लिए शैक्षिक खिलौनों की पहचान पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। अन्य गतिविधियों में अरुणाचल प्रदेश के शीर्ष व्यक्तियों हेतु शैशवकालीन शिक्षा में चार सप्ताह का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम एवं जिज्ञासु ट्राइबल अनुसंधान केन्द्र, मध्य प्रदेश के शीर्ष कार्यकर्ताओं हेतु 12 दिन का अन्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सम्मिलित है।

1988-89

प्राथमिक शिक्षा का व्यापकीकरण

भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अनुरोध पर रा.शै.अ.प्र.प. ने आपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों को दी जाने वाली अनिवार्य वस्तुओं के मानदंड एवं विनिर्देशन तैयार करने का दायित्व हाथ में लिया था। रा.शै.अ.प्र.प. ने भारतीय मानव ब्यूरो के सहयोग से विभिन्न वस्तुओं के मानदंडों एवं विनिर्देशों को अंतिम रूप दे दिया है। इस संबंध में *आपरेशन ब्लैक बोर्ड : प्राथमिक स्तर पर अनिवार्य सुविधाएं – मानंदड और विनिर्देश* नामक दस्तावेज तैयार किया गया और *आपरेशन ब्लैक बोर्ड* योजना के अंतर्गत निधि प्राप्त करने तथा परियोजना के प्रस्तावों के प्रतिपादन हेतु राज्य/संघीय क्षेत्रों में व्यापक प्रसार के लिए इसे प्रकाशित किया गया।

प्राथमिक शिक्षा पाठ्यचर्या पुनर्नवीकरण (पी.ई.सी.आर.) परियोजना के अंतर्गत *नामांकन, अवरोधन, प्रगतिरोध एवं छात्र उपलब्धि अध्ययन* पर किए गए कार्य के अंग रूप में राज्यों से एकत्रित आंकड़ों का विश्लेषण किया गया और प्राथमिक स्तर पर छात्र उपलब्धि नामक रिपोर्ट निकाली गई। *पोषण, स्वास्थ्य शिक्षा और पर्यावरणीय स्वच्छता (एन.एच.ई.ई.एस.)* परियोजना के अतंर्गत दो अध्ययनों अर्थात् *छात्र उपलब्धि अध्ययन और सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम का प्रभाव* के संबंध में आंकड़े एकत्रित करने तथा उनके समेकन का कार्य भी पूरा हो चुका है। मानव संसाधन विकास की गहन शिक्षा परियोजना (आई.ई.पी.) के अंतर्गत रा.शै.अ.प्र.प. ने परियोजना की संकल्पना और नीतियों पर राज्य स्तर के शीर्ष व्यक्तियों के लिए अभिविन्यास पाठ्यक्रम आयोजित किया। इस आलोच्य वर्ष में 6 राज्यों और एक संघशासित क्षेत्र में यह परियोजना कार्यान्वित की गई (महाराष्ट्र, मिजोरम, उड़ीसा, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और दादर तथा नगर हवेली)। इस परियोजना का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा के व्यापकीकरण का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए समुदाय में विद्यालय पूर्व, प्राथमिक, अनौपचारिक और प्रौढ़ शिक्षा संबंधी कार्यकलापों के एकीकरण को प्रोत्साहन देना है। परियोजना के कार्यान्वयन के प्रमुख तत्वों में क्षेत्रवार गहन संपर्क, कार्यकलापों और संसाधन निवेशों की समाभिरुपता, विकेन्द्रित नियोजन तथा प्रबंध व्यवस्था में सामुदायिक प्रतिभागिता, इसके कार्यान्वयन के सभी पहलुओं में लचीलापन एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों और जनसंख्या क्षेत्रों को प्राथमिकता देना सम्मिलित हैं।

अनौपचारिक शिक्षा के कार्यक्रम से संबंधित अनुसंधान तथा विकास के कार्यकलाप तथा अनौपचारिक शिक्षा के कार्यान्वयन में कार्यरत कार्मिकों का प्रशिक्षण/अभिनवीकरण से संबंधित कार्य परिषद् का महत्वपूर्ण कार्य क्षेत्र रहा है। प्राथमिक शिक्षा की व्यापक पहुँच परियोजना (सी.ए.पी.ई.) के अंतर्गत सीखने की सामग्री के विकास और विद्यालयेतर बच्चों की शिक्षा हेतु शिक्षा केन्द्रों की स्थापना और प्रबंध व्यवस्था संबंधी कार्यकलाप जारी हैं। 1988-89 में यह परियोजना 15 राज्यों में कार्यान्वित की गई। पर्यावरणीय अध्ययन के चार्ट सैट सहित 7 माड्यूल मुद्रित किए और बिहार, मध्य प्रदेश राजस्थान और उत्तर प्रदेश हिन्दी भाषी राज्यों में परियोजना के अंतर्गत 302 शिक्षा केन्द्रों को भेजे गए। इस परियोजना के अतंर्गत विकसित सीखने की सामग्री सात मुख्य स्वयंसेवी संगठनों को भी भेजी ताकि इनके द्वारा चलाए जा रहे अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों में इस सामग्री का उपयोग हो सके। परिषद् ने परियोजना के प्रतिभागी राज्यों को सीखने की सामग्री विकसित करने, शिक्षा केन्द्रों को आगे बढ़ाने वालों/कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण और प्रश्न बैंक तैयार करने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की।

रा.शै.अ.प्र.प ने केन्द्र प्रायोजित अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम की सहायता हेतु अनेक कार्यकलाप किए। इन कार्यकलापों में अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रमों के अनुकूल अनुदेशी सामग्री व सीखने और सिखाने की मूल्यांकन परक उपयुक्त कार्य नीतियों के विकास को अधिक बल दिया गया। इस परियोजना में अनुसंधान कार्यकलापों में प्रवेश बिन्दु तथा 1 और 2 स्तर के बच्चों की उपलब्धि के मूल्यांकन हेतु साधन और तकनीकों का विकास, प्राथमिक स्तर पर चुने गये अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों की सफलता का अध्ययन तथा विभिन्न राज्यों/संघीय क्षेत्रों में अनौपचारिक शिक्षा के कार्यक्रमों हेतु विकसित पाठ्यचर्या और

अनुदेशी सामग्री का विश्लेषण सम्मिलित है। नई विकसित अनुदेशी सामग्री में मिडिल स्तर पर अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों में उपयोग हेतु कक्षा 1 और 2 की गणित की पुस्तकें, 8 कार्मिक पुस्तकें तथा केन्द्रों में मिडिल स्तर पर कार्य कर रहे अनुदेशकों के उपयोग हेतु अध्यापक संदर्शिका और गणित की अभ्यास पुस्तिका समाविष्ट है। रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा अपनाए गए अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों के अनुदेशकों और पर्यवेक्षकों के लिए परिषद् ने प्रशिक्षण मैनुअल भी तैयार किए हैं। अन्य कार्यकलापों में निम्नलिखित कार्य समाविष्ट है :– अनौपचारिक शिक्षा पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण सामग्री का विकास, अनौपचारिक शिक्षा से संबंधित सीखने, सिखाने और प्रशिक्षण विधियों पर फिल्म निर्माण, अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम से संबंधित संदर्भ व्यक्तियों का अभिविन्यास कार्यक्रम, राज्यों/संघ क्षेत्रों में अनौपचारिक शिक्षा एककों के स्वैच्छिक संगठनों के अनौपचारिक शिक्षा कार्यकर्ताओं का अभिविन्यास कार्यक्रम तथा अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा हेतु अनौपचारिक शिक्षा के वार्षिक सम्मेलन का आयोजन ।

विद्यालय स्तर पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रियाओं का पुनरभिविन्यास

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के अनुरूप रा.शै.अ.प्र.प. ने विद्यालय शिक्षा में विषयवस्तु और प्रक्रियाओं के पुनरभिविन्यास हेतु समन्वित उपाय किए। इन उपायों का मुख्य दबाव इन बिन्दुओं पर था–विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर न्यूनतम स्तरों पर अधिगम संबंधी मानदंडों को लागू करना, संशोधित पाठ्य विवरणों पर आधारित अनुदेशी पैकेज का विकास, बाल केन्द्रित सीखने की कार्य नीतियों और गतिविधियों पर आधारित अध्यापन विधियों का विकास तथा व्यावसायिक सक्षमता के उन्नयन हेतु अध्यापकों और अन्य शैक्षिक कार्मिकों का प्रशिक्षण, अध्यापन और अधिगम की प्रक्रियाओं में सुधार लाने के लिए परीक्षा में सुधार तथा अविरल एवं व्यापक मूल्यांकन का प्रारंभ। विद्यालयी अवस्था पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रियाओं के पुनरभिविन्यास हेतु रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा किए गए मुख्य प्रयास निम्नलिखित हैं :

(i) परिषद् द्वारा 1986 में तैयार किये गए *प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यचर्या – एक ढाँचा* नामक दस्तावेज को राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 1986 के संदर्भ में संशोधित किया गया। अप्रैल, 1988 में रा.शै.अ.प्र.प. ने *प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यचर्या एक ढाँचा* – नामक संशोधित दस्तावेज प्रकाशित किया।

(ii) 1986-87 में परिषद् द्वारा तैयार प्राथमिक स्तर पर पाठ्यचर्या के विकास हेतु प्रारूप के मार्गदर्शी सिद्धान्तों को देश के विभिन्न अभिकरणों से प्राप्त सुझावों के अनुसार संशोधित किया गया। यह संशोधित प्रलेख "प्राथमिक अवस्था पर न्यूनतम अधिगम स्तर – सामान्य कोर अवयवों सहित पाठ्य-विवरण" शीर्षक से प्रकाशित किया गया और इसे राज्यों/संघीय क्षेत्रों में पाठ्यचर्या तथा अनुदेशी सामग्री के विकास में लगे हुए अभिकरणों में व्यापक स्तर पर वितरित किया गया।

(iii) रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा तैयार किए गए संशोधित अनुदेशी पैकेज, जिसमें कक्षा 1,3 और 6 की पाठ्यपुस्तकें भी सम्मिलित हैं, वर्ष 1987 में प्रकाशित किए गए और वर्ष 1987-88 के शैक्षिक स्तर में केन्द्रीय विद्यालयों तथा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से सबद्ध कुछ अन्य विद्यालयों में लागू किए गये। वर्ष 1988 में कक्षा 2,4 और 7 के लिए रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा तैयार की गई पाठ्यपुस्तकें प्रकाशित की गईं और 1988-89 के शैक्षिक सत्र में केन्द्रीय विद्यालयों तथा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों में ये पुस्तकें लगाई गईं। 1988 में परिषद् द्वारा प्रकाशित कक्षा 9 और 11 के लिए विज्ञान तथा गणित की नई पाठ्यपुस्तकें भी

1988-89 के शैक्षिक सत्र में केन्द्रीय विद्‌यालयों में लगाई गई।

(iv) 1988-89 में, परिषद् ने कक्षा 5 और 8 की नई पाठ्यपुस्तकें तैयार करने से संबंधित अनेक कार्यकलाप किए। इस अवधि में परिषद् ने कक्षा 9 और 10 के लिए भाषा तथा सामाजिक विज्ञान, कक्षा 10 और 12 के लिए विज्ञान और गणित की नई पाठ्यपुस्तकें तैयार कीं। आशा है कि शैक्षिक सत्र वर्ष 1989-90 में केन्द्रीय विद्‌यालयों में पाँचवीं और आठवीं की नई पाठ्य पुस्तकें, कक्षा नवीं और ग्यारहवीं कक्षाओं के लिए भाषा और सामाजिक विज्ञान तथा कक्षा 10 और 12 में विज्ञान और गणित की नई पाठ्यपुस्तकें लगा दी जाएँगी। रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा कक्षा 9 और 11 की तैयार की गई भाषा, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान और गणित की नई पाठ्यपुस्तकों के संबंध में आशा की जाती है कि वर्ष 1989-90 के शैक्षिक सत्र के दौरान केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध विद्‌यालयों में ये पुस्तकें लगा दी जाएँगी। इन नई पाठ्यपुस्तकों के विन्यास, डिजाइन, चित्रांकन एवं जिल्दसाजी में पर्याप्त रूप से सुधार किए गए हैं ताकि छोटे बच्चे इन पुस्तकों की ओर आकर्षित हो सकें। उच्चतर प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक अवस्थाओं की विज्ञान और गणित की पाठ्यपुस्तकें एक टीम, जिसमें विश्वविद्‌यालयों, रा.शै.अ.प्र.प तथा अन्य राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर की संस्थाओं के प्रख्यात वैज्ञानिक और गणितज्ञ सम्मिलित थे, द्वारा तैयार की गईं। सभी नई पाठ्यपुस्तकों की पांडुलिपियों का प्रकाशन से पूर्व प्रसिद्ध विद्वानों, कार्यरत अध्यापकों, अध्यापक शिक्षकों तथा पाठ्यचर्या विशेषज्ञों द्वारा बड़ी बारीकी से पुनरीक्षण किया गया।

(v) राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रोत्साहन देने और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के अध्ययन हेतु परिषद् ने राष्ट्रीय एकता और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अध्ययन से संबंधित विषयवस्तु की पर्याप्तता और उपयुक्तता को दृष्टि में रखते हुए इतिहास की नई पाठ्यपुस्तकों के मूल्यांकन पर दो कार्यशालाएँ आयोजित कीं। 1988-89 के दौरान, आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की इतिहास की नवीन पाठ्य पुस्तकों का राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से मूल्यांकन किया गया। परिषद् ने राष्ट्रीय जीवनियों का शब्दकोश तैयार करने का कार्य भी आरंभ कर दिया है। इस शब्दकोश की संरचना की सामान्य रूपरेखा तैयार कर ली है और शब्दकोश में सम्मिलित किए जाने वाले व्यक्तियों की पहचान कर ली है।

(vi) विद्‌यालयों में संशोधित कार्यानुभव के कार्यक्रम को विद्‌यालयों में प्रभावी कार्यान्वयन को सरल करने के लिए परिषद् ने कृषि, वाणिज्य, गृह विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित कार्यानुभव की अनुदेशी सामग्री विकसित करने तथा शीर्ष व्यक्तियों और अध्यापकों के अभिविन्यास, प्रशिक्षण को जारी रखा। 1988-89 के दौरान परिषद् ने आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और मध्य प्रदेश के शीर्ष व्यक्तियों के लिए कार्यानुभव संबंधी तीन अभिविन्यास कार्यक्रम और नवोदय विद्‌यालयों के अध्यापकों हेतु भी दो अभिविन्यास पाठ्यक्रम आयोजित किए। राज्यों के 119 शीर्ष व्यक्तियों और नवोदय विद्‌यालयों के 90 अध्यापकों को संशोधित कार्यानुभव कार्यक्रम के कार्यान्वयन के विभिन्न पहलुओं से अभिनवीकृत किया। इसके अतिरिक्त स्वैच्छिक संगठनों द्वारा चलाए जा रहे विद्‌यालयों में कार्यरत 48 अध्यापकों के लिए कार्यानुभव पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा कार्यानुभव संबंधी गतिविधियों पर अनुदेशी सामग्री के विकास हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया।

(vii) विद्यालयी अध्यापकों के सामूहिक अभिविन्यास कार्यक्रम (पी.एम.ओ.एस.टी.) के अतंर्गत वर्ष 1986 से रा.शै.अ.प्र.प. लगभग 5 लाख विद्यालयी अध्यापकों के लिए राज्य सरकारों के माध्यम से अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित कर रही है ताकि अध्यापकों की अभिप्रेरणा और व्यावसायिक क्षमता को बढ़ावा मिले जिससे वे विद्यालयी स्तर पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रियाओं के पुनरभिविन्यास की प्रक्रिया में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए बेतहर ढंग से तैयार हों। 1988 में प्राथमिक और माध्यमिक अध्यापकों को प्रशिक्षित करने के लिए 9113 शिविर लगाए गए। इन शिविरों में 4,39,261 अध्यापक प्रशिक्षित किए, जिनमें 2,97,977 प्राथमिक एवं 1,41,284 उच्च प्राथमिक और माध्यमिक अध्यापक थे। अध्यापकों के प्रशिक्षण हेतु शिविरों के संगठन में 10,300 संदर्भ व्यक्तियों ने भाग लिया। 1986 और 87 में प्राप्त अनुभवों को ध्यान में रखते हुए अभिविन्यास कार्यक्रम की विषयवस्तु की समीक्षा की गई। पीएमओएसटी के कार्यान्यिवय की समीक्षा हेतु 26 से 28 अक्टूबर, 1988 तक एक राष्ट्रीय समीक्षा बैठक बुलाई गई। प्राप्त ''फीडबैक'' के आधार पर 1988 में आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम की विषयवस्तु की पुनः रुपरेखा बनाई गई ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में दिए गए मुख्य बलों के बारे में चेतना जागृत करने वाले तथा पाठ्यचर्या के क्षेत्रों से संबंधित व्यावसायिक क्षमताओं को सुदृढ़ करने वाले घटकों को भी सम्मिलित किया जा सके। इस प्रयोजनार्था, एक संशोधित प्रशिक्षण पैकेज तैयार किया जिसमें प्राथमिक विद्यालयी अध्यापकों और माध्यमिक विद्यालय के अध्यापकों के लिए अलग-अलग खंड (वाल्यूम) बनाए गए।

अभिविन्यास/प्रशिक्षण शिविरों के संकाय/संसाधन व्यक्तियों के लिए भी मार्गदर्शिका तैयार की गई। उपरोक्त कार्यक्रम के संवर्धन में उभरते पाठ्यक्रम से संबंधित कुछ नए कार्यक्रमों को भी टेलीविजन द्वारा समर्थन देने के लिए सम्मिलित किया गया है 1988 में आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम का मूल्यांकन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय और पाण्डीचेरी विश्वविद्यालय ने किया। मूल्यांकन रिपोर्टों में दिए गए सुझावों के आधार पर 1989 में आयोजित किये जाने वाले प्रस्ताविक अभिविन्यास कार्यक्रम की विषयवस्तु में परिवर्तन किए गए ताकि इसे अध्यापकों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जा सके।

(viii) विद्यालय स्तर पर शिक्षा की विषयवस्तु, और प्रक्रियाओं के पुनरभिविन्यास के भाग के रूप में विद्यालयों में मूल्यांकन पद्धतियों को सुधारने के प्रयास किए गए। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् और राज्य/संघीय क्षेत्रों में शिक्षा विभागों तथा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के बीच प्रसारण हेतु व्यापक तथा अविरल मूल्यांकन विकसित करने की योजना तैयार की गई। संदर्भ व्यक्तियों हेतु 22 जून से 5 जुलाई, 1988 तक आयोजित दो सप्ताह के अखिल भारतीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में इस पर चर्चा की गई। शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक क्षेत्रों में छात्र उपलब्धि के रिकार्ड रखने की पद्धतियों के साथ-साथ संचयी कार्ड का नमूना भी तैयार किया गया। रा.शै.अ.प्र.प. ने विभिन्न माध्यमिक बोर्डों एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्डों द्वारा संचालित परीक्षाओं के श्रेणी निर्धारण (ग्रेडिंग) और अनुमापन विधि (स्केलिंग) के प्रारम्भ हेतु मार्गदर्शिका तैयार की और माध्यमिक शिक्षा बोर्डों के अध्यक्षों/सचिवों की चार क्षेत्रीय बैठकें आयोजित कीं। इन बैठकों में माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्डों द्वारा आयेजित परीक्षाओं में अनुमापन और श्रेणी निर्धारण के प्रारम्भ हेतु विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श

हुआ। रा.शै.अ.प्र.प. ने मौखिक परीक्षा, विवृत्त पुस्तक समीक्षा तथा परियोजना कार्य जैसी वैकल्पिक मूल्यांकन पद्धतियों के लिए शीर्ष व्यक्तियों के प्रशिक्षण हेतु 8 दिवसीय एक कार्यशाला आयोजित की। इसके अलावा, परिषद् ने विभिन्न क्षेत्र वार गहन शिक्षा में शैक्षिक मूल्यांकन, मानक मापदंड, संदर्भ परीक्षण तैयार करने तथा प्रश्न लिखने वालों से संबंधित संकल्पनात्मक सामग्री के विकास के कार्य जारी रखे। परिषद् ने इतिहास विषय में मूल्यांकन पर 8 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा विभिन्न उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्डों द्वारा संचालित बाह्य परीक्षाओं के मूल्यांकन में सुधार लाने के लिए पाँच प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। 302 व्यक्तियों ने इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया।

(ix) विद्यालयी स्तर पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रियाओं के अभिविन्यास से संबंधित कार्यों के कार्यान्वयन को सरल बनाने के लिए रा.शै.अ.प्र.प. ने एक योजना प्रतिपादित की जिसके अंतर्गत पाठ्यचर्या के विभिन्न क्षेत्रों में पाठ्यपुस्तकों सहित पाठ्यचर्या के नवीकरण और अनुदेशी सामग्री के विकास से संबंधित कार्यकलापों के लिए राज्यों/संघीय क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई। इस योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश, बिहार, गोवा, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम, उड़ीसा, पंजाब, तमिलनाडु, पश्चिमी बंगाल, उत्तर प्रदेश राज्यों तथा दिल्ली संघीय क्षेत्र और केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को वित्तीय सहायता दी गई। योजना के उन ''नोडल'' अधिकारियों की 21 से 22 नवंबर, 1988 तक बैठक हुई, जो इस योजना के प्रभारी हैं। इस बैठक में योजना के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त परिषद् ने 2 से 4 जून, 1988 तक शिक्षा निदेशालयों, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषदों और माध्यमिक शिक्षा बोर्डों के प्रतिनिधियों की राष्ट्रीय स्तर की विद्यालयी स्तर पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रियाओं के अभिविन्यास से संबंधित कार्यान्वयन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस संबंध में बैठक भी आयोजित की गई जिसमें 19 राज्यों/संघीय क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में विद्यालय स्तर पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रियाओं के अभिविन्यास से संबंधित कार्यान्वयन के कार्यों और कठिनाइयों तथा उन्हें दूर करने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। 1988-89 में इंटरमीटिएड शिक्षा बोर्ड, आंध्र प्रदेश, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नागालैंड, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, जम्मू और काश्मीर, विद्यालय पाठ्यपुस्तक बोर्ड, गुजरात तथा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, मेघालय को वित्तीय सहायता दी गई ताकि ये बोर्ड राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के आधार पर पाठ्यचर्या का नवीकरण एवं अनुदेशी सामग्री का विकास कर सके।

विद्यालयों में विज्ञान शिक्षा का सुधार

विद्यालयों में विज्ञान शिक्षा के सुधार की केन्द्रीय प्रायोजित योजना तैयार की गई थी। इस योजना के कार्यान्वयन हेतु रा.शै.अ.प्र.प. ने कुछ राज्यों के वरिष्ठ/उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के विज्ञान शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम चलाए। इन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण सामग्री तैयार की जिसे योजना के अंतर्गत चलाए जाने वाले परवर्ती प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उपयोग किया जा सकता है। रा.शै.अ.प्र.प. ने इस योजना में आयोजित किये जाने वाले विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के मैनुअल विकसित किए और उत्तर प्रदेश के उच्चतर माध्यमिक अध्यापकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उपयोग हेतु अनुदेशी सामग्री के विकास पर एक सप्ताह की कार्यशाला आयोजित की। इसी संदर्भ में परिषद् ने उत्तर प्रदेश के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापकों हेतु तीन दिन

का अभिविन्यास कार्यक्रम, इसी राज्य के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विज्ञान अध्यापकों के प्रशिक्षण हेतु शीर्ष व्यक्तियों तथा संदर्भ व्यक्तियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम, बिहार राज्य के संदर्भ व्यक्तियों के लिए 3 दिवस का अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया। परिषद ने बिहार के शीर्ष व्यक्तियों तथा संदर्भ व्यक्तियों के लिए एक अन्य तीन दिन का अभिनवीकरण कार्यक्रम, जम्मू और काश्मीर के वरिष्ठ उच्चतर माध्यमिक अध्यापकों के प्रशिक्षण हेतु संसाधन व्यक्तियों का 3 दिन और मिजोरम के शीर्ष संदर्भ व्यक्तियों के लिए 3 दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए। अन्य गतिविधियाँ जो परिषद् ने संपन्न कीं उनमें ये शामिल थीं – विज्ञान एवं गणित में रुचि बढ़ाने तथा प्रतिभा विकसित करने हेतु इन विषयों संबंधी विद्यालयेतर कार्य कलाप आयोजित करना और विद्यालय में विज्ञान-प्रयोगशालाओं के प्रभावी उपयोग का अध्ययन जिससे विद्यालयों में प्रयोगशालाओं की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाया जा सके। परिषद् ने राज्य/संघ शासित क्षेत्रों के स्तर पर योजना के कार्यान्यवन में रत ''नोडल'' अभिकरणों के प्रतिनिधियों की 31 अक्तूबर और 1 नवंबर, 1988 को बैठक आयोजित की तथा इस योजना के अंतर्गत कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए राज्य/संघ शासित क्षेत्रों को तकनीकी सहायता प्रदान की।

परिषद् ने प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए विज्ञान किट के विकास संबंधी कार्यों को जारी रखा। प्राथमिक विज्ञान किट और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के समेकित विज्ञान किट के मैनुअल मुद्रित किए । अन्य गतिविधियाँ जो हाथ में ली गईं उनमें भारतीय – जर्मन परियोजना ''मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विज्ञान शिक्षण के सुधार'' के अंतर्गत मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के विद्यालयों में विज्ञान पढ़ाने वाले शिक्षकों का सर्वेक्षण और मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों और प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में विज्ञान किट और उपकरण की स्थिति का सर्वेक्षण, विज्ञान किट की मदों के निर्माण, विशेष विवरण और ड्राइंग पर विस्तृत आलेख एवं अध्यापक हैंडबुक का निर्माण सम्मिलित है ।

विद्यालयों में विज्ञान – शिक्षण को अधिक क्षमतापूर्ण बनाने के लिए रा.शै.अ.प्र.प. ने अध्यापक संदर्शिका, प्रयोगशाला मैनुअल, सहायक पाठ्यसामग्री, और लोकप्रिय विज्ञान सामग्री तैयार की। जम्मू एवं काश्मीर सरकार के सहयोग से रा.शै.अ.प्र.प. ने जम्मू में बालकों के लिए 17 वीं राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की।

विद्यालयों में कम्प्यूटर साक्षरता और अध्ययन (सी.एल.ए.एस.एस. क्लास)

विद्यालयों में कम्प्यूटर साक्षरता और अध्ययन (क्लास) परियोजना के अंतर्गत रा.शै.अ.प्र.प. तथा अन्य संसाधन केन्द्रों ने विद्यालयी अध्यापकों के लिए अनेक उच्च स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। 1988 में क्लास परियोजना के अंतर्गत विद्यालयों की कुल संख्या 2322 हो गई थी। 88–89 के दौरान, इस परियोजना में 380 और विद्यालय शामिल हुए। परियोजना में भाग लेने वाले नए विद्यालयों के अध्यापकों के लिए संसाधन केन्द्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। 1988 में इस परियोजना में लगभग 1325 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया। परिषद् ने कम्प्यूटर से परिचित कराने के लिए सहकारिता के मुख्य प्रशासकों तथा प्रधानों के लिए 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया। साफ्ट वेयर डिजाइन में दो प्रारंभिक पाठ्यक्रम और साफ्ट वेयर मूल्यांकन के लिए मापदंड के विकास हेतु एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस परियोजना में 53 संसाधन केन्द्र खोले गए। परियोजना में भाग लेने वाले विद्यालयों को तकनीकी सहयोग दिया गया। इन विद्यालयों हेतु साफ्टवेयर पैकेज उपलब्ध कराने तथा प्रतिभागी विद्यालयों में उपयोग हेतु देशीय साफ्टवेयर पैकेज के चुनाव के लिए आवश्यक कदम उठाए गए। नए विद्यालयों में आपूर्ति के लिए कुल मिलाकर लगभग 22 देशीय साफ्टवेयर पैकेज चुने गए।

शिक्षा का व्यावसायीकरण

परिषद् ने उच्चतर माध्यमिक स्तर पर शिक्षा के

व्यावसायीकरण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों के नियोजन और कार्यान्वयन के लिए राज्यों को आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए अनेक गतिविधियाँ हाथ में लीं। +2 स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा दे रहे राज्यों के शीर्ष कार्मिकों तथा उन राज्यों के लिए 8 अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए, जो उच्चतर माध्यमिक स्तर पर शिक्षा के व्यावसायीकरण संबंधी कार्यक्रम प्रारम्भ करने की योजना बना रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से दिल्ली संघ शासित क्षेत्र एवं हिमाचल प्रदेश, केरल, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और उ. पूर्वी क्षेत्रों के राज्यों के लगभग 440 शीर्ष व्यक्तियों को उच्चतर माध्यमिक स्तर पर शिक्षा व्यावसायीकरण के कार्यान्वयन के विभिन्न पहलुओं से अभिविन्यासित किया गया। परिषद् ने विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों की अनुदेशी सामग्री के विकास पर दो अभिनवीकरण कार्यक्रम, जिला व्यावसायिक सर्वेक्षण के दो कार्यक्रमों और व्यावसायिक शिक्षकों के प्रशिक्षण समन्वयकों तथा संदर्भ व्यक्तियों के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए । लगभग 160 प्रतिभागियों ने इन कार्यक्रमों में भाग लिया। परिषद् ने न्यूनतम व्यावसायिक क्षमता पर आधारित पाठ्यचर्या तैयार करने तथा व्यवसायिक पाठ्यक्रमों और शिक्षा व्यवसायीकरण के कार्यक्रमों के विभिन्न पहलुओं के कार्यान्यिवन हेतु विशद मार्गदर्शिका तैयार करने की गतिविधियों को जारी रखा। परिषद् ने व्यापार अध्ययन उद्यम वृत्ति की आदर्श पाठ्यचर्या, न्यूनतम क्षमताओं पर आधारित मुद्रण टेक्नालोजी और जिल्दसाजी की पाठ्यचर्या, विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में अनुदेशी सामग्री, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के प्रचार हेतु पुस्तिकाएँ (फोल्डर्स) और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों संबंधी 10 वीडियो कार्यक्रमों के लिए आलेख तैयार किए।

अध्यापक शिक्षा

अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में रा.शै.अ.प्र.प. ने आलोच्य वर्ष में इन तीन अनुसंधान परियोजनाओं को पूरा किया (i) भारत में अध्यापकों की स्थिति का अध्ययन (ii) विभिन्न प्रशिक्षण कार्य नीतियों के सापेक्ष प्रभाव का अध्ययन तथा (iii) अ.जा./अ.जन. जाति और गैर अ.जा./अनु.जन.जा. के छात्राध्यापको की उपलब्धि के साथ-साथ स्वतः धारण, अभिरुचि एवं समायोजन के संबंध का अध्ययन। अध्यापक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं में अनुसंधान के संवर्धन हेतु परिषद् ने 29 अगस्त से 30 सितम्बर, 1988 तक अनुसंधान परियोजनाओं के नियोजन और अभिकल्पना पर एक कार्यशाला आयोजित की। इसमें 34 अध्यापक शिक्षक प्रशिक्षकों ने भाग लिया। परिषद् ने उन प्रभावशाली अध्यापन कार्य नीतियों को प्रसारित करने के लिए 21 से 26 नवंबर, 1988 तक विस्तार कार्यक्रम आयोजित किया, जिनको प्रशिक्षण की विभिन्न कार्यनीतियों के सापेक्ष प्रभाव को जानने के लिए किए गए अनुसंधान अध्ययन द्वारा पता लगाया था। इस कार्यक्रम में 31 अध्यापक प्रशिक्षक आए।

परिषद् राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन.सी.टी.ई.) के सचिवालय के रूप में कार्य करती रही तथा इसने एन.सी.टी.ई. के विभिन्न कार्यकलापों को समन्वित किया। इस दौरान *अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या – एक संरचना* नामक दस्तावेज को संशोधित किया गया। अध्यापक शिक्षा के लिए संशोधित पाठ्यचर्या संरचना का प्रारूप बनाने के लिए एक समिति गठित की गई। 14 से 15 नवंबर 1988 तक हुए अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या पर हुए सम्मेलन में इस समिति द्वारा तैयार किए गए प्रारूप रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। इस सम्मेलन में दिए गए सुझावों के आधार पर रूपरेखा में परिवर्तन किए गए और इसे अंतिम रूप दिया गया।

चार वर्षीय अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम तथा + 2 स्तर पर अध्यापकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का डिजाइन तैयार करने के लिए भी कार्य आरंभ किए गए। चार वर्षीय अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम पर 11 से 13 मई, 1988 तक समिति की बैठक हुई। इस समिति द्वारा विकसित 4 वर्षीय अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम का डिजाइन क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों के शिक्षा संकायों के अध्यक्षों को उनकी राय के लिए भेजा गया। इसके अलावा, उच्चतर माध्यमिक अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम की पाठ्यचर्या रूपरेखा तैयार करने के लिए 18 से 20 जुलाई, 1988 तक एक बैठक हुई और अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं में

प्रवेश बिन्दु पर 1 से 4 नवंबर 1988 तक तथा 17 दिसंबर, 1988 को समिति की दो बैठकें हुईं। अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं के संदर्भ में चयन मापदंड और प्रवेश पद्धतियों को अंतिम रूप दिया गया।

परिषद् ने जिला शिक्षा संस्थान की स्थापना के लिए राज्यों/संघीय क्षेत्रों को तकनीकी सहायता प्रदान की। डी.आई.ई.टी./ और सी.टी.ई./टी.ए.एस.ई. के परियोजना दस्तावेज को संशोधित करने और राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् को सशक्त बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने की जिम्मेदारी ली।

रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा चलाए जा रहे चार क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों में चार वर्षीय बी.ए.एड. /बी.ए.बी.एड. का समेकित अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम और बी.एस/सी.एड. या बी.एस/सी. (आनर्स/पास) बी.एड.उपाधि एक वर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम और एक वर्षीय एम.एड. पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं। भुवनेश्वर और मैसूर के क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों में दो वर्ष के एम.एस/सी.एड. पाठ्यक्रम भी चलाए जाते हैं। क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों में विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अनेक विस्तार कार्यक्रम/कार्यशालाएं/बैठकें/गोष्ठियां आयोजित की गईं। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय ने विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा से संबंधित अनुसंधान अध्ययन किए। पी/एच.डी. की उपाधि के लिए अनुसंधान कार्य हेतु क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों ने विद्वानों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

महिला समानता संबंधी शिक्षा

रा.शै.अ.प्र.प. ने महिला समानता की शिक्षा बढ़ाने के लिए अनेक कार्यक्रम तथा परियोजनाओं को हाथ में लिया। महिला शिक्षा तथा विकास की विधि हेतु कार्य परक अनुसंधान परियोजना आरंभ की गई। इसी प्रकार से स्त्री-पुरुष की समानता को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय पर आधारित कार्यक्रम बनाने की एक अन्य कार्य शोध परियोजना भी आरंभ की गई। महिला शिक्षा और विकास के कार्यों हेतु डेटा बैंक बनाने के लिए बालिकाओं की शिक्षा का स्थितिजनक विश्लेषण किया गया जिसमें बालिकाओं के सामाजिक-आर्थिक, शैक्षिक स्तर के विशद आंकड़े दिए गए।

महिला समानता की शिक्षा के संवर्धन हेतु अनुदेशी/प्रशिक्षण सामग्री के विकास के लिए अनेक कार्यकलाप किए गए। अनुदेशी/प्रशिक्षण सामग्री के अतंर्गत अंग्रेजी में उदाहरणात्मक स्रोत सामग्री तथा जागरूकता उत्पन्न करने के लिए क्षेत्रीय भाषाओं, असमिया, बंगला, गुजराती, हिन्दी, उड़िया और तेलुगु में सामग्री भी तैयार की गई। इसके अतिरिक्त परिषद् ने अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या में महिला समानता की शिक्षा से संबंधित विचारों को सम्मिलित करने का कार्य आरंभ किया और महिला समानता की शिक्षा के संवर्धन के कार्यक्रमों को मोनीटर करने और पाठ्यपुस्तकों में से लिंग भेद के निवारण के लिए मार्गदर्शिकाएँ तैयार करने के लिए मोनीटरिंग और मूल्यांकन पर प्रपत्र बनाया।

महिला समानता शिक्षा के प्रभावी कार्यान्वयन की प्रक्रिया के निर्धारण और शिक्षा द्वारा महिलाओं को समर्थ बनाने के लिए 'कार्ययोजना' तैयार करने हेतु 1988-89 में तीन क्षेत्रीय व एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। परिषद् ने उ.प्र. में विद्यालयों के लिए महिला समानता के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए विद्यालयों/महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों की एक क्षेत्रीय कार्यशाला, महिला समानता हेतु जिला स्तर के शैक्षिक प्रशासकों की दो कार्यशालाएँ तथा मणिपुर और दमन में शीर्ष व्यक्तियों हेतु एक-एक कार्यशाला आयोजित की। इन कार्यशालाओं में महाविद्यालयों ओर विद्यायलों के प्रधानाचार्यों, शैक्षिक प्रशासकों तथा महिला संबंधी अध्ययन क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भाग लिया।

1988-89 में परिषद् ने अनुदेशी प्रशिक्षण सामग्री तैयार करने और राज्य/संघशासित क्षेत्रों के प्रमुख कार्यकर्ताओं के महिला समानता की शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अभिविन्यास हेतु कुल 21 कार्यशाला/अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए। कुल 794 शीर्ष कार्यकर्त्ताओं और अध्यापकों, शिक्षक प्रशिक्षकों तथा प्रधानाचार्यों का महिला समानता शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर

अभिविन्यासकरण किया गया। परिषद् ने महिला अध्ययन केन्द्र एकक स्थापित करने के लिए राज्यों/संघीय क्षेत्रों को तकनीकी सहायता प्रदान की।

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन जातियों की शिक्षा

रा.शै.अ.प्र.प. ने अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए अनुसंधान और विकासात्मक कार्यकलाप जारी रखे। इस वर्ष उ.प्र. में कक्षा–10 के अनुसूचित जातियों और गैर-अनुसूचित जाति के छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन पूरा किया। अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के छात्रों हेतु मैट्रिक पूर्व छात्रवृत्तियों का मूल्यांकन परक अध्ययन जारी रहा। इस वर्ष 11 राज्यों की रिपोर्ट (अनुसूचित जनजाति, क्लस्टर-1) तैयार कर ली गई है। क्लस्टर 1 (अनुसूचित जाति) की प्रारुप रिपोर्ट भी तैयार की गई है। क्लस्टर- 2 (अ.जा./अ.जन.जा.) के संबंध में आंकड़ों को एकत्रित किया जा रहा है।

परिषद् ने आदिवासी क्षेत्रों की बोलियों में प्रवेशिका/पाठ्यपुस्तक तैयार करना जारी रखा। क्षेत्रीय भाषा की लिपि का उपयोग करते हुए सात आदिवासी बोलियों में प्रवेशिका तैयार करने के लिए दो कार्यकारी दलों की बैठकें तथा दो कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। इस संबंध में निम्नलिखित प्रवेशिकाएँ तैयार की गईं (i) तमिलनाडु के इरूला जनजाति के बच्चों के लिए तमिल लिपि में इरूला आदिवासी बोली में कक्षा 1 की प्रवेशिका (ii) आंध्र प्रदेश के गोंडी जन जाति के बच्चों के उपयोग हेतु तेलुगु लिपि में गोंडी बोली की कक्षा-2 हेतु प्रवेशिका (iii)बिहार की पाँच जन जातियों अर्थात्, संथाल, हो/मुंडारी, खड़िया और कुरूख के उपयोग के लिए देवनागरी लिपि में इन पांच बोलियों की कक्षा-1 और –2 की प्रवेशिकाएँ। संथाल, हो/मुंडारी, खड़िया और कुरूख जनजातियों के लिए केन्दीय भातीय भाषा संस्थान (सी.आई.एल.एल.) मैसूर के सहयोग से प्रवेशिकाएँ तैयार की जा रही है।

परिषद् ने अनुसूचित जातियों के लिए शैक्षिक विकास संबंधी ग्रंथ सूची बनाने की परियोजना शुरू की है। इस अवधि में संदर्भ शीर्षकों के संकलन का कार्य पूरा हो गया है।

शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों की शिक्षा

परिषद् ने शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्प संख्यक वर्गों, विशेषतः मुस्लिम वर्ग द्वारा चलाए जा रहे विद्यालयों के अध्यापकों और प्रधानाचार्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए तकनीकी व वित्तीय सहायता प्रदान करना जारी रखा ताकि इन विद्यालयों का शैक्षिक स्तर ऊँचा उठाया जा सके। इस वर्ष परिषद ने शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों द्वारा संचालित विद्यालयों के प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों के लिए 3-3 दिवसीय संगोष्ठी सह-कार्यशाला आयोजित की इनमें 58 प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। इसके अलावा, परिषद् ने इन विद्यालयों के कैरियर अध्यापकों के लिए 25 दिन का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम चलाया। व्यावसायिक मार्ग दर्शन संबंधी अध्यापकों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम और विज्ञान तथा गणित अध्यापकों के लिए 10 दिन के दो अटैचमेंट कार्यक्रम चलाए। परिषद् ने अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थाओं के अध्यापकों के प्रशिक्षण हेतु स्थापित क्षेत्रीय स्रोत केन्द्रों को तकनीकी एवं वित्तीय सहायता देना जारी रखा।

विकलांग बच्चों की शिक्षा

रा.शै.अ.प्र.प. ने विकलांग बच्चों की शिक्षा हेतु अनेक कार्य किए। यूनिसेफ सहायता प्राप्त विकलांग बच्चों की समेकित शिक्षा परियोजना के अंतर्गत विकलांग बच्चों की शिक्षा के लिए संदर्भ विशिष्ट कार्यनीतियों के विकास हेतु अनेक कार्य किए गए। 1988 में पी.आई.ई.डी. का कार्यान्वयन इन राज्यों में किया गया – हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, नागालैंड, उड़ीसा, राजस्थान और तमिलनाडु। पी.आई.ई.डी. के अंतर्गत की गई मुख्य गतिविधियाँ इस प्रकार हैं : विकलांग बच्चों की पहचान और निर्धारण, पाठ्यचर्या समायोजन और अनुदेशी विधियों तथा सामग्री का अनुकूलन, विकलांग बच्चों के लिए अनुदेशी सामग्री का विकास, क्षीण दृष्टि वाले बच्चों की शिक्षा के संबंध में मार्गदर्शिका का विकास तथा शैक्षिक प्रशासकों और अध्यापकों

का प्रशिक्षण।

विकलांग बच्चों की शिक्षा हेतु वीडियो कार्यक्रम का संक्षिप्त ब्यौरा (ब्रीफ) तैयार करने के लिए 12 और 13 मई, 1988 को एक कार्यशाला आयोजित की गई। सीखने संबंधी असमर्थता, अधिगम विकृति, देखने और सुनने की कभी मानसिक विकलांगता संबंधी विषयों पर वीडियो कार्यक्रमों के संक्षिप्त ब्यौरे इस कार्यशाला के दौरान बनाए गए। परिषद् ने कम गतिविषयक नियंत्रण वाले बच्चों के लिए कम्प्यूटर द्वारा देवनागरी लिपि में पढ़ाने के लिए कम्प्यूटर कार्यक्रम तैयार करने की रूपरेखा बनाई। अन्य गतिविधियों में अधिगम विकलांगता की पहचान की विधियाँ तैयार करना तथा सामान्य अध्यापकों के लिए विशेष शिक्षा पाठ्यचर्या का विकास था। इनके अतिरिक्त, विकलांग बच्चों की शिक्षा संबंधी तीन अनुसंधान अध्ययन/सर्वेक्षण किए गए। इन सर्वेक्षणों/अनुसंधान अध्ययनों में विकलांग बच्चों की शिक्षा योजना के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा, विभिन्न एजेंसियों द्वारा विकसित अनुदेशी सामग्री का सर्वेक्षण तथा आई.ई.डी. तथा विशेष विद्यालयों में पढ़ रहे श्रवण दोष वाले बच्चों की भाषिक सक्षमता का पता लगाने के लिए अध्ययन सम्मिलित थे। विकलांग बच्चों की शिक्षा से संबंधित जानकारी का आदान-प्रदान तथा इसके प्रसार के लिए त्रैमासिक समाचार पत्र ''कम्यूनिकेशनः इक्वल एजुकेशनल अपरच्युनिटी'' के चार अंक प्रकाशित किए गए तथा उन अभिकरणों/विद्यालयों को भेजे गए है, जो इन बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु कार्यक्रमों में रत हैं।

परिषद् ने पी.आई.ई.डी. परियोजना दल के सदस्यों तथा शैक्षिक प्रशासकों के लिए चार अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए। 61 व्यक्ति इस कार्यक्रम में आए इसके अलावा पी.आई.ई.डी. के अंतर्गत आने वाले खंडों के अध्यापकों हेतु 8 प्रथम स्तर तथा दो द्वितीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए।इन विकलांग बच्चों को पहचानने तथा शिक्षा की प्रबंध की विधि के लिए प्रशिक्षण के इन कार्यक्रमों के माध्यम से 1,545 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया।

शैक्षिक प्रौद्योगिकी का उपयोग

शैक्षिक प्रौद्योगिकी के उपयोग हेतु अनेक कार्यकलाप किए गए। राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थानों के सहयोग से केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान ने शैक्षिक प्रौद्योगिकी की उपयोगिता संबंधी अनेक कार्यकलाप किए, जिनमें शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने में रेडियो और दूरदर्शन के उपयोग और शिक्षा की व्यापक पहुँच शामिल है, हाथ में लिए गए। सी.आई.ई.टी. और एस.आई.ई.टी. इन्सैट - 1 बी द्वारा वर्ष में 210 कार्यकारी दिवसों पर 3 घंटे तक प्रातः 45 मिनट के कार्यक्रम बनाती हैं। ये कार्यक्रम 5 क्षेत्रीय भाषाओं-हिन्दी, गुजराती, मराठी उड़िया और तेलुगु में समय विभाजन के आधार पर (प्रत्येक 45 मिनट) संचारण हेतु दिए गए तथा हर भाषा का कार्यक्रम 45 मिनट का था। के. शै. प्रौ.सं. ने हिन्दी में 90 शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रम बनाए। उनमें से 65 का उड़िया भाषा में रूपांतरण किया। इनमें 36 कार्यक्रम 5 से 8 वर्ष, 34 कार्यक्रम 9 से 11 वर्ष के आयुवर्ग के बच्चों तथा 16 कार्यक्रम अध्यापकों के लिए और 4 सामान्य कार्यक्रम बनाए गए। संध्या को दिल्ली दूरदर्शन केन्द्र सप्ताह में दो बार केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान के चुने हुए कार्यक्रमों को प्रसारित करता है। समस्त देश में 150 से भी अधिक ट्रांसमीटरों से इन कार्यक्रमों को रिले किया जाता है। 1986-87 और 1987–88 में के.शै.प्रौ.सं. ने जिस प्रकार विद्यालयी शिक्षकों के बहुल अभिविन्यास कार्यक्रम (पी.एम.ओ.एस.टी.) के शैक्षिक टी.वी. का भाग प्रस्तुत किया था उसी प्रकार 1988 में भी उसे जारी रखा।

के.शै.प्रौ.सं. ने देश के दूरदर्शन कार्यक्रमों के निर्माण की सक्षमता उत्पन्न करने के लिए सात प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इस वर्ष वीडियो संपादन, शैक्षिक टी.वी. कार्यक्रम निर्माण एवं तकनीकी प्रचालन, कैमरा और ध्वनि रिकार्डिंग, स्टुडियो में कार्यक्रम निर्माण तथा बी.सी.एन. 51 अनुरक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। सी.आई.ई.टी. ने यूनेस्को पैरिस द्वारा प्रायोजित परियोजना के अंतर्गत एशियाई देशों में संचार माध्यमों का दूरस्थ शिक्षा में उपयोग और विकास के विश्लेषण के भाग

1988-89

रूप में ''इन्सैट फॉर एजुकेशन'' योजना के विस्तृत केस स्टडी को अंतिम रूप दिया।

के.शै.प्रौ.सं. ने 76 नए श्रव्य कार्यक्रम भी निर्मित किए। इनमें 34 भारतीय समान सांस्कृतिक परंपरा पर, 4 स्वतंत्रता आंदोलन पर, 3 पंडित जवाहर लाल नेहरू के अपनी पुत्री को लिखे गए पत्रों पर आधारित तथा 21 बालगीत, 9 पाठ्यचर्या आधारित कार्यक्रम और 5 राष्ट्रीय पहचान के कार्यक्रम थे। क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, मैसूर ने भी कुछ श्रव्य कार्यक्रम बनाए। के.शै.प्रौ.सं. ने म.प्र. के होशंगाबाद जिले के 450 विद्यालयों में श्रव्य टेपों का उपयोग करते हुए प्राथमिक स्तर पर प्रथम भाषा के रूप में हिन्दी शिक्षण परियोजना के विस्तार कार्य को समर्थन दिया।

के.शै. प्रौ.सं. द्वारा किए गए अन्य कार्य इस प्रकार हैं-भूगोल की ''भूमि और जन जीवन'' (लैंड एंड पीपल) नामक शृंखला में पश्चिमी तटों पर 16 मिमी की तीन फिल्मों और अनौपचारिक शिक्षा पर फिल्म निर्माण, आइजोल (मिजोरम) में 21 से 24 सितम्बर, 1988 तक शैक्षिक फिल्म उत्सव का आयोजन, नवीं एवं दसवीं कक्षा की पाठ्यचर्या के अनुरूप शृंखला 2 के अंतर्गत जीव विज्ञान के 18 चार्ट तैयार करना। शृंखला-1 के अंतर्गत 22 जीव विज्ञान के चार्ट मुद्रित कर लिए हैं और उन्हें राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को अनुकूलन/स्वीकरण हेतु भेज दिया है। के.शै.प्रौ.सं. ने इससे अहमदाबाद में जनवरी, 1988 में आयोजित प्रथम शैक्षिक वीडियो उत्सव की रिपोर्ट भी निकाली है।

इसके अलावा के.शै.प्रौ.सं. ने सात अनुसंधान/मूल्यांकन अध्ययन किए। इनमें शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रमों के बारे में बच्चों से प्राप्त फीडबैक का अध्ययन करना, विभिन्न श्रेणियों के दर्शकों की अभिरुचि ओर उनके मत जानने के लिए उनसे प्राप्त पत्रों की विषयवस्तु का विश्लेषण करना, उ.प्र. के इन्सैट जिलों में शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रम के अपयोग के लिए नमूने के तौर पर सर्वेक्षण करना। गुजरात और महाराष्ट्र के चुने हुए इन्सैट जिलों में दूरदर्शन के उपयोग का केस अध्ययन करना। पी.एम.ओ.एस.टी. शिविरों में शैक्षिक दूरदर्शन के उपयोग का अध्ययन करना। तमिलनाडु में खुले विद्यालयों का गहराई से केस अध्ययन करना और श्रव्य कार्यक्रमों का क्षेत्र परीक्षण सम्मिलित है।

नवोदय विद्यालयों को तकनीकी सहायता

रा.शै.अ.प्र.प. ने 1988-89 के शैक्षिक सत्र के लिए नवोदय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा ली। 1988-89 में कुल 256 नवोदय विद्यालय थे। देश के 256 जिलों में फैले 2,980 समुदायिक विकास खंडों के 3,241 केन्द्रों में 18 भाषाओं में ये परीक्षाएँ ली गईं। 18 भाषाओं में परीक्षा पुस्तिकाएँ मुद्रित की गईं और रा.शै.अ.प्र.प. के क्षेत्र सलाहकारों के कार्यालयों के माध्यम से विभिन्न केन्द्रों को वितरित की गईं। इन परीक्षाओं में 4,63,960 अभ्यर्थियों के नाम पंजीकृत किए गए जिनमें से 3,70,379 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे। कुल 14,769 अभ्यर्थियों को नवोदय विद्यालयों में प्रवेश दिया गया। इनमें से 11059 (75%) ग्रामीण क्षेत्र से आए जबकि 3,710 (25%) अभ्यर्थी शहरी क्षेत्र के थे। चुने गए छात्रों में 10,001 (68%) लड़के और 4768 (32%) लड़कियाँ थीं। नवोदय विद्यालयों में चुने गए अभ्यर्थियों में से 1,775 (19%) अनुसूचित जाति तथा 1,638 (11%) अनुसूचित जन जाति से संबंधित थे। 655 अनुसूचित जाति तथा 551 अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी सामान्य योग्यता के आधार पर चुने गए। चयन परीक्षा के अलावा, परिषद् ने छात्रों के सामाजिक-आर्थिक स्तर तथा 1986 तक स्थापित नवोदय विद्यायलों में उपलब्ध भौतिक सुविधाओं का अध्ययन भी किया।

शैक्षिक सर्वेक्षण

परिषद् ने पाँचवें अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण की प्रारंभिक रिपोर्ट प्रकाशित की। इस सर्वेक्षण की संदर्भ तिथि - 30 सितंबर, 1986 थी। सर्वेक्षण में तीन प्रश्नावलियाँ थीं:

(1) गाँव की सूचना का फार्म (2) शहरी सूचना का फार्म (3) विद्यालयी सूचना का फार्म । पहली दो प्रश्नावलियों के माध्यम से सभी गांवों और शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध विद्यालय तथा प्राथमिक पूर्व शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा और प्रौढ़ शिक्षा की सुविधाओं संबंधी आंकड़े एकत्रित किए गए। विद्यालय की सूचना (के) फार्म के माध्यम से सभी विद्यालयों के छात्रों, अध्यापकों, भवनों और उनमें उपलब्ध सुविधाओं, अपकरणों आदि के आँकड़े एकत्रित किए गए। सबसे पहले खंड/तहसील स्तर पर आंकड़ों का समाकलन किया तत्पश्चात् खंड तालिकाओं से जिला स्तर की तालिकाएँ तैयार की गईं/ जिला स्तर की तालिकाएँ बनाई गईं और अंत में रा.शै.अ.प्र.प. में विभिन्न राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों से प्राप्त राज्य तालिकाओं से राष्ट्रीय स्तर की तालिकाएँ बनाई गईं।

आशा है कि शैक्षिक विकास के लिए शैक्षिक नियोजन में, विशेषतः आठवीं पंचवर्षीय योजना के प्रतिपादन में इस सर्वेक्षण के आंकड़ों का उपयोग किया जाएगा। ये आँकड़े खंड स्तर पर सूक्ष्म नियोजन के निष्पादन तथा जिला स्तर पर शैक्षिक नियोजन के लिए प्रयुक्त किए जा सकते हैं। यह भी आशा है कि पांचवे अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के कार्यान्वयन के संदर्भ में आरंभ की गई विभिन्न योजनाओं जैसे – आपरेशन ब्लैक बोर्ड और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के व्यावसायीकरण के प्रभावी कार्यान्वयन में सहायता मिलेगी।

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज

रा.शै.अ.प्र.प. ने 8 मई, 1988 को राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए द्वितीय-स्तर की परीक्षा ली। प्रथम स्तर पर परीक्षा राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों द्वारा ली गई थी। द्वितीय स्तर की परीक्षा में 3,104 छात्र बैठे जिनमें से 750 छात्र छात्रवृत्ति के लिए चुने गए। इनमें 70 अनु. जाति/अनु.जन जाति के थे।

शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और निर्देशन

रा.शै.अ.प्र.प. ने शैक्षिक और व्यावसायिक निर्देशन के क्षेत्रों में अनेक कार्यकलाप किए। इस क्षेत्र में शैक्षिक और व्यावसायिक नियोजन संबंधी और शिलांग के आसपास आदिवासी क्षेत्र के हाई स्कूल छात्रों की चुनी हुई अकादमिक मनोवैज्ञानिक और गृह परिपेक्ष्य अस्थितरताओं का अध्ययन किया। इस वर्ष 2 स्तर के छात्रों का व्यवसाय संबंधी व्यवहार और शैक्षिक और व्यवसायिक धाराओं में सामंजस्य तथा दिल्ली के व्यावसायिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए निर्देशन कार्यक्रम का विकास नामक अनुसंधान परियोजना जारी रही। परिषद् में शैक्षिक और व्यावसायिक मार्ग दर्शन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम जारी रखा। 1 अगस्त, 1988 को यह पाठ्यक्रम आरंभ किया गया। इस पाठ्यक्रम में 37 प्रशिक्षणार्थियों को प्रवेश दिया गया। इसके अलावा, कुछ अल्पकालिक संवर्धन/प्रशिक्षण पाठ्यक्रम चलाए गए। इनमें दो संवर्धन पाठ्यक्रम अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए अधिगम और विकास से संबंधित थे। प्रारंभिक विद्यालयों में बच्चों में सर्जनात्मक क्षमता की पहचान एवं उसे प्रोत्साहित करने के लिए अध्यापक शिक्षाविदों का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कक्षा व्यवस्था में व्यवहारात्मक परिवर्तनों हेतु दो प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा उ.प्र. में इंटर मीडिएट कालेजों के मनोविज्ञान-अध्यापकों के दो संवर्धन पाठ्यक्रम आयोजित किए गए।

रा.शै.अ.प्र.प. ने 10 से 12 दिसंबर, 1988 तक बाल केन्द्रित शिक्षा पर राष्ट्रीय विचारगोष्ठी आयोजित की। इस गोष्ठी में 160 प्रख्यात शिक्षाविद्, मनोवैज्ञानिक, शैक्षिक प्रशासकों आदि ने भाग लिया। परिषद् ने बंगलौर में 8 फरवरी, 1989 तक मार्गदर्शन संबंधी राज्य ब्यूरो के अध्यक्षों का अखिल भारतीय सम्मेलन भी आयोजित किया। इस संदर्भ में किए गए अन्य कार्यकलाप इस प्रकार से थे – कक्षा सैटिंग में व्यवहार परिवर्तन की तकनीकों पर प्राथमिक अध्यापकों तथा अध्यापक शिक्षकों हेतु शिक्षण मैनुअल का विकास, प्राथमिक अध्यापक शिक्षकों के लिए अधिगम और विकास पर मैनुअल तैयार करना तथा प्राथमिक विद्यालयी बच्चों की सर्जनात्मक क्षमता के पोषण की हैंडबुक बनाना।

1988-89

शैक्षिक अनुसंधान को प्रोत्साहन

रा.शै.अ.प्र.प. की शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (एरिक) ने विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान परियोजनाओं को जारी रखा। 1988-89 के दौरान एरिक द्वारा समर्थित 49 अनुसंधान परियोजनाएं पूरी की गईं। इसमें रा.शै.अ.प्र.प. के विभिन्न घटकों की 31 परियोजनाएँ और बाहरी अनुसंधान संस्थाओं की 18 परियोजनाएँ सम्मिलित हैं। 1988-89 के दौरान रा.शै.अ.प्र.प. के घटकों की 6 अनुसंधान परियोजनाएँ और बाहरी अनुसंधान संस्थाओं की चार अनुसंधान परियोजनाएँ जारी रहीं।

चतुर्थ शैक्षिक अनुसंधान सर्वेक्षण की पांडुलिपि को अंतिम रूप दिया गया और प्रकाशन हेतु भेजा गया।

शैक्षिक शोध की कोटि में सुधार हेतु परिषद् ने दो क्षेत्रीय संगोष्ठी आयोजित की। कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर में उत्तरी क्षेत्र की पहली क्षेत्रीय संगोष्ठी 11 से 15 जुलाई, 1988 तक आयोजित की। इसमें 22 अनुसंधान कर्त्ताओं ने भाग लिया और विश्वविद्यालयों, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषदों तथा अन्य अनुसंधान संस्थाओं में किये जाने वाले अनुसंधान कार्य के लिए अनेक समस्याओं और मापदंड का निर्धारण किया गया। दूसरी क्षेत्रीय संगोष्ठी कोयम्बटूर में दक्षिण क्षेत्र के लिए 27 सितंबर से 3 अक्तूबर, 1988 तक आयोजित की। इस संगोष्ठी में 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त अनुसंधान विधि के संशोधित पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए 8 से 12 दिसंबर, 1988 तक कार्यशाला आयोजित की। इसमें 17 विशेषज्ञों ने भाग लिया और विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु अनुसंधान विधि के लिए पाठ्यक्रम के तीन विभिन्न स्तरों के लिए रूप रेखा तैयार की।

1988-89 के दौरान, 17 पी/एच.डी. शोध निबंध एरिक की वित्तीय सहायता से प्रकाशित किए गए। 19 पी.एच.डी. शोध निबन्धों के प्रकाशन हेतु वित्तीय सहायता अनुमोदित की गई।

जनसंख्या शिक्षा

रा.शै.अ.प्र.प. ने राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के कार्यान्वयन को और अधिक गति देने के लिए अनेक कार्य आरम्भ किए। 1988-89 के दौरान, इस परियोजना के अंतर्गत विभिन्न विकासात्मक तथा प्रशिक्षण कार्यकलाप किए गए। 26 सितंबर से 1 अक्टूबर, 1988 तक जनसंख्या शिक्षा पर पाठों का सार संग्रह तैयार करने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें 29 प्रतिभागियों ने भाग लिया। बंगलौर में 10 से 14 अक्टूबर, 1988 तक राष्ट्रीय कार्यशाला (प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता) की गई। 40 प्रतिभागियों ने कार्यशाला में भाग लिया और इस कार्यशाला में राज्य स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तैयार की गई। इसके अतिरिक्त, मैसूर में 2 से 6 नवंबर, 1988 तक जनसंख्या शिक्षा परियोजना के अंतर्गत पी.पी.आर की बैठक हुई। 9 राज्यों के कार्मिकों ने इस बैठक में भाग लिया। विभिन्न राज्यों में परियोजना की प्रगति की समीक्षा की गई तथा 1989 के लिए कार्यवाही की योजना बनाई गई।

अनुदेशी सामग्री और पत्रिकाओं का प्रकाशन

पाठ्यपुस्तकों, सहायक पाठमालाओं, अभ्यास पुस्तिकाओं, अध्यापक संदर्शिकाओं, अनुसंधान मोनोग्राफ, पत्रिकाओं आदि का प्रकाशन रा.शै.अ.प्र.प. का एक महत्वपूर्ण कार्यकलाप है। अप्रैल से दिसंबर, 1988 तक की अवधि में विभिन्न श्रेणियों के 236 प्रकाशन निकाले गए। इनमें 61 नई पाठ्यपुस्तकें/अभ्यास पुस्तकें/निर्धारित सहायक पाठमालाएँ, 108 पाठ्य पुस्तकें/अभ्यास पुस्तिकाएँ/निर्धारित पाठमालाओं के पुनर्मुद्रण, अन्य सरकारी अभिकरणों के लिए 16 पाठ्यपुस्तकें/अभ्यास पुस्तिकाएँ/ 37 अनुसंधान मोनोग्राफ/रिपोर्ट और अन्य प्रकाशन तथा शैक्षिक पत्र पत्रिकाओं के 14 अंक सम्मिलित हैं। परिषद् ने विद्यालय शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर छात्रों के उपयोग हेतु अंग्रेजी और हिन्दी की पुस्तकों की कुछ नई श्रृंखलाएँ निकाली हैं। इनमें रीडिंग टू लर्न, लोटस सीरिज तथा पढ़ें और सीखें योजना सम्मिलित हैं। परिषद् 6 पत्र पत्रिकाएँ प्रकाशित करती रही – इंडियन एजुकेशनल रिव्यू (त्रैमासिक) प्राइमरी टीचर (त्रैमासिक), जरनल

ऑफ इंडियन एजुकेशन (द्वैमासिक), स्कूल साइंस (त्रैमासिक), प्राइमरी शिक्षक (हिन्दी में त्रैमासिक) और भारतीय आधुनिक शिक्षा (हिन्दी में त्रैमासिक)। रा.शै.अ.प्र.प. के पत्रिका प्रकोष्ठ ने शैक्षिक पत्रकारिता पर स्रोत पुस्तक विकास के लिए 3 कार्यशालाएँ आयोजित कीं। बाल साहित्य पर भारतीय आधुनिक शिक्षा के विशेष अंक की पांडुलिपि तैयार करने के लिए एक कार्यशाला आयोजित की।

प्रलेखन और सूचना सेवाएँ

रा.शै.अ.प्र.प. के पुस्तकालय, प्रलेखन और सूचना विभाग ने रा.शै.अ.प्र.प. के विभिन्न विभागों और एककों के अनुसंधान और विकास के कार्यकलापों को सहायता देना जारी रखा। यह विभाग मात्र रा.शै.अ.प्र.प. के संकाय सदस्यों की ही नहीं अपितु सारे देश के शोध विद्यार्थियों और शिक्षाविदों की भी सूचना संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। यहां शिक्षा और मनोविज्ञान संबंधी अनेक पुस्तकों और पत्रिकाओं तथा विद्यालय के सभी विषयों से संबंधित पाठ्यचर्या और संदर्भ सामग्री का संग्रह है। यह विभाग विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्षों, विद्यालय के पुस्तकालयों में प्रभारी अध्यापक और अध्यापक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के पुस्तकालयाध्यक्षों के सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहा। प्राथमिक स्तर के अध्यापक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के पुस्तकालयों के विकास पर त्रिवेन्द्रम में 12 से 16 दिसंबर, 1988 तक कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला में 38 प्रतिभागियों ने भाग लिया। परिषद् ने विद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्षों/विद्यालय पुस्तकालयों के प्रभारी अध्यापकों के लिए 9 से 18 दिसंबर, 1988 तक सेवा कालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, उड़ीसा को शैक्षिक सहायता प्रदान की।

राष्ट्रीय एकता प्रोत्साहन कार्यक्रम

रा.शै.अ.प्र.प. ने समूह गान की कला और तकनीक में अध्यापकों को प्रशिक्षित करने हेतु समूह गान शिविर लगाए। 1988-89 में विद्यालयी अध्यापकों को प्रशिक्षित करने के लिए 22 राज्य/क्षेत्रीय/राष्ट्रीय स्तर के समूह गान शिविर लगाए गए। इसके अतिरिक्त समूह गान कार्यक्रम को प्रोत्साहित करने के लिए क्षेत्रीय समितियाँ बनाई गईं।

विविध संस्कृतियों की समझ को प्रोत्साहन देने के लिए छात्रों में परस्पर आदान प्रदान कार्यक्रम के आयोजन की संभाव्यता जाँचने के लिए मार्गदर्शी अध्ययन किया गया। यह अध्ययन, एस.सी.ई.आर.टी. मिजोरम तथा एम.एस. विश्वविद्यालय, बड़ौदा के शिक्षा और मनोविज्ञान संकाय के साथ मिल कर किया गया। इस अध्ययन में 12 से 14 वर्ष की आयु वर्ग के एजल स्थित विद्यालयों के 20 मिजो छात्र तथा बड़ौदा में स्थित विद्यालयों में गुजराती छात्र लिए गए। दीपावली की 10 दिनों की छुट्टियों में मिजो छात्र गुजराती छात्रों के परिवारों के साथ रहे तथा क्रिसमस त्यौहार पर 10 दिनों की छुट्टियों में गुजराती छात्र मिजो छात्रों के परिवारों के साथ रहे।

अंतर्राष्ट्रीय संबंध

विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के कार्यान्वियन हेतु रा.शै.अ.प्र.प. एक मुख्य अभिकरण के रूप में कार्य करती रही। इस वर्ष, 13 देशों के शिष्टमंडल और विशेषज्ञ रा.शै.अ.प्र.प. में आए। परिषद् ने राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान महरगामा, श्रीलंका के संकाय सदस्यों के लिए 6 सप्ताह के दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। परिषद् ने आई.टी.ई.सी. कार्यक्रम के अंतर्गत अनौपचारिक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर सोमालिया के 4 महिला शिक्षाधिकारियों के लिए 6 मास का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। परिषद् ने बंगला देश के उन 12 व्यक्तियों (फैलो) के लिए 10 दिनों का फैलोशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जो अधिगम के न्यूनतम स्तरों पर आधारित प्राथमिक शिक्षा पाठ्यचर्या नवीकरण की प्रक्रिया के अध्ययन हेतु भारत आए थे। परिषद् ने यूनेस्को द्वारा प्रायोजित पाँच परियोजनाओं/अध्ययनों/कार्यक्रमों को हाथ में लिया तथा एपीड के सहायक केन्द्र और शैक्षिक नवाचार में

1988-89

राष्ट्रीय विकास समूह के सचिवालय की भूमिका निभाई। इस वर्ष यूनेस्को के तत्वावधान की निम्नलिखित परियोजनाओं/अध्ययनों/कार्यक्रमों को हाथ में लिया – विकासशील देशों में बायो टैक्नालॉजी अध्यापन परियोजना, प्राथमिक विद्यालयों में बहु श्रेणी शिक्षण पर राष्ट्रीय कार्यशाला प्राथमिक शिक्षा में बहुश्रेणी अध्यापन पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला पद्धतियों, तकनीकी और व्यवसायिक शिक्षा की प्रकृति एवं संरचनाओं में सुधार हेतु राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला, माध्यमिक विद्यालय (कक्षा 7 से 12 तक) की पाठ्यचर्या में पर्यावरण शिक्षा के आयाम का अध्ययन, माध्यमिक विद्यालय शिक्षकों के सेवापूर्व प्रशिक्षण की पाठ्यचर्या में पर्यावरण शिक्षा का अध्ययन। परिषद् ने 29 जून, 1988 को राष्ट्रीय विकास समूह की साधारण सभा गठित की। इस दौरान निम्नलिखित अन्य कार्य किए गए – शैक्षिक नवाचारों के लिए राज्य विकास समूहों की बैठक का आयोजन, राष्ट्रीय विकास समूह समाचार पत्र (न्यूज लैटर) का प्रकाशन तथा इंडिया एंड एपीड नामक विवरणिका का विकास। इस वर्ष रा.शै.अ.प्र.प. के 15 संकाय सदस्यों ने यूनेस्को तथा अन्य अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों जैसे – राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान संस्थान (एन.आई.ई. आर.) जापान द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया।

क्षेत्रीय सेवाएँ

रा.शै.अ.प्र.प. के 17 क्षेत्रीय सलाहकार कार्यालय राज्य/संघ शासित क्षेत्रों में अपने अधिकार क्षेत्र में संपर्क सूत्र का कार्य करते रहे। रा.शै.अ.प्र.प. के क्षेत्र सलाहकार कार्यालयों ने नवोदय विद्यालयों की स्थापना तथा इनमें प्रवेश हेतु चयन परीक्षा आयोजित करने में प्रमुख भूमिका निभाई। विद्यालयी अध्यापकों के बहुल अभिविन्यास में इन्होंने निर्णायक भूमिका अदा की। प्रत्येक क्षेत्रीय सलाहकार कार्यालय ने विद्यालयी शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अध्यापकों तथा अध्यापक शिक्षकों के कई अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए तथा राज्य स्तर पर खिलौना निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया।

1988-89 के दौरान, राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विभिन्न विभागों तथा रा.शै.अ.प्र.प. के अन्य संघटकों द्वारा किए कार्यकलापों/कार्यक्रमों के विस्तृत ब्यौरे परवर्ती अध्यायों में दिए गए हैं।

तीन शैशवकालीन देखभाल और शिक्षा

बच्चे के विकास, विद्यालय के लिए तैयारी तथा शैक्षिक अवसरों की समानता के संवर्धन में शैशवकालीन शिक्षा और देखभाल का व्यापक महत्व माना गया है। इसलिए, रा.शै.अ.प्र.प. ने राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में शैशवकालीन देखभाल और शिक्षा की उन्नति के लिए अनेक कार्यकलाप/परियोजनाएँ कार्यक्रम आयोजित किए हैं। वर्ष 1988-89 में राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विद्यालय पूर्व और प्रारम्भिक शिक्षा विभाग द्वारा किए गए कार्यकलाप इस प्रकार हैं : शैशवकालीन शिक्षा की अनुदेशी सामग्री का विकास, विद्यालय-पूर्व अध्यापकों और अध्यापक शिक्षकों के उपयोग हेतु अनुदेशी सामग्री का विकास, विद्यालय-पूर्व अध्यापक, अध्यापक शिक्षकों तथा शैशवकालीन देखभाल और शिक्षा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन तथा शोध कार्यकलापों में लगे हुए निरीक्षक स्तर में कार्मिकों का प्रशिक्षण।

परिषद् ने शैशवकालीन शिक्षा और देखभाल को मजबूत बनाने के लिए निम्नलिखित मुख्य परियोजनाओं/कार्यक्रमों को कार्यान्वित किया।

बाल माध्यम प्रयोगशाला (सी.एम.एल.)

यूनिसेफ सहायता प्राप्त बाल माध्यम प्रयोगशाला परियोजना के अंतर्गत शैक्षिक सामग्री के विकास तथा 3 से 8 वर्ष तक की आयु-वर्ग के बच्चों के शैक्षिक मूल्यों और मनोरंजन की सामग्री और शैक्षिक साधनों का विकास, विचारों के प्रसार हेतु राष्ट्रीय स्तर के स्रोत केन्द्र का विकास, प्रशिक्षण और अधिगम सामग्री, शैशवकालीन शिक्षा पर अनुसंधान के परिणामों एवं प्रशिक्षण विधि – से जुड़े कार्य जारी रहे। सी.एम.एल. के अंतर्गत विकसित सामग्री को समेकित बाल विकास सेवाएं जैसी उन परियोजनाओं/कार्यक्रमों जो विद्यालय पूर्व और प्रारंभिक प्राथमिक विद्यालय की आयु वर्ग के बच्चों की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं, को भेजा गया।

तमिल भाषा में श्रव्य कार्यक्रमों के आलेख तैयार करने पर 18 से 27 अप्रैल, 1988 तक मद्रास में एक कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें 10 प्रतिभागी आए। बच्चों के लिए हिन्दी भाषा में तैयार श्रव्य कार्यक्रमों के 30 आलेखों की समीक्षा और संपादन पर 15 से 17 जुलाई, 1988 तक नई दिल्ली में एक अन्य कार्यशाला आयोजित की गई।

शैशवकालीन शिक्षा (ई.सी.ई.) परियोजना

यूनिसेफ द्वारा सहायता प्राप्त परियोजना ''शैशवकालीन

1988-89

शिक्षा'' के अंतर्गत 10 राज्यों को (बिहार, उड़ीसा, गोवा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, नागालैंड, राजस्थान, तमिलनाडु और उ.प्र. शैशवकालीन शिक्षा के एककों को मजबूत बनाने, विद्यालय पूर्व अध्यापकों तथा अध्यापक शिक्षकों के प्रशिक्षण, तथा सीखने और खेलने की सामग्री तैयार करने के लिए सहायता दी गई। ई.सी.ई. परियोजना के अंतर्गत ई.सी.ई. तथा आई.सी.डी.एस. के कार्यक्रमों के बीच संबंध स्थापित करने के लिए मुख्य बल दिया गया। आई.सी.डी.एस. पदाधिकारियों के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए। विशेष रूप से ई.सी.ई. और आई.सी.डी.एस. की समाभिरुपता के लिए कर्नाटक में राज्य स्तर पर ई.सी.ई. की संगोष्ठी आयोजित की गई। राजस्थान में आई.सी.डी.एस केन्द्रों के लिए अमुद्रित सामग्री तैयार की गई। उड़ीसा में लगभग 8,000 आंगनवाड़ियों को रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा तैयार की गई चित्र पुस्तकें तथा अन्य खेल सामग्री दी गई। ई.सी.ई. परियोजना में भाग लेने वाले संदर्भ व्यक्तियों के लिए नई दिल्ली में 4 से 8 अप्रैल, 1988 तक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। 30 व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। परियोजना में भाग लेने वाले राज्यों के समन्वयकों की दो बैठकें हुई, जिसमें परियोजना के कार्यान्वयन के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई तथा अध्यापकों, अध्यापक शिक्षकों व अभिभावकों के लिए शिक्षण सामग्री की श्रृंखला के अंतर्गत चिल्ड्रन्स गार्डन, ईद तथा भारी कौन नामक 3 प्रकाशन निकाले गए।

इसके अतिरिक्त ई.सी.ई. परियोजना में भाग लेने वाले 9 राज्यों में विद्यालय पूर्व स्तर पर नामांकन तथा अवरोधन पर अगस्त, 1988 में एक अध्ययन आरंभ किया गया। प्रत्येक प्रतिभागी राज्य में ई.सी.ई. केन्द्रों से जुड़े प्राथमिक विद्यालयों के मुख्याध्यापकों की दो दिन की बैठक हुई। इस संबंध में आंकड़े इकट्ठे कर लिए हैं, और आंकड़ों के विश्लेषण एवं रिपोर्ट तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया है।

बाल विकास हेतु गृह आधारित कार्यक्रम

शैशवकालीन प्रेरणा हेतु वैकल्पिक कार्यनीति विकसित करने के प्रयास के भाग के रूप में उड़ीसा के आदिवासी तथा शहरी गंदी बस्तियों के बच्च के विकास हेतु गृह आधारित कार्यक्रमों को परखा गया, बच्चों यह कार्यक्रम बाल अधिगम को बढ़ाने के लिए परिवार के सदस्यों तथा बड़े बूढ़ों जैसे दादी माँ, माता, पिता, आदि में अपेक्षित विश्वास जगाने का प्रयत्न करता है ताकि वे शिक्षक की भूमिका निभा सकें। इस अध्ययन में भागवती पुर आदिवासी क्षेत्र के 65 गृह तथा उड़ीसा में भुवनेश्वर के शहरी गंदी बस्तियों के 100 गृह सम्मिलित किए गए। अभिभावकों में उनकी सशक्त शिक्षक की भूमिका के बारे में चेतना को बढ़ावा देने तथा उनमें आवश्यक कौशल के विकास हेतु गृह आधारित अनुदेशी पैकेज बनाया गया। इस पैकेज में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा सम्मिलित है। 1988-89 में इस कार्यक्रम के अंतर्गत किए गए अभिभावकों के साथ हस्तक्षेप कार्यक्रम/कार्यकलाप तथा कार्यक्रम का मूल्यांकन सम्मिलित हैं।

बाल से बाल (चाइल्ड टू चाइल्ड) कार्यक्रम

इस कार्यक्रम के अंतर्गत दिल्ली नगर निगम के प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 4–5 में स्वास्थ्य और पोषण शिक्षा से संबंधित कार्य किये जाते रहे। चाइल्ड टू चाइल्ड कार्यक्रम कार्य परख अनुसंधान अध्ययन है जो स्वास्थ्य और पोषण शिक्षा से संबंधित है तथा कक्षा 4 और 5 के बच्चों और अध्यापकों के लिए है जो फिर कक्षा 1 और 2 के बच्चों के साथ काम करते हैं। 1988-89 में इस कार्यक्रम के अंतर्गत किये गये मुख्य कार्यकलाप अध्यापकों को प्रशिक्षण देना तथा समुदाय को शामिल करते हुए विद्यालयों में बाल मेले आयोजित करना था।

दिल्ली नगर निगम के नर्सरी विद्यालयों में शैशवकालीन शिक्षा परियोजना

दिल्ली नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे कुछ विद्यालयों के नर्सरी वर्ग में रा.शै.अ.प्र.प., शैशवकालीन शिक्षा के कार्यक्रम कार्यान्वित करती रही है। इस परियोजना के अंतर्गत, खेल विधि तथा क्रियाकलाप पर आधारित शिक्षण पर 19 से 30 सितंबर, 1988 तक अभिविन्यास पाठ्यक्रम आयोजित किया। इसमें कक्षा

3 के छात्रों को पढ़ाने वाले 20 शिक्षकों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त 16 जनवरी, 1989 को नर्सरी अध्यापकों के लिए सर्जनात्मक गतिविधियों तथा नाटक का पुनश्चर्या पाठ्यक्रम चलाया गया। 19 जनवरी, 1989 को कक्षा 1 के अध्यापकों के लिए यही पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित किया। 20 जनवरी, 1989 को कक्षा 2 के अध्यापकों के लिए इसी पर पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित किया। नर्सरी अध्यापकों के इस पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में 19 अध्यापकों ने भाग लिया, कक्षा 1 के पाठ्यक्रम में 23 अध्यापक आए तथा कक्षा 2 के अध्यापकों के लिए आयोजित पाठ्यक्रम में 27 अध्यापक उपस्थित हुए। 28 फरवरी, 1 मार्च और 6 मार्च, 1989 को कक्षा 1,2 और 3 के अध्यापकों की कक्षावार बैठकें हुई जिनमें बच्चों का मूल्यांकन करते समय कार्यकलापों को दिये जाने वाले महत्व पर विचार किया गया। कक्षा 1 के अध्यापकों की बैठक में 19 अध्यापक आए, जबकि कक्षा 2 के अध्यापकों की बैठक में 20 अध्यापक उपस्थित हुए और कला 3 के अध्यापकों की बैठक में 22 अध्यापकों ने भाग लिया।

रेडियो संभाव्यता अध्ययन

रेडियो के माध्यम से आंगनवाड़ी और प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा 1 तथा 2 के बच्चों के सीखने के अनुभवों को समृद्ध करने के लिए रा.शै.अ.प्र.प. ने आकाशवाणी केन्द्र कोटा के साथ मिल कर रेडियो की संभाव्यता का अध्ययन प्रारंभ किया। 2 अक्तूबर, 1988 को आकाशवाणी केन्द्र, कोटा से बच्चों के कार्यक्रम का प्रसारण आरंभ किया। कार्यक्रम की अवधि 15 मिनट है तथा सप्ताह में 6 दिन यह कार्यक्रम प्रसारित किया जाता है। 1988-89 में की गई मुख्य गतिविधियों में प्रसारण हेतु श्रव्य कार्यक्रमों तथा अध्यापकों और आँगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं के लिए मार्गदर्शिका तैयार करना और अध्यापकों एवं आँगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं का प्रशिक्षण सम्मिलित है। रेडियो-संभाव्यता अध्ययन के अंतर्गत बच्चों के कार्यक्रम प्रसारित करने के लिए 60 श्रव्य टेप बनाई गईं तथा अध्यापक और आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं के लिए 6 मार्गदर्शिकाएं तैयार की गईं। इस परियोजना के अंतर्गत आई.सी.डी.एस. के निरीक्षकों और आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं को प्रशिक्षण देने वाले सी.डी.पी.ओ. का कोटा में 18 से 20 अगस्त, 1988 तक अभिविन्यास कार्यक्रम, 29 अगस्त से 10 सितंबर 1988 तक कोटा में एक अन्य कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें प्रसारण से पूर्व तथा प्रसारणोपरांत कार्यकलापों के आयोजन हेतु आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं और 1 और 2 कक्षा के अध्यापकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम, तथा कक्षा 1 और 2 पाठ्यक्रम के अध्यापकों व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और विद्यालयों के मुख्याध्यापकों और सी.डी.पी.ओ. के निरीक्षकों को 5 पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (प्रत्येक के लिए दो दिन की अवधि का – 5 से 7 मार्च कोटा में) आयोजित किए। आई.सी.डी.एस. निरीक्षकों तथा सी.डी.पी.ओ. के अभिविन्यास पाठ्यक्रम में 15 प्रतिभागी आए, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा अध्यापकों के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में 50 प्रतिभागी उपस्थित हुए तथा पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों में 185 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके अलावा, 25 से 26 नवंबर, 1988 तक दिल्ली, नागपुर और पुणे के आकाशवाणी केन्द्रों के कार्यक्रम निर्माताओं (प्रोड्यूसरों) की बैठक हुई। 11 से 12 मार्च, 1989 को कुछ आकाशवाणी केन्द्रों के बच्चों के कार्यक्रम बनाने वाले कार्यक्रम निर्माताओं (प्रोड्यूसर) के साथ अन्य बैठक हुई जिसमें बच्चों के कार्यक्रमों के निर्माण तथा प्रसारण के विभिन्न पक्षों पर चर्चा की गई।

खिलौने बनाने की राष्ट्रीय कार्यशाला

अध्यापकों में खिलौनों और शैक्षिक खेल की महत्ता तथा विद्यालय पूर्व और पूर्व प्राथमिक स्तर पर खेल विधि द्वारा शिक्षण के प्रति जागरुकता उत्पन्न करने के लिए रा.शै.अ.प्र.प. क्षेत्र सलाहकार कार्यालयों के माध्यम से राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में खिलौनों की प्रतियोगिता आयोजित करती रही है। राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार विजेताओं के लिए 19-23 दिसंबर तक नई दिल्ली में परिषद् द्वारा खिलौना बनाने पर राष्ट्रीय स्तर पर खिलौना कार्यशाला सह-प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 10 राज्य स्तर के पुरस्कार विजेता आए। इसके अलावा परिषद्

ने 24 नवंबर, 1988 को दिल्ली में राज्य स्तर की भी खिलौना बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें 25 अध्यापकों ने भाग लिया। नई दिल्ली में ही 28 से 30 नवंबर, 1988 तक विद्यालय पूर्व नेत्रहीन बच्चों के शैक्षिक खिलौनों की पहचान के लिए एक कार्यशाला आयोजित की। इसमें 5 प्रतिभागी आए।

नर्सरी अध्यापक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

परिषद ने दो वर्षीय नर्सरी अध्यापक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की समीक्षा हेतु 5 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। 31 अक्टूबर से 4 नवंबर, 1988 तक दिल्ली में आयोजित इस कार्यशाला में 8 प्रतिभागी आए। कार्यशाला के दौरान वर्तमान दो वर्षीय नर्सरी अध्यापक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की समीक्षा की गई और संशोधित पाठ्यक्रम की संरचना के लिए रूप रेखा तैयार की।

ई.सी.ई. के शीर्ष व्यक्तियों का प्रशिक्षण

अरूणाचल प्रदेश के शीर्ष व्यक्तियों का 1 से 5 फरवरी 1989 तक दिल्ली में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। अरूणाचल प्रदेश से 31 शीर्ष व्यक्तियों ने इस पाठ्यक्रम में भाग लिया। इसी प्रकार से परिषद् ने जिज्ञासु आदिवासी अनुसंधान केन्द्र मध्य प्रदेश जो शैशवकालीन देखभाल और शिक्षा के क्षेत्र में एक स्वैच्छिक संगठन है() उसके शीर्ष कार्यकर्ताओं के लिए 13 से 24 फरवरी 1989 तक एक अन्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया । इस पाठ्यक्रम में इस संस्थान के 10 पदाधिकारी आए।

1988-89

चार प्राथमिक शिक्षा का व्यापकीकरण

भारतीय संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांत में 14 वर्ष की आयु तक सभी बच्चों को निःशुल्क तथा अनिवार्य रूप से शिक्षा देने की व्यवस्था है, अतः भारत में प्राथमिक शिक्षा का व्यापकीकरण शैक्षिक विकास का प्रमुख लक्ष्य रहा है। इसीलिए,. रा.शै.अ.प्र.प. ने प्राथमिक शिक्षा के व्यापकीकरण को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रमों/परियोजनाओं और कार्यकलापों को उच्च प्राथमिकता दी है। राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान का विद्यालय पूर्व और प्रारम्भिक शिक्षा विभाग 1988-89 में पाठ्यचर्या के नवीकरण, प्राथमिक स्तर पर संशोधित अनुदेशी सामग्री के विकास, आपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना के कार्यान्वयन, क्षेत्रवार गहन शिक्षा कार्यक्रमों के विकास तथा अनौपचारिक शिक्षा के कार्यक्रमों के कार्यान्वयन हेतु अनेक कार्यकलापों में रत रहा । विभिन्न राज्यों और संघशासित क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा के व्यापकीकरण कार्यक्रम को कार्यान्वित करने हेतु विद्यालय पूर्व और प्रारम्भिक शिक्षा विभाग शिक्षा के क्षेत्र में यूनिसेफ सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए केन्द्रीय, तकनीकी एवं समन्वयक अभिकरण के रूप में कार्य करता रहा है। रा.शै.अ.प्र.प. ने स्कूल न जाने वाले बच्चों के लिए अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रमों से संबंधित अनेक कार्यकलाप भी प्रारम्भ किए । केन्द्र :- समर्थित अनौपचारिक शिक्षा परियोजना को पुष्ट करने के लिए, अनुसंधान विकास और प्रशिक्षण कार्यकलाप, राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के अनौपचारिक शिक्षा और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति शिक्षा विभाग के कार्यक्रमों का महत्वपूर्ण अंग बन गए।

पाठ्यचर्या का नवीनीकरण एवं अनुदेशी सामग्री का विकास

राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 1986 में प्रतिपादित शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रिया के पुनरअभिविन्यास के प्रयास के भाग रूप में कक्षा–5 के लिए एक अनुदेशी पैकेज, जिसमें पाठ्यपुस्तकें भी सम्मिलित हैं तैयार करना परिषद् का मुख्य कार्य कलाप रहा। यूनिसेफ सहायता प्राप्त प्राथमिक शिक्षा पाठ्यचर्या नवीकरण (पी.ई.सी.आर.) परियोजना के अंतर्गत औपचारिक विद्यालयी शिक्षा की प्रासंगिकता और गुणवत्ता में सुधार के लिए प्राथमिक पाठ्यचर्या के नवीकरण एवं अनुदेशी सामग्री के संशोधन संबंधी कार्य जारी रहे। इसके अलावा, यूनिसेफ सहायता प्राप्त परियोजना ''पोषण, स्वास्थ्य शिक्षा एवं पर्यावरणात्मक स्वच्छता'' के अंतर्गत पोषण तथा स्वास्थ्य शिक्षा संबंधी सहायक कार्यकलाप किए गए।

1988-89

कक्षा 5 के लिए अनुदेशी सामग्री का विकास

परिषद् ने विद्यालयी अवस्था पर शिक्षा की विषय वस्तु और प्रक्रियाओं के पुनरअभिविन्यास के प्रयास के अंग के रूप में प्राथमिक स्तर के संशोधित पाठ्यविवरण पर आधारित कक्षा 5 के लिए पाठ्यपुस्तकों सहित अनुदेशी सामग्री के विकास के कार्यकलाप किए। कक्षा पाँच की पाठ्यपुस्तकों की पांडुलिपि तैयार करने एवं उनकी समीक्षा करने तथा अध्यापक मैनुअल तैयार करने और उनकी समीक्षा के लिए बैठकें/ कार्यशालाएँ आयोजित कीं। शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रियाओं के पुनरभिविन्यास भाग में इन कार्यों के विस्तृत ब्यौरे दिए गये हैं।

1986-87 में परिषद् ने प्राथमिक स्तर पर पाठ्यचर्या के विकास हेतु मार्गदर्शिका प्रारूप तैयार किया। देश के विभिन्न अभिकरणों और संस्थाओं से प्राप्त सुझावों के अनुसार इन मार्गदर्शिकाओं को संशोधित किया गया। ''प्राथमिक स्तर पर अधिगम के न्यूनतम स्तर-सामान्य कोर अवयवों सहित पाठ्यविवरण'' – संशोधित प्रलेख प्रकाशित किया और इसे राज्य/संघ शासित क्षेत्रों में विद्यालयी शिक्षा पाठ्यचर्या में कार्यरत विभिन्न अभिकरणों/संस्थाओं को वितरित किया गया।

प्राथमिक शिक्षा पाठ्यचर्या नवीकरण (पी.ई.सी.आर.)

यूनिसेफ द्वारा सहायता प्राप्त इस परियोजना पाठ्यचर्यानवीकरण (पी.ई.सी.आर.) के अंतर्गत विभिन्न वर्गों के बच्चों की आवश्यकताओं और पर्यावरणीय संदर्भों के अनुकूल पाठ्यचर्या नवीकरण, अनुदेशी सामग्री का विकास एवं शैक्षिक प्रशासकों तथा अध्यापकों को अभिविन्यासित किया गया। 1988-89 के दौरान, इन 10 राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में परियोजना कार्यान्वित की गई – आंध्र प्रदेश, असम, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, मणिपुर, मेघालय, नागालैण्ड, उड़ीसा, राजस्थान, सिक्किम और पांडिचेरी। अन्य प्रतिभागी राज्यों और संघशासित क्षेत्रों ने 1987-88 के अंत तक पाठ्यचर्या को नवीकृत कर लिया था और इस अवधि में समस्त प्राथमिक विद्यालय अवस्था पर कार्यान्वयन कार्य पूरा कर लिया है। रा.शै.अ.प्र.प. ने प्राथमिक पाठ्यचर्या में कार्यरत राज्य/संघीय क्षेत्र स्तर पर पाठ्यचर्या नवीकरण शैक्षिक सामग्री के विकास हेतु एवं शैक्षिक प्रशासकों और अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की।

पी.ई.सी.आर. के अंतर्गत ''नामांकन अवरोधन गतिरोध और छात्र उपलब्धि अध्ययन'' के बारे में राज्यों से आंकड़े इकट्ठे किए गए तथा उनका विश्लेषण किया गया है और ''प्राथमिक स्तर पर छात्र-उपलब्धि'' नामक अंतरिम रिपोर्ट प्रकाशित हो चुकी है। इस वर्ष ''पी.ई.सी.आर. के अंतर्गत तैयार हिन्दी पाठ्यपुस्तकों में प्रयुक्त शब्द संग्रह का अध्ययन'' के लिए कार्यकारी दल की 4 बैठकें हुई। इसके अतिरिक्त 13 से 14 दिसंबर, 1988 तक राज्य/संघ शासित क्षेत्र में पी.ई.सी.आर. परियोजना के समन्वयकों की बैठक की गई जिसमें परियोजना के कार्यान्यवन की प्रगति एवं कार्य योजना पर समीक्षा की गई।

पोषण, स्वास्थ्य शिक्षा और पर्यावरणीय स्वच्छता

यूनिसेफ द्वारा सहायता प्राप्त इस परियोजना के अंतर्गत वर्ष 1988-89 में ''छात्र अपलब्धियों का अध्ययन'' तथा ''समुदाय संपर्क कार्यक्रम के प्रभाव का अध्ययन'' – ये दो अनुसंधान अध्ययन जारी रहे। इन अध्ययनों के संबंध में आंकड़े एकत्रित कर लिए हैं और उनके समालकन का कार्य भी पूरा हो चुका है। अध्ययनों में भाग लेने वाले सभी राज्यों ने तालिका बनाने वालों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए तथा ये तालिका बद्ध आंकड़े विश्लेषण के लिए रा.शै.अ.प्र.प. को भेज दिए। इस परियोजना के प्रतिभागी राज्यों ने राज्य शिक्षा प्रणाली में विस्तार हेतु समुदाय संपर्क कार्यक्रम के लिए अपनाई गई कार्य नीतियों की समीक्षा के लिए बैठकें आयोजित कीं। 6 राज्यों में, प्राथमिक स्तर पर पाठ्यचर्या में इस परियोजना के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए विकसित पोषण, स्वास्थ्य शिक्षा और पर्यावरणीय स्वच्छता के अनुदेशी पैकेज समाकलित किए गए।

मानव संसाधन विकास के लिए क्षेत्रवार गहन शिक्षा परियोजना

यूनिसेफ सहायता प्राप्त परियोजना के मानव संसाधन

विकास के लिए क्षेत्रवार गहन शिक्षा के अंतर्गत राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के अभिकरणों द्वारा कार्यान्वित विभिन्न शैक्षिक परियोजनाओं के समेकन तथा समन्वयन के लिए प्रयास किये गये। यह परियोजना किसी भी क्षेत्र की कुल जनसंख्या की सामाजिक-आर्थिक तथा विकासात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए व्यापक शैक्षिक दृष्टिकोण प्रस्तावित करती है। इस ए.आई.ई.पी. परियोजना का लक्ष्य समुदाय में विद्यालय -- पूर्व, प्राथमिक, अनौपचारिक और प्रौढ़ शिक्षा के कार्यकलापों के समेकन को प्रोत्साहन तथा प्राथमिक शिक्षा का व्यापकीकरण है । इस परियोजना में केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों के सामाजिक-आर्थिक और विकासात्मक निवेशों की समाभिरूपता, समुदाय की प्रतिभागिता के संघटन की विधियों के विकास और परीक्षण तथा दीर्घकालीन सार्वभौमिक शैक्षिक कार्य नीतियों में परियोजना के अनुभवों को सम्मिलित करने पर भी बल दिया जाता है। इस परियोजना में औपचारिक एवं अनौपचारिक माध्यम से 9 से 14 वर्ष तक की आयु तक की बालिकाओं की शिक्षा तथा उनकी शैक्षिक आवश्यकताओं पर भी ध्यान दिया गया।

ए.आई.ई.पी. को वर्ष 1987 में आरंभ किया गया। 1988–89 में महाराष्ट्र, मिजोरम, उड़ीसा, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश राज्यों तथा दादर व नगर हवेली संघ शासित क्षेत्र में इसे कार्यान्वित किया गया। सभी प्रतिभागी राज्यों ने यथास्थिति का (बैंचमार्क सर्वेक्षण) सर्वेक्षण किया। विभिन्न स्तरों पर समन्वयन समितियाँ बनाईं तथा परियोजना के कार्यान्वयन के विभिन्न पहलुओं पर राज्य स्तरीय शीर्ष व्यक्तियों का अभिविन्यास पाठ्यक्रम आयोजित किया। परिषद् ने सर्वेक्षण के लिए कार्मिकों के प्रशिक्षण तथा राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में विभिन्न स्तरों पर कार्य कर रहे परियोजना समूहों के अभिविन्यास हेतु राज्यों की तकनीकी सहायता की।

आपरेशन ब्लैक बोर्ड स्कीम के कार्यान्वयन हेतु तकनीकी सहायता

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अनुरोध पर रा.शै.अ.प्र.प. ने केन्द्रीय प्रायोजित आपरेशन ब्लैक **बोर्ड योजना** के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों को दी जाने वाली आवश्यक वस्तुओं के मापदंड तथा विनिर्देश तैयार करने की जिम्मेदारी ली। रा.शै.अ.प्र.प. ने भारतीय मानक ब्यूरो के सहयोग से इन मापदंडों और विनिर्देशों को अंतिम रूप दिया। इस बारे में "आपरेशन ब्लैक बोर्ड : प्राथमिक स्तर पर अनिवार्य सुविधाएं मापदंड और विनिर्देशन" नामक दस्तावेज को अंतिम रूप दिया तथा राज्यों और संघशासित क्षेत्रों में व्यापक प्रसार के लिए प्रकाशित किया गया।

आपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना के कार्यान्वयन के लिए गठित राज्य स्तरीय सर्वाधिकार सम्पन्न समितियों की बैठकों में परिषद् के संकाय सदस्यों ने भाग लिया था। परिषद ने आपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों को दी जाने वाली अनिवार्य वस्तुओं के प्रभावी उपयोग हेतु अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रयोग होने वाले सात वीडियो कार्यक्रम के लिए सारांश तैयार किये।

अनौपचारिक शिक्षा

अनौपचारिक शिक्षा के अनुसंधान और विकासात्मक कार्यकलाप तथा इस क्षेत्र में कार्यरत कार्मिकों का प्रशिक्षण/अभिविन्यास – यह रा.शै.अ.प्र.प. का महत्वपूर्ण कार्य रहा है।परिषद् ने राज्यों में कार्यान्वित केन्द्रीय प्रायोजित अनौपचारिक शिक्षा योजना को सहायता देने के लिए अनेक कार्यकलाप हाथ में लिए। इन कार्यकलापों का प्रमुख बल बाल अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम के लिए अनुदेशी सामग्री के विकास तथा शिक्षण -- अधिगम मूल्यांकन की कार्य-नीतियों पर था। 1988-89 में रा.शै.अ.प्र.प. ने अनौपचारिक शिक्षा से संबंधित निम्नलिखित मुख्य कार्यक्रम/परियोजनाएँ/कार्यकलाप किए।

अनुसंधान

अगस्त, 1988 में अनौपचारिक शिक्षा, पाठ्यचर्या तथा अनुदेशी सामग्री एवं उनमें अंतर्निहित तात्पर्यों के कार्यान्वयन का अध्ययन प्रारंभ किया गया। इस अध्ययन के मुख्य

लक्ष्य इस प्रकार है : अनौपचारिक शिक्षा की विद्यमान पाठ्यचर्या तथा अनुदेशी सामग्रियों का विश्लेषण एवं मूल्यांकन करना और अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों के अनुरूप पाठ्यचर्या तथा अनुदेशी सामग्री को और प्रासंगिक बनाने के लिए उपागम—कार्य नीतियाँ बनाना है। अध्ययन के साधनों को अंतिम रूप देने के लिए 17 से 20 जनवरी, 1989 तक नई दिल्ली में कार्यशाला आयोजित की गई। राज्यों/संघशासित क्षेत्रों के अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रमों हेतु पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्री के तर्कसंगत विश्लेषण के लिए 20 से 27 फरवरी, 1989 तक लखनऊ में एक अन्य कार्यशाला आयोजित की गई।

अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रमों की अनुदेशी सामग्री और पाठ्यचर्या के विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि अनुदेशी सामग्री को चार समूहों में बाँटा जा सकता है — सीखने वाले के लिए पाठ्यसामग्री, सीखने वाले के लिए सहायक पाठ्यसामग्री, अध्यापक सामग्री, जैसे — सामान्य संदर्शिकाएँ और प्रवेशिका/पाठमालाओं से संबंधित संदर्शिकाएँ तथा संसाधन व्यक्तियों की सामग्री। इस विश्लेषण से यह तथ्य भी उभर कर सामने आया कि राज्य मोटे तौर पर चार प्रकार की पाठ्यचर्या अपनाते हैं — औपचारिक विद्यालयों की सघन पाठ्यचर्या, पृथक अनौपचारिक शिक्षा पाठ्यचर्या, अंशतः समेकित पाठ्यचर्या और औपचारिक विद्यालयी पाठ्यचर्या।

अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों में नामांकित बच्चों के मूल्यांकन हेतु उपकरण और तकनीकों के विकास की चालू परियोजना के अंतर्गत प्रवेश स्तर पर तथा कक्षा 1 और 2 स्तर के बच्चों की उपलब्धि के मूल्यांकन के लिए उपकरण और तकनीकों को अंतिम रूप देने पर दो कार्यशालाएं आयोजित की गईं। पहली कार्यशाला नई दिल्ली में 22 से 26 अगस्त, 1988 तक तथा दूसरी 31 मार्च से 4 अप्रैल, 1989 तक आयोजित की गई।

अप्रैल, 1988 में चुने हुए अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों में अध्ययन शुरू किया गया। इसका लक्ष्य देश के कुछ सफल अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों एवं इन केन्द्रों की सफलता के लिए उत्तरदायी कार्यनीतियों, सामग्री और संगठनात्मक पहलुओं को पहचानना था।

अनुदेशी प्रशिक्षण सामग्री का विकास

रा.शै.अ.प्र.प. विभिन्न राज्यों में केन्द्रीय अनौपचारिक शिक्षा योजना के अंतर्गत स्थापित केन्द्रों में नामांकित बच्चों के उपयोग हेतु शिक्षण के लिए उपयुक्त सामग्री के विकास संबंधी कार्य करती रही है। प्राथमिक स्तर के अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों में उपयोग के लिए विकसित अनुदेशी सामग्री में कक्षा 3 के विषयों से संबंधित 22 स्वतः सीखने के लिए चार्ट और 8 कामिक्स की पुस्तकें हैं। मिडिल स्तर पर प्रयुक्त होने वाली अनुदेशी सामग्री में गणित की पुस्तकें भाग 2 और 3 बनाई गई। इन पुस्तकों को तैयार करने के लिए नई दिल्ली में तीन कार्यशालाएं आयोजित की गई। पहली कार्यशाला 29 अगस्त से 2 सितंबर, 1988 तक, दूसरी 14 से 20 फरवरी, 1989 तक तथा तीसरी 27 से 31 मार्च, 1989 तक आयोजित की गई। पहली कार्यशाला में अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र में मिडिल स्तर की गणित की पाठ्यचर्या को संशोधित किया गया और उसे अंतिम रूप दिया गया। दूसरी कार्यशाला में गणित की पुस्तक भाग 2 की पांडुलिपि संपादित की तथा प्रकाशन हेतु इसे अंतिम रूप दिया गया। तीसरी कार्यशाला में गणित की पुस्तक 3 को अंतिम रूप दिया गया।

परिषद् ने अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम में मिडिल स्तर की पाठ्यचर्या को विकसित करने की भी जिम्मेदारी ली। नई दिल्ली में 21 से 25 नवंबर 1988 तक कार्यकारी दल की बैठक हुई जिसमें विभिन्न राज्यों द्वारा अपनाई गई पाठ्यचर्याओं की जांच की गई तथा अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम के मिडिल स्तर हेतु पाठ्यचर्या की संरचना विकसित की गई। इसके अलावा परिषद् ने "नान फारमल एजुकेशन इन एक्शन" नामक फिल्म तैयार की जो अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों के विविध संगठनात्मक पहलुओं को दर्शाती है। इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है तथा फिल्म का संपादन कार्य आरंभ कर दिया है। परिषद् ने अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों के अनुदेशकों तथा पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण मैनुअल बनाए हैं। इन मैनुअलों को अंतिम रूप देने के लिए 15 से 18 दिसंबर 1988 तक विशेषज्ञ दल की बैठक हुई।

परिषद् ने आदर्श केन्द्रों के रूप में विकसित करके कुछ चुने हुए अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र अपनाने का कार्यक्रम आरंभ किया है। बिहार, म.प्र., राजस्थान और उ.प्र. में दो-दो प्राथमिक स्तर तथा एक मिडिल स्तर पर केन्द्र अपनाए हैं। इन केन्द्रों को रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा निर्मित अनुदेशी सामग्री दी गई है तथा केन्द्रों के अनुदेशकों, पर्यवेक्षकों तथा परियोजना अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है।

अनौपचारिक शिक्षा के कार्यकर्त्ताओं का प्रशिक्षण

केन्द्रीय प्रायोजित अनौपचारिक शिक्षा योजना के कार्यान्वयन में कार्यरत अधिकारियों के लिए आगरा में 13 से 17 मार्च, 1989 तक अभिविन्यास कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य लक्ष्य अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों के अनुभवों का आदान प्रदान करना, कठिनाइयों की पहचान कराना तथा उनके समाधान ढूंढ़ना था। इस अभिविन्यास कार्यक्रम में 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया। बोध गया (बिहार) में 28 से 30 मार्च, 1989 तक स्वैच्छिक संगठनों में काम कर रहे संदर्भ व्यक्तियों के लिए एक अन्य अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया, इसमें 25 प्रतिभागी आए। इसके अतिरिक्त रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा अपनाए गए अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों के अनुदेशकों, पर्यवेक्षकों तथा परियोजना अधिकारियों के लिए नई दिल्ली में 19 से 23 दिसंबर, 1988 तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

अनौपचारिक शिक्षा का वार्षिक सम्मेलन

अनौपचारिक शिक्षा का वार्षिक सम्मेलन 2 और 3 मार्च, 1989 को नई दिल्ली में हुआ जिसमें केन्द्र प्रायोजित अनौपचारिक शिक्षा योजना के कार्यान्यवन के विभिन्न पक्षों की समीक्षा की गई तथा कार्यान्वियन के समय अभिकरणों के सामने आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के उपाय सुझाए गए। दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन में अनौपचारिक शिक्षा योजना को कार्यान्वित करने वाले राज्यों से 20 प्रतिनिधि आए।

देश में अनौपचारिक शिक्षा के कार्यक्रमों के प्रतिपादन एवं कार्यान्वियन संबंधी प्रसार के लिए परिषद् के प्रयास के अंग रूप में इस वर्ष अनौपचारिक शिक्षा पर न्यूज लैटर के 4 अंक निकाले।

प्राथमिक शिक्षा की व्यापक पहुँच (केप)

यूनिसेफ द्वारा सहायता प्राप्त ''सी.ए.पी.ई.'' परियोजना में विद्यालयेतर बच्चों की शिक्षा के लिए अधिगम सामग्री (लर्निंग एपीसोड) का विकास तथा अधिगम केन्द्रों की व्यवस्था से संबंधित कार्य जारी रहे। 1988-89 में यह परियोजना आंध्र प्रदेश, बिहार, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, मिजोरम, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में कार्यान्वित की गई। परिषद् ने हिन्दी, पर्यावरणीय अध्ययन तथा गणित के 7 माड्यूल प्रकाशित किए और उर्दू के माड्यूल भी तैयार किए तथा राज्य शिक्षा संस्थान, जम्मू और श्रीनगर ने इसे प्रकाशन हेतु अंतिम रूप दिया। स्तर 2 के हिन्दी माड्यूलों को अंतिम रूप देने के लिए 9 से 16 मई, 1988 तक कार्यकारी दल की बैठक आयोजित की। स्तर 2 के पर्यावरण अध्ययन के अधिगम माड्यूलों को विकसित करने तथा अंतिम रूप देने के लिए विशेषज्ञ-दल की तीन बैठकें हुईं। राज्य शिक्षा संस्थान, जम्मू और श्रीनगर द्वारा तैयार उर्दू के माड्यूल की समीक्षा और अंतिम रूप देने हेतु 13 से 17 जून, 1988 तक पहली तथा 14 से 20 सितंबर, 1988 तक दूसरी कार्यकारी दल की बैठक आयोजित की गई। उर्दू के माड्यूलों की कैलीग्राफी तैयार करने के लिए 27 जून से 1 जुलाई, 1988 तक एक बैठक हुई। 3 से 7 अक्तूबर, 1988 तक स्तर 2 के गणित माड्यूल को अंतिम रूप देने के लिए कार्यकारी दल की बैठक आयोजित की गई। 2 से 15 जुलाई, 1988 तक राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के परियोजना टीम सदस्यों की बैठक हुई इसमें शिक्षा केन्द्रों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। 8 से 10 दिसंबर, 1988 तक परियोजना समन्वयकों की वार्षिक बैठक हुई जिसमें 1989 की ''कार्य योजना'' तथा बजट अनुभाग को अंतिम रूप दिया गया।

1988-89

सी.ए.पी.ई. (केप) के अंतर्गत विकसित अनुदेशी सामग्रियों को इस योजना में स्थापित हिन्दी भाषी राज्यों–बिहार, म.प्र., राजस्थान और उ.प्र. के 302 अधिगम केन्द्रों में वितरित किया गया। यह सामग्री उन सात परियोजना के अंतर्गत प्रमुख स्वैच्छिक संगठनों को भी भेजी गई जो अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र चलाते हैं। अहिन्दी भाषी राज्यों के 117 नवोदय विद्यालयों को हिन्दी माड्यूल दिए गए। इसके अलावा, परिषद् ने ''केप'' के प्रतिभागी राज्यों को तकनीकी सहायता प्रदान की ताकि वे अधिगम सामग्री का विकास कर सकें, अधिगम केन्द्रों को आगे बढ़ाने वालों को प्रशिक्षित कर सकें तथा केप परियोजना के अंतर्गत स्थापित शिक्षा केन्द्रों में नामांकित बच्चों की उपलब्धि के मूल्यांकन हेतु प्रश्न बैंक तैयार कर सकें।

1988-89 के दौरान, केप परियोजना में सात प्रकाशन निकाले गए। इनमें एक अभ्यास पुस्तिका तथा छः अधिगम माड्यूल हैं : आओ सीखें – 100 तक की संख्याएँ, गणितीय क्रियाएँ और संख्याओं का गुण, दशमलव में गणितीय संक्रियाएँ और मापन सीखें, आओ परिवेश को समझें, जीवन को खुशहाल बनाएँ, पृथ्वी की कहानी अपनी जुबानी और ''डिटैक्शन एंड प्रीवेन्शन ऑफ मैंटल हैंडीकेप'' निकाले गए।

सामुदायिक शिक्षा और प्रतिभागिता की विकासात्मक गतिविधियाँ (डी.ए.सी.ई.पी.)

यूनिसेफ सहायता प्राप्त सामुदायिक शिक्षा और प्रतिभागिता की विकासात्मक गतिविधियाँ (डी.ए.सी.ई.पी.) परियोजना के अंतर्गत रा.शै.अ.प्र.प. ने उन शिक्षा वर्गों की शैक्षिक आवश्यताओं की पूर्ति के अनुरूप शैक्षिक कार्यक्रम विकास से संबंधित कार्य जारी रखें, जो शिक्षा के अवसरों से पूर्णतः या अंशतः वंचित हैं। परिषद् ने परियोजना के अंतर्गत राज्य सरकारों द्वारा स्थापित एवं चलाए जा रहे सामुदायिक शिक्षा केन्द्रों को 1988-89 में मार्ग दर्शन प्रदान किया। कुछ राज्यों में सामुदायिक शिक्षा कार्यक्रमों के संवर्धन हेतु कुछ समर्थन कार्यक्रम प्रारंभ किए गए।

1988-89

पाँच

विशेष वर्गों की शिक्षा

जिन वर्गों को अभी तक विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर नहीं मिले हैं, उन विशेष वर्गों की विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शैक्षिक विषमताओं को दूर करना और समान शैक्षिक अवसर देना विद्यालयी शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग रहा है। समाज के सभी वर्गों में शैक्षिक उपलब्धियों में समानता लाने के अंग रूप में रा.शै.अ.प्र.प. ने परियोजनाएं/कार्यक्रम कार्यान्वित किए हैं, जिनमें विशेषतः लड़कियों और महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति, शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों तथा विकलांग बच्चों की शिक्षा है। इन कार्यक्रमों में मुख्य बल निम्नलिखित कार्यों पर दिया गया – शैक्षिक अवसर की समानता लाने के लिए उपयुक्त कार्य नीतियों पर शोध गतिविधियाँ, अनुदेशी/प्रशिक्षण सामग्री का विकास तथा महिला समानता की शिक्षा के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की शिक्षा को प्रोत्साहन, शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों द्वारा चलाए जा रहे विद्यालयों में शिक्षा का गुणात्मक उन्नयन, तथा विकलांगों की शिक्षा को प्रोत्साहित करना।

महिला समानता की शिक्षा

रा.शै.अ.प्र.प. ने लड़कियों और महिलाओं के शैक्षिक विकास के लिए अनेक कार्यक्रम और परियोजनाएँ प्रारंभ कीं। इस वर्ष में राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के महिला अध्ययन एकक ने महिला समानता की शिक्षा के संवर्धन हेतु अनुसंधान विकास, प्रशिक्षण और विस्तार संबंधी अनेक कार्यकलाप किए।

कार्यपरक अनुसंधान परियोजना

महिला समानता की शिक्षा के संवर्धन हेतु उपयुक्त नीतियों/उपायों को विकसित करने के प्रयास के अंग के रूप में रा.शै.अ.प्र.प. ने महिला शिक्षा एवं पद्धति तथा विकास के लिए कार्यपरक अनुसंधान परियोजना आरंभ की है। इस परियोजना के मुख्य लक्ष्य इस प्रकार हैं – महिला समानता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना, लड़कियों और महिलाओं की शिक्षा, शिक्षा के समेकित दृष्टिकोण का विकास, अन्य विभागों एवं अभिकरणों से संबंध स्थापित करके बालिकाओं और महिलाओं का विकास, बालिकाओं और महिलाओं की शिक्षा एवं विकास के संवर्धन हेतु अनुसंधान तथा प्रशिक्षण की क्रिया विधि का विकास, महिला शिक्षा की क्रिया विधि पर 6 सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के व्यापक ब्यौरे तैयार करना। नई दिल्ली में 1 और 2 नवंबर, 1988 को महिला शिक्षा विधि और विकास पर कार्यशाला

आयोजित की गई ताकि इस संबंध में उपयुक्त कार्य नीतियाँ बनाई जा सकें एवं महिला शिक्षा विधि एवं विकास पर 6 सप्ताह के लिए महिला शिक्षा और विकास की क्रियादिधि के प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा सके। महिला शिक्षा से संबंधित क्षेत्र के 10 विशेषज्ञों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। परिषद् ने सैक्स समानता को प्रोत्साहन देने हेतु विद्यालय पर आधारित कार्यक्रम के लिए क्रिया परक अनुसंधान परियोजना का भी सूत्रपात किया। इस परियोजना के अंतर्गत 27 से 28 नवंबर, 1988 तक एक कार्यशाला महिला समानता शिक्षा के संवर्धन के लिए विद्यालय पर आधारित कार्यक्रम हेतु क्रिया परक अनुसंधान परियोजना की रूपरेखा तैयार करने के लिए आयोजित की गई। इसमें 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

परिषद् की अन्य परियोजना महिला शिक्षा विकास पर आंकड़ों का 'डेटा बैंक'' है। इस संबंध में बालिकाओं की शिक्षा का स्थितिजनक विश्लेषण किया गया जिसमें लड़कियों की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्थिति संबंधी परिलक्षित विशद आंकड़ों को इंगित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर परिस्थितिजनक विश्लेषण तैयार करने के लिए पांचवें अखिल भारतीय सर्वेक्षण का विश्लेषण किया जा रहा है।

अनुदेशी/प्रशिक्षण सामग्री का विकास

परिषद् ने महिला समानता की शिक्षा के संवर्धन तथा इस संबंध में कार्यक्रम परियोजनाओं के अनुश्रवण और मूल्यांकन के प्रारूप और मार्गदर्शिका तैयार करने के लिए अनुदेशी/प्रशिक्षण सामग्री के विकास संबंधी अनेक कार्य किए हैं। महिला समानता शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अंग्रेजी में आदर्श स्रोत सामग्री को अंतिम रूप देने के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। 30 जनवरी से 3 फरवरी, 1989 तक नई दिल्ली में क्षेत्रीय भाषाओं में (असमिया, बंगला, गुजराती, हिन्दी, उड़िया और तेलुगु) जागरूकता के विकास संबंधी सामग्री के विकास पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की। इसमें 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

परिषद् ने प्रारंभिक तथा माध्यमिक अध्यापक शिक्षा और एम.एड. पाठ्यचर्या में महिला समानता की शिक्षा सम्मिलित करने के लिए अनेक कार्यकलाप शुरू किए। इस प्रयोजन हेतु नई दिल्ली में एक कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें अध्यापक, प्रशिक्षण महाविद्यालयों के 30 अध्यापक शिक्षक और विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के संकाय सदस्य तथा महिला अध्ययनों के विशेषज्ञों ने भाग लिया। परिषद् ने लड़कियों और महिलाओं के लिए व्यावसायिक तथा तकनीकी पाठ्यक्रम के विकास पर भी एक कार्यशाला आयोजित की। यह कार्यशाला 30 नवंबर, 1988 को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में हुई जिसमें 30 प्रतिभागी आए।

परिषद् ने महिला समानता की शिक्षा के संवर्धन हेतु कार्यक्रमों के मानिटरिंग और मूल्यांकन के प्रारूप की अभिकल्पना पर एक तीन दिन की कार्यशाला आयोजित की। 23 से 25 नवंबर, 1988 तक यह कार्यशाला चली जिसमें 20 विशेषज्ञों ने भाग लिया।

सैक्स पक्षपात के निवारण के दृष्टिकोण से परिषद् ने विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर विहित पाठ्यपुस्तकों व सहायक पाठमालाओं के मूल्यांकन संबंधी गतिविधियों को जारी रखा। इस संबंध में मार्गदर्शिका तैयार करने के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के शीर्ष व्यक्तियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम

वर्ष 1988-89 में परिषद् ने महिला समानता की शिक्षा पर तीन क्षेत्रीय कार्यशालाएं तथा एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की ताकि शिक्षा के माध्यम से प्रभावी कार्यान्वयन हेतु माडेलिटीज तथा महिला को अधिकार शक्ति से संपन्न बनाने के लिए कार्य योजना बनाई जा सके। राज्यों एवं संघ शासित क्षेत्रों के वे शीर्ष व्यक्ति इन कार्यशालाओं में आए जो महिला समानता की शिक्षा के प्रोत्साहन के कार्यक्रमों में कार्य कर रहे हैं या करेंगे। पहली क्षेत्रीय कार्यशाला कानपुर में 26 से 28 अप्रैल, 1988 तक हुई जिसमें 25 प्रतिभागी आए, दूसरी भुवनेश्वर में 11 से 13 मई,

1988 तक आयोजित की गई जिसमें 97 प्रतिभागियों ने भाग लिया और तीसरी कार्यशाला बंबई में 18 से 20 मई, 1988 तक आयोजित की गई जिसमें 37 प्रतिभागी उपस्थित थे। इन क्षेत्रीय कार्यशालाओं में राज्य शिक्षा विभागों, एस.सी.ई.आर.टी./एस.आई.ई., राज्य शासक कल्याण बोर्ड, विश्वविद्यालयों में महिला अध्ययन केन्द्र के अधिकारी तथा स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला 8 और 9 जून 1988 को नई दिल्ली में आयोजित की गई। इसमें 34 प्रतिभागी आए। इस कार्यशाला में शिक्षा के माध्यम से महिलाओं के अधिकार शक्ति के लिए कार्ययोजना बनाई गई।

परिषद् ने महिला समानता के प्रति जागरूकता के लिए करनूल, आंध्र प्रदेश में 4 से 7 अक्टूबर 1988 तक एक क्षेत्रीय कार्यशाला आयोजित की। इसमें राजकीय प्रशिक्षण संस्थान/राजकीय शिक्षा महाविद्यालय तथा एस.सी.ई.आर.टी. आंध्र प्रदेश से 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला के मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों में महिला समानता की शिक्षा संबंधी विषयों से प्रतिभागियों को अवगत कराना तथा महिला समानता की शिक्षा को प्रोत्साहित करना और समुदाय पर आधारित क्रियात्मक कार्यक्रम बनाना था। परिषद् ने प्रियदर्शिनी महिला अध्ययन केन्द्र, ए.एंड.डी. महिला महाविद्यालय, कानपुर के सहयोग से महिला समानता की शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विद्यालयों/महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों के पुनरभिविन्यास हेतु तीन कार्यशालाएं आयोजित कीं। 22 से 24 अक्तूबर, 1988 तक आयोजित पहली कार्यशाला में 40 प्रतिभागी आए, दूसरी कार्यशाला 22 से 24 दिसंबर 1988 तक आयोजित की इसमें 44 प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा तीसरी कार्यशाला 26 से 28 दिसंबर, 1988 तक आयोजित की जिसमें 55 प्रतिभागी थे। इनके अलावा, परिषद् ने इम्फाल में महिला समानता की शिक्षा पर 14 से 16 दिसंबर, 1988 तक कार्यशाला आयोजित की, 4 से 6 जनवरी, 1989 तक उदयपुर में जिला स्तर के शैक्षिक कार्यकर्ताओं की कार्यशाला आयोजित की गई और कानपुर में 23 से 25 जनवरी, 1989 तक उत्तर प्रदेश के जिला शिक्षा अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित की। इम्फाल में हुई कार्यशाला में 32 प्रतिभागी आए, जबकि उदयपुर में आयोजित कार्यशाला में 82 प्रतिभागी आए तथा कानपुर में आयोजित कार्यशाला में 46 प्रतिभागी उपस्थित हुए। 1988–89 में परिषद् ने जिला शिक्षा अधिकारियों और प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्यों के लिए 14 से 16 नवंबर, 1988 तक धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश में अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया तथा दमन में महिला समानता शिक्षा के कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में लगे हुए शीर्ष व्यक्तियों के लिए 5 से 9 दिसंबर, 1988 तक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया। धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में 21 प्रतिभागियों ने तथा दमन में आयोजित कार्यक्रम में 96 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों की शिक्षा

रा.शै.अ.प्र.प. ने अनु.जाति/अनु.जनजाति वर्ग की शिक्षा के संवर्धन हेतु अनुसंधान और विकास संबंधी कार्य जारी रखे। राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के अनौपचारिक शिक्षा और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति शिक्षा विभाग ने अनुसूचित जाति/जन जाति की शिक्षा के संवर्धन हेतु अनुसंधान तथा विकास संबंधी महत्वपूर्ण कार्यकलाप किए। इस वर्ष उ.प्र. के विद्यालयों में कक्षा 10 के अनुसूचित जाति और गैर अनुसूचित छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन पूरा किया गया। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों हेतु मैट्रिक पूर्व छात्रवृत्ति योजना का मूल्यांकन कारी अध्ययन जारी रहा। इस वर्ष 11 राज्यों के संबंध में रिपोर्ट तैयार कर ली थी (अनुसूचित जाति क्लस्टर – 1)/ क्लस्टर – 1 की प्रारुप रिपोर्ट (अनुसूचित जाति) भी तैयार कर ली है तथा क्लस्टर –2 (अ.जा./जन.जा.) संबंधी आंकड़ों का संकलन आरंभ कर दिया है।

परिषद् ने आदिवासी बोलियों में प्रवेशिका/पाठ्यपुस्तकों की तैयारी के कार्य जारी रखे। क्षेत्रीय भाषा की लिपि का उपयोग करते हुए सात आदिवासी बोलियों में प्रवेशिकाएं तैयार करने के लिए कार्यकारी दल की दो बैठकें और दो कार्यशालाएं आयोजित

की गईं। कार्यकारी दल की इन बैठकों तथा कार्यशालाओं में प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक आए जो संबंधित आदिवासी बोलियों से परिचित थे, आदिवासी अनुसंधान संस्थान तथा विश्वविद्यालय विभागों के आदिवासी भाषाओं के विशेषज्ञ भी आए। तमिलनाडु में इरूला जनजाति के बच्चों हेतु प्रवेशिकाएं तैयार करने के लिए 18 से 27 अगस्त, 1988 तक उटगमंडलम् में कार्यकारी दल की बैठक आयोजित की गई। इसमें 10 प्रतिभागी आए तथा तमिल लिपि में इरूला आदिवासी बोलीमें कक्षा – 1 के लिए प्रवेशिका तैयार की। अन्य कार्य दल की 6 से 15 सितम्बर, 1988 तक हैदराबाद में बैठक हुई जिसका लक्ष्य आंध्र प्रदेश की गोंडी जनजाति बोली में कक्षा–II के लिए प्रवेशिका तैयार करना था। तेलुगु लिपि में गोंडी जनजाति की बोली की प्रवेशिका तैयार की। इसके अतिरिक्त बिहार की पांच आदिवासी बोलियों – संथाल, हो,मुंडारी, खरिया, औरकुरुख बोली में देवनागरी लिपि में कक्षा – I और II के लिए प्रवेशिकाएं तैयार की। पहली कार्यशाला 10 से 30 नवंबर, 1988 तक रांची में आयोजित की गई। इसमें 30 प्रतिभागी आए। दूसरी कार्यशाला 1 से 3 मार्च, 1988 तक रांची में ही आयोजित की जिसमें 31 प्रतिभागियों ने भाग लिया। बिहार के संथाल, हो, मुंडारी, खरिया और कुरुख जनजातियों के लिए प्रवेशिकाएं केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान (सी.आई.आई.एल) मैसूर के साथ मिल कर तैयार की गई।

परिषद् ने अनुसूचित जातियों के शैक्षिक विकास पर संदर्भ पुस्तक तैयार करने का उत्तरदायित्व लिया है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जातियों के शैक्षिक विकास पर संदर्भ साहित्य तैयार करना है। इस वर्ष संदर्भ – शीर्षक संकलित कर लिए हैं।

शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों की शिक्षा

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् ने शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों विशेषतः मुसलमान वर्ग द्वारा प्रबंधित विद्यालयों में शैक्षिक स्तरों को सुधारने के लिए अनेक कार्यक्रम हाथ में लिए। मुख्य तौर पर परिषद् ने 1988-89 में मार्गदर्शन सेवाओं पर संगोष्ठी सह कार्यशाला आयोजित की, कैरियर अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तथा पुनश्चर्या पाठ्यक्रम एवं सेवाकालीन अध्यापकों के लिए अटैचमैंट कार्यक्रम आयोजित किए । इन कार्यक्रमों को राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के शैक्षिक मानेविज्ञान, परामर्श और मार्ग निर्देशन विभाग एवं भोपाल तथा मैसूर स्थित क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों ने आयोजित किया तथा संस्थान के क्षेत्रीय सेवाएं और विस्तार समन्वयन विभाग ने अनका समन्वयन किया। परिषद् ने शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों द्वारा प्रबंधित विद्यालयों के अध्यापकों, प्रधानाचार्यों तथा प्रबंधकों के प्रशिक्षण के लिए स्थापित क्षेत्रीय स्रोत केन्द्रों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान की।

संगोष्ठी-सह-कार्यशालाएं

परिषद् ने शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों द्वारा प्रबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यो तथा प्रबंधकों के मार्गदर्शन हेतु तीन संगोष्ठी सह–कार्यशालाएं आयोजित की ताकि उन्हें विद्यालय में मार्गदर्शन सेवाओं हेतु अध्यापकों को प्रशिक्षण देने के लिए अभिप्रेरित किया जा सके। नई दिल्ली में आयोजित इस तीन दिवसीय संगोष्ठी-सह-कार्यशाला में 58 प्रबंधक और प्रधानाचार्य आए।

कैरियर-अध्यापकों का प्रशिक्षण

परिषद् ने शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों द्वारा प्रबंधित स्कूलों के शिक्षकों के लिए कैरियर मार्गदर्शन सेवाओं पर 4 सप्ताह का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया। यह पाठ्यक्रम 27 मार्च से 21 अप्रैल, 1989 तक नई दिल्ली में हुआ, जिसमें 30 कैरियर अध्यापक आए।

कैरियर मार्गदर्शन अध्यापकों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम

परिषद् ने कैरियर मार्गदर्शन के अध्यापकों हेतु पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित किया। इस पाठ्यक्रम का लक्ष्य अध्यापकों को उन संघटनात्मक कौशलों से अभिविन्यासित करना है जो

विद्यालयी छात्रों की कैरियर मार्गदर्शन सेवा बढ़ाते हैं। 26 से 28 दिसंबर, 1988 तक नई दिल्ली में आयोजित इस पाठ्यक्रम में विभिन्न राज्यों के वे 31 कैरियर अध्यापक आए जो राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा आयोजित कैरियर अध्यापकों हेतु 4 सप्ताह के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण पा चुके थे। इन प्रतिभागी अध्यापकों के विद्यालयों को कैरियर मार्गदर्शन सेवाएं आरंभ करने के लिए सैंट्रल बोर्ड द्वारा निधि प्रदान की गई।

सेवाकालीन अध्यापकों का अटैचमैंट कार्यक्रम

शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों द्वारा स्थापित विद्यालयों के अध्यापकों की क्षमता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् ने विज्ञान, गणित, अंग्रेजी जैसे विद्यालयी विषयों में एक सप्ताह से लेकर 10 दिन की अवधि तक के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए। वर्ष 1988-89 में, 16 से 25 जनवरी, 1989 तक तथा 10 से 19 फरवरी, 1989 तक क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, मैसूर और भोपाल में 10 दिवसीय दो अटैचमैंट कार्यक्रम आयोजित हुए। इन अटैचमैंट कार्यक्रमों का मुख्य प्रयोजन अध्यापकों को विज्ञान और गणित शिक्षण की आधुनिक तथा नवाचार पद्धतियों से अभिविन्यासित करना था। इन कार्यक्रमों में 58 अध्यापकों ने भाग लिया। केन्द्रीय वक्फ बोर्ड के सहयोग से ये कार्यक्रम आयोजित किए गए। शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों हेतु संस्थाओं के अध्यापकों, प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों के प्रशिक्षण के लिए परिषद् ने 1986 में क्षेत्रीय संसाधन केन्द्रों को स्थापित करने की योजना बनाई। इस योजना के अंतर्गत, परिषद् के सहयोग से अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली, उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद, मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद तथा काश्मीर विश्वविद्यालय श्री नगर में क्षेत्रीय संसाधन केन्द्रों की स्थापना की गई ताकि अल्पसंख्यक संस्थाओं के अध्यापकों, प्रधानाचार्यों तथा प्रबंधकों को प्रशिक्षित किया जा सके। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में स्थापित क्षेत्रीय संसाधन केन्द्र में अभी तक 20 कार्यशालाएं और प्रशिक्षण पाठ्यक्रम गणित, भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, भूगोल, सामाजिक अध्ययन, उर्दू, अंग्रेजी तथा शैक्षिक मूल्यांकन विषयों में अध्यापकों को प्रशिक्षित कराने के लिए 10-10 दिनों के लिए आयोजित किए गए हैं, इन कार्यशालाओं, प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में बिहार, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और उत्तर पूर्वी क्षेत्र के राज्य एवं अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के संघीय क्षेत्रों की संबंधित संस्थाओं से 329 अध्यापकों ने भाग लिया।

विकलांगों की शिक्षा

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की प्रमुख गतिविधियों में विकलांग बच्चों की शिक्षा के प्रोत्साहन हेतु अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण और विस्तार संबंधी मुख्य कार्यकलाप हैं। वर्ष 1988-89 में विकलांग बच्चों की शिक्षा के कार्यक्रमों का मुख्य केन्द्र बिंदु इन बच्चों के लिए शैक्षिक सेवाओं के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु सभी को शिक्षा प्रदान करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों में आवश्यक सक्षमता का विकास करना है। यूनिसेफ सहायता प्राप्त विकलांग बच्चों की समेकित शिक्षा (पी.आई.ई.डी.) परियोजना के अंतर्गत, वर्ष 1988-89 में राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के अध्यापक शिक्षा, विशेष शिक्षा और विस्तार सेवा विभाग ने निम्नलिखित कार्य किए – विकलांग बालकों की शिक्षा हेतु संदर्भ विशिष्ट कार्य नीतियों का विकास, इन बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु शैक्षिक प्रौद्योगिकी के उपयोग के लिए साफ्टवेयर का विकास, अध्यापकों के लिए अनुदेशी सामग्री का विकास, केन्द्र प्रायोजित आई.ई.डी.सी. योजना के नियोजन तथा प्रबंध हेतु राज्य एवं अनुस्तरीय शैक्षिक प्रशासकों का प्रशिक्षण, अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के विशेष शिक्षा एककों के अध्यापकों का प्रशिक्षण और आई.ई.सी.डी. योजना के कार्यान्वयन हेतु सर्वेक्षण और अनुसंधान।

विकलांगों की समेकित शिक्षा परियोजना (पी.आई.ई.डी.)

यूनिसेफ द्वारा सहायता प्राप्त इस परियोजना के अंतर्गत विकलांगों की शिक्षा हेतु संदर्भ विशिष्ट कार्य नीतियाँ विकसित

1988-89

करने के लिए अनेक कार्य किए। पी.आई.ई.डी. का प्रमुख लक्ष्य है – सामान्य विद्यालयों में विकलांग बच्चों के नामांकन को बढ़ाना जिससे वे अन्य सामान्य बच्चों के साथ शिक्षित हो सकें, उनकीआवश्यकताओं के अनुसार पाठ्यचर्या में समायोजन और शिक्षण विधियों तथा सामग्री के रूपांतरण द्वारा उन्नत शैक्षिक सुविधाओं के माध्यम से आम स्कूलों में विकलांग बच्चों को बनाए रखा जा सके तथा इन बच्चों की शिक्षा के लिए संदर्भ – विशिष्ट माडेलिटिज शैली रूपात्मकता विकसित की जा सके। पी.आई.ई.डी. को 1988-89 में हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, नागालैंड, उड़ीसा, राजस्थान और तमिलनाडु में कार्यान्वित किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यकलाप किए गए :

विकलांग बच्चों की पहचान और निर्धारण

इस परियोजना के अंतर्गत सामान्य विद्यालयों में विकलांग बच्चों की पहचान और उनका निर्धारण किया गया। वर्ष 1988-89 में पी.आई.ई.डी. के अंतर्गत आने वाले खंडों (ब्लॉक) के सामान्य विद्यालयों में लगभग 3,750 विकलांग बच्चे पहचाने गए। इनमें मध्य प्रदेश में 1,044 बच्चे, महाराष्ट्र में 993 बच्चे, नागालैंड में 75 बच्चे, उड़ीसा में 345 बच्चे, राजस्थान में 883 और तमिलनाडु में 410 बच्चे थे। पी.आई.ई.डी. परियोजना के अंतर्गत आने वाले हरियाणा तथा मिजोरम के खंडों में भी विकलांग बच्चों की पहचान व निर्धारण का कार्य किया गया। सामान्य विद्यालयों में विकलांग बच्चों की पहचान एवं निर्धारण के अलावा मध्य प्रदेश, मिजोरम, नागालैंड, उड़ीसा, राजस्थान और तमिलनाडु में समुदाय संपर्क कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में लगभग 3000 समुदायिक सदस्यों ने भाग लिया।

पाठ्यचर्या समायोजन और शिक्षण पद्धति तथा सामग्री का रूपांतरण

पी.आई.ई.डी. के अंतर्गत विकलांग बच्चों की आवश्यकता के अनुरूप पाठ्यचर्या समायोजन तथा शिक्षण पद्धति और अनुदेशी सामग्री में रूपातंरण किया गया। 4 से 13 अक्टूबर, 1988 तक एस.सी.ई.आर.टी, हरियाणा में एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें श्रवण – विकृति वाले बच्चों के सामने आने वाली अधिगम संबंधी कठिनाइयाँ जानने के लिए प्राथमिक स्तर पर विज्ञान पाठ्यचर्या और पाठ्यपुस्तकों का विश्लेषण किया गया। इस कार्यशाला में 25 प्रतिभागी आए जिनमें बधिर-अध्यापक सामान्य अध्यापक, अध्यापक शिक्षक और विज्ञान शिक्षा के विशेषज्ञ थे। कार्यशाला में हुई परिचर्चा के आधार पर विज्ञान पाठ्यचर्या के रूपातंरण तथा आम कक्षाओं में प्राथमिक स्तर पर श्रवण विकृत बच्चों के शिक्षण हेतु हैंडबुक निकाली गई तथा हिन्दी पाठ्यचर्या और पाठ्यपुस्तकों के विश्लेषण हेतु हिन्दी सीखते समय श्रवण विकृत बच्चों के समक्ष आने वाली कठिनाइयों का पता लगाने हेतु एक अन्य कार्यशाला आयोजित की गई।

अनुदेशी सामग्री का विकास

परिषद् विकलांग बच्चों के लिए अनुदेशी सामग्री तैयार करती रही। इन बच्चों के लिए सर्जनात्मक कलाओं पर टेपस्लाइड कार्यक्रम तैयार करने के लिए 21 से 22 दिसंबर, 1988 तक नई दिल्ली में कार्यशाला हुई। इसमें 15 प्रतिभागी उपस्थित हुए। प्राथमिक विद्यालयों में विकलांग बच्चों के उपयोग हेतु अनुदेशी सामग्री विकसित करने के लिए 19 से 21 दिसंबर, 1988 तक एक अन्य कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में 15 प्रतिभागी उपस्थित हुए। परिषद् में विकलांग बच्चों की शिक्षा के वीडियो कार्यक्रम हेतु मूल विषयों का पता लगाने तथा सार तैयार करने के लिए भी 12 और 13 मई, 1988 को कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला में अधिगम-कठिनाई, श्रवण दोष, बौद्धिक अवरोधन एवं दृष्टि दोष से संबंधित मुख्य विषयों पर वीडियो कार्यक्रम के "सार" तैयार किये गये। इसमें 16 प्रतिभागी आए। इसके अलावा 8 फरवरी, 1989 को एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें परियोजना क्षेत्र में केन्द्र स्थापित करने के लिए मार्गदर्शिका तैयार की गई। इस कार्यशाला

में 10 प्रतिभागी थे।

क्षीण दृष्टि वाले बच्चों की शिक्षा हेतु मार्गदर्शी रेखाएँ तैयार करना

क्षीण दृष्टि वाले बच्चों की शिक्षा हेतु मार्गदर्शी रेखाएं बनाने के लिए 27 फरवरी से 3 मार्च, 1989 तक नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त बड़े अक्षरों में मुद्रण टेक्नालोज़ी हेतु कार्यकारी दल की 31 जनवरी, 1989 को बैठक आयोजित की गई जिसमें क्षीण दृष्टि वाले बच्चों के लिए बिना प्रोजेक्शन सुविधाओं के बड़े अक्षरों में मुद्रण टैक्नालोजी में पाठ्यसामग्री उपलब्ध कराने हेतु मार्गदर्शी रेखाएं तैयार की गईं। इस के आधार पर पी.आई.ई.डी. के अंतर्गत 1989-90 में क्षीण दृष्टि वाले बच्चों की शिक्षा में एक प्रयोग प्रारंभ किया जाना है।

शैक्षिक प्रशासकों और अध्यापकों का प्रशिक्षण

1988-89 में राज्य एवं अनु-राज्य स्तर पर शैक्षिक प्रशासकों के लिए अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा पी.आई.ई.डी. के कार्यान्वियन की टीम के लिए दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्य एवं अनुस्तर पर शैक्षिक प्रशासकों तथा पी.आई.ई.डी. के टीम सदस्यों के लिए आयोजित अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्यों में ऐसी क्षमताएं विकसित करना है जिससे विकलांग बच्चों हेतु समेकित शिक्षा योजना कार्यान्वित की जा सके। परिषद् ने विकलांग बच्चों की पहचान पद्धति पर अध्यापकों हेतु कुछ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए, अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम दो स्तर पर आयोजित किए। प्रथम स्तर पर प्रशिक्षण पी.आई.ई.डी. योजना के विशेष खंड के सभी अध्यापकों के लिए था जब कि दूसरे स्तर पर 6 सप्ताह की अवधि का प्रशिक्षण कार्यक्रम उन अध्यापकों में से 10% शिक्षकों के लिए था जो प्रथम स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में आए थे। इन अध्यापकों के चयन का आधार पहले प्रशिक्षण के दौरान विकलांग बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने के प्रति उत्साह, प्रशिक्षण के दौरान उनका कार्य निष्पादन तथा स्थान था जहां से वे कुछ प्राथमिक विद्यालयों में सुगमता से जा सकें। 1988-89 में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के ब्यौरे तालिका 5.1 में दिए गए हैं।

कम गति विषयक नियंत्रण वाले छात्रों के लिए कम्प्यूटर द्वारा देवनागरी लिपि का शिक्षण

कम गति विषयक नियंत्रण वाले छात्रों के लिए कम्प्यूटर द्वारा देवनागरी के लिपि शिक्षण हेतु साफ्टवेयर विकसित करने पर दो कार्यशालाएं आयोजित कीगईं। इन कार्यशालाओं में कम्प्यूटर विशेषज्ञ, शिक्षाविद्, विशेष शिक्षक तथा हिन्दी के विशेषज्ञ आए। पहली कार्यशाला 28 और 29 मई, 1988 को पुणे में हुई। इसमें 10 प्रतिभागी उपस्थित हुए। इस कार्यशाला में कम गति विषयक नियंत्रण वाले छात्रों को देवनागरी लिपि सिखाने के लिए कम्प्यूटर कार्यक्रम के लिए रूप रेखा तैयार की गई। दूसरी कार्यशाला 27 फरवरी से 3 मार्च, 1989 तक नई दिल्ली में आयोजित की गई। जिसमें 9 प्रतिभागी आए। इस कार्यशाला में प्रायोगिक स्तर पर परीक्षण हेतु कम्प्यूटर कार्यक्रम के आलेख तैयार किए। नमूने के तौर पर तीन कार्यक्रम विकसित किए।

अधिगम संबंधी अक्षमताओं की पहचान हेतु साधनों का विकास

बोधात्मक तथा निर्माण क्षेत्र में अधिगम विकलांगता की पहचान हेतु साधन विकसित करने के लिए परिषद् ने कार्यकारी दल की दो बैठकें आयोजित कीं। पहली कार्यकारी दल की बैठक 18 से 22 जुलाई 1988 तक नई दिल्ली में हुई जिसमें 10 विशेषज्ञ आए। इस कार्यशाला में अधिगम विकलांगता की पहचान हेतु साधन विकसित किए। इन क्षेत्रों में दृश्य अवबोधन, अक्षर अवबोधन, अंक और चिह्न अवबोधन, सचित्र शब्दावली, श्रवण बोध, वस्तु निष्ठ शब्द भण्डार, क्रियात्मक परिभाषा संबंधी शब्द भण्डार, संबंध वाचक शब्दावली का अर्थगत परीक्षण, समय संबंधी परिकल्पना/संकल्पना की रचना, स्थान संबंधी संकल्पना की रचना, संख्याओं और वाक्य विन्यास परीक्षण, लिंग का व्याकरण सम्मत परीक्षण, क्रम-परीक्षण की समझ तथा वाक्य

1988-89

तालिका 5.1
वर्ष 1988–89 में आयोजित प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
1.	दक्षिणी क्षेत्र में शैक्षिक प्रशासकों हेतु पी.आई.ई.डी. का अभिविन्यास कार्यक्रम	21 से 24 सितंबर 1988	हैदराबाद	22
2.	मिजोरम के प्रशिक्षणार्थियों हेतु शैक्षिक कार्यात्मक निर्धारण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम (एटैचमेंट कार्यक्रम)	6 से 20 नवंबर 1988	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	1
3.	मिजोरम तथा तमिलनाडु से पी.आई.ईडी. के टीम सदस्यों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम	21 नवंबर से 2 दिसंबर 1988	वही	8
4.	पश्चिमी क्षेत्र के शैक्षिक प्रशासकों हेतु पी.आई.ई.डी. पर अभिविन्यास कार्यक्रम	4 से 16 फरवरी1989	रा.शै.अ.प्र.प. पुणे	30
5.	विकलांग बच्चों की पहचान और उनकी शिक्षा व्यवस्था पर म.प्र. के मस्तूरीखंड के अध्यापकों हेतु प्रथम स्तर का प्रशिक्षण कार्यक्रम	1. 30 मई से 4 जून 1988 2. 6 से 11 जून 1988 3. 20 से 25 जून 1988 4. 27 जून से 2 जुलाई 1988 5. 11 से 16 जुलाई 1988	मस्तूरी खंड पुणे	586
6.	विकलांग बच्चों की पहचान और उनकी शिक्षा व्यवस्था पर राजस्थान के छाबड़ा खंड के अध्यापकों का प्रथम स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम	1. 22 से 27 जून 1988 2. 25 से 31 जुलाई 1988 3. 1 से 5 अगस्त 1988 4. 6 से 10 अगस्त 1988	छाबड़ा खंड राजस्थान	400
7.	विकलांग बच्चों की पहचान हेतु मिजोरम के अध्यापकों का प्रथम स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम	25 से 30 सितंबर 1988	आइजोल	300
8.	विकलांग बच्चों की पहचान हेतु हरियाणा के भिवानी खंड के अध्यापकों का प्रथम स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम	24 से 28 फरवरी 1989 तक	भिवानी खंड हरियाणा	91
9.	विकलांग बच्चों की शिक्षा हेतु मिजोरम के चुने गए अध्यापकों का द्वितीय स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम	26 फरवरी से 23 मार्च 1989	आइजोल	60
10.	विकलांग बच्चों की शिक्षा हेतु म.प्र. के चुने गए अध्यापकों का द्वितीय स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम	10 फरवरी से 25 मार्च 1989	भोपाल	47

क्रिया का क्रम आते हैं।

कार्यकारी दल की दूसरी बैठक में भाषा तथा गणित की त्रुटियों के विश्लेषण के आधार पर अधिगम विकलांगता के निर्धारण हेतु कार्यात्मक दृष्टिकोण अपनाया गया। त्रुटियों के विश्लेषण का दृष्टिकोण अपनाने में बोलने, पढ़ने, लिखने, गणित और मूलभूत संख्यात्मक क्रियाओं के ज्ञान संबंधी की जाने वाली त्रुटियाँ सम्मिलित थीं। मनोवैज्ञानिक परीक्षण और त्रुटि विश्लेषण दृष्टिकोण के आधार पर पहचान और निर्धारण के बीच असंगतियों का अध्ययन भी आरंभ किया गया।

सामान्य अध्यापकों के लिए विशेष शिक्षा पाठ्यचर्या

सभी सामान्य अध्यापकों को सेवा पूर्व प्रशिक्षण में विशेष शिक्षा के निवेश प्रदान के लिए सेवा पूर्व अध्यापक शिक्षा में विशेष शिक्षा की पाठ्यचर्या और मार्गदर्शिका तैयार की गई। इन निवेशों पर तीन स्तरों पर विचार-विमर्श किया गया। स्तर एक पर विभिन्न अध्यापक शिक्षा के पाठ्यक्रमों में विकलांग बच्चों की पहचान का मूल कार्यक्रम, कार्यात्मक निर्धारण और कक्षा व्यवस्था को सम्मिलित किया जाना था। इस संबंध में मुख्य बिंदुओं की पहचान कर ली गई है। स्तर दो पर विशेष शिक्षा में अधिक निवेशों के इच्छुक अध्यापकों के लिए ऐच्छिक पाठ्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई। विशेष शिक्षा के दोनों स्तर एन.सी.टी.ई. की पाठ्यचर्या संरचना पर आधारित सेवा पूर्व अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम के तत्व हैं। स्तर तीन पर एक शैक्षिक वर्ष की अवधि का बहुवर्गीय अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम बनाया है। इस पाठ्यक्रम में संज्ञानात्मक और संवेदात्मक अक्षमता के लिए ज्ञान और क्षमता प्रदान की जाती है। स्तर तीन के पाठ्यक्रम के अध्यापकों से अपेक्षा की जाती है कि वे सामान्य स्कूलों में सामान्य बच्चों के साथ पढ़ने वाले विकलांग बच्चों के शिक्षण में सामान्य अध्यापकों की सहायता करेंगे। इसके अलावा 8 से 10 मार्च, 1989 तक नई दिल्ली में हुई कार्यकारी दल की बैठक में विशेष शिक्षा पर कुछ प्रशिक्षण माड्यूल्स तैयार किये गए।

सर्वेक्षण/अनुसंधान

आलोच्य वर्ष में विकलांग बच्चों की शिक्षा हेतु तीन अनुसंधान और सर्वेक्षण पूरे किए गए। प्रश्नावलियों के माध्यम से आई.ई.डी.सी. योजना के कार्यान्वियन की प्रगति का सर्वेक्षण किया गया। 12 राज्यों से आंकड़े प्राप्त हुए तथा रिपोर्ट तैयार की गई। इसके अतिरिक्त सरकारी तथा गैर-सरकारी संस्थाओं में विभिन्न अभिकरणों द्वारा तैयार इस सर्वेक्षण के अंतर्गत अनुदेशी सामग्री संबंधी निम्नलिखित जानकारी दी गई:
विषय, भाषा, जिसमें प्रकाशित हुई, जिस वर्ग के लिए तैयार की गई, प्रकार (मुद्रित-अमुद्रित), पता और मूल्य। इस जानकारी की निर्देशिका प्रकाशन हेतु तैयार है।

आई.ई.डी. तथा विशेष विद्यालयों में पढ़ने वाले श्रवण-दोष ग्रस्त बच्चों की भाषायी क्षमता के अन्वेषण का अध्ययन नामक एक अन्य अध्ययन पूरा किया गया । इसमें केस अध्ययन पद्धति के माध्यम से दिल्ली और हरियाणा के आई.ई.डी. और विशेष विद्यालयों में पढ़ रहे श्रवण-दोष ग्रस्त 50 बच्चों की भाषायी क्षमता का पता लगाया गया। इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य आई.ई.डी. में पढ़ने वाले श्रवण दोष ग्रस्त बालकों की भाषा क्षमता की विशेष विद्यालयों में पढ़ने वाले श्रवण दोष ग्रस्त बालकों की भाषा क्षमता से तुलना करना था।

भाषायी विभिन्नताओं के मूल्यांकन के लिए केस अध्ययन उपागम अपनाया गया। आई.ई.डी. सैटिंग तथा विशेष विद्यालयों में कक्षा 4 और कक्षा 5 में पढ़ने वाले श्रवण विकृत 50 बच्चे इस अध्ययन में नमूने के तौर पर लिए गए।

इस अध्ययन के मुख्य परिणामों से स्पष्ट हो जाता है कि आई.ई.डी. सैटिंग में अध्ययनरत श्रवण विकृत बच्चे विशेष विद्यालयों में अध्ययनरत श्रवण विकृत बच्चों से भाषायी कुशलताओं तथा गैर-शाब्दिक बुद्धि की दृष्टि से अच्छे होते हैं। श्रवण विकृत बच्चों की प्रगति का कार्य निष्पादन सामान्य बच्चों की तुलना में कम पाया गया।

प्रसार/प्रकाशन

जानकारी के आदान प्रदान हेतु "कम्यूनिकेशन : ईक्वल

1988-89

एजुकेशनल अपारच्युनिटी'' नामक त्रैमासिक पत्र के चार अंक निकाले गए हैं तथा ये पी.आई.ई.डी. के खंडों के स्कूलों, राज्य स्तर पर आई.ई.डी. प्रकोष्ठों, एन.जी.ओ.एवंआई.ई.डी. कार्यक्रम वाले विद्यालयों में वितरित किये गये।

1988-89 में निम्नलिखित प्रकाशनों को अंतिम रूप दिया गया :

(1) एक वर्षीय बहु श्रेणी प्रशिक्षण कार्यक्रम

(2) 6 सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम-पी.आई.ई.डी.

(3) विकलांग बच्चों के लिए शैक्षिक खिलौनों का उपयोग (मराठी, मिजो और तमिल में प्रकाशन हेतु)

(4) विकलांग बच्चों का कार्यात्मक मूल्यांकन (प्रैस में)

(5) विकलांग बच्चों के अधिगम हेतु अनुदेशी सामग्री

(6) खेल तथा विकलांग बच्चे

(7) विज्ञान पाठ्यचर्या में अनुकूलन पर अध्यापक हैंडबुक।

1988-89

छ : शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रिया का पुनरभिविन्यास

राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 1986 में निर्दिष्ट विद्यालय स्तर पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रियाओं का पुनरभिविन्यास राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रतिपादन से ही रा.शै.अ.प्र.प. का एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण विषय बना हुआ है। परिषद् ने विद्यालय स्तर पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रिया के पुनरभिविन्यास हेतु अनेक समन्वित कार्य प्रारंभ किए हैं जिससे शिक्षा की उभरती हुई राष्ट्रीय व्यवस्था को ठोस रूप दिया जा सके। इस दिशा में किये गए कार्यों का मुख्य बल इन बिन्दुओं पर था – राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप राष्ट्रीय पाठ्यचर्या संरचना का संशोधन, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या संरचना पर आधारित पाठ्यचर्या मार्गदर्शिका और पाठ्यविवरणों का विकास, प्राथमिक स्तर पर विभिन्न पाठ्यचर्या क्षेत्रों में अनुदेशी सामग्री का विकास, विद्यालय शिक्षा के विभिन्न स्तरों हेतु भाषा, सामाजिक विज्ञान और व्यापार अध्ययनों में अनुदेशी सामग्रियों का विकास, उच्च प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर संशोधित कार्यानुभव कार्यक्रमों का कार्यान्वयन, विद्यालय स्तर पर विज्ञान और गणित शिक्षा का उन्नयन, विज्ञान उपकरणों का विकास, तथा अध्यापन अधिगम प्रक्रियाओं के उन्नयन के लिए अविरल और व्यापक मूल्यांकन की शुरूआत सहित परीक्षा में सुधार। रा.शै.अ.प्र.प. ने विद्यालय स्तर पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रिया के पुनरभिविन्यास हेतु वर्ष 1988-89 में निम्नलिखित मुख्य कार्य किए :

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या संरचना का विकास

परिषद् द्वारा विभागों/शिक्षा निदेशालयों, एस.सी.ई.आर.टी./राज्य शिक्षा संस्थानों के माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड तथा राज्य स्तर के अन्य अभिकरणों की सहायता से तैयार किया तथा 1986 में प्रकाशित "प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा की राष्ट्रीय पाठ्यचर्या एक रूपरेखा" नामक दस्तावेज को राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 1986 में निर्दिष्ट बल के परिप्रेक्ष्य में संशोधित किया गया। यह संशोधित दस्तावेज अप्रैल, 1988 में "प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा पाठ्यचर्या – एक ढाँचा" नाम से प्रकाशित किया गया तथा उच्चतर माध्यमिक शिक्षा की पाठ्यचर्या के ढांचे का प्रारूप भी तैयार किया गया।

पाठ्यचर्या मार्गदर्शिकाओं और पाठ्यविवरणों का विकास

परिषद् द्वारा 1986-87 में प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की

1988-89

पाठ्यचर्या के विकास हेतु तैयार मार्गदर्शिका का प्रारूप देश के विभिन्न अभिकरणों से प्राप्त सुझावों के अनुसार संशोधित किया गया। इस संशोधित दस्तावेज ''प्राथमिक स्तर पर अधिगम के न्यूनतम स्तर – सामान्य कोर अवयवों सहित पाठ्यविवरण'' में प्राथमिक स्तर पर सभी शाखाओं के लिए पाठ्यचर्या क्षेत्रों के संबंध में सीखने वालों के न्यूनतम स्तर दिए गए हैं। यह दस्तावेज उन राज्यों/संघ शासित क्षेत्र के अभिकरणों को भेजा गया, जो पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्री के नवीकरण के लिए जिम्मेदार हैं। विभिन्न पाठ्यचर्या क्षेत्रों में पाठ्यपुस्तकों सहित अनुदेशी सामग्री के विकास हेतु राज्य के अभिकरणों को उच्च प्राथमिक और माध्यमिक स्तर की पाठ्यचर्या की मार्गदर्शिका और पाठ्य विवरण भेजे गए।

कक्षा 5 की अनुदेशी सामग्री

परिषद् द्वारा 1986-87 में तैयार की गई कक्षा 1 और 3 की पाठ्यपुस्तकों सहित संशोधित अनुदेशी सामग्री केन्द्रीय विद्यालयों के 1987-88 के शैक्षिक सत्र में लागू की गई। परिषद् द्वारा 1987-88 में कक्षा 2 और 4 की तैयार की गई पाठ्य पुस्तकों को 1988-89 के शैक्षिक सत्र में केन्द्रीय विद्यालयों में लागू किया गया। 1988-89 में राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विद्यालय पूर्व और प्राथमिक शिक्षा विभाग ने कक्षा 5 के लिए भाषा (हिन्दी) गणित, पर्यावरणीय अध्ययन भाग 1 (सामाजिक अध्ययन), 2 (विज्ञान) की नई पाठ्यपुस्तकों के विकास तथा कक्षा 5 में कला शिक्षा के अध्यापन हेतु शिक्षकों के लिए कला शिक्षा का अध्यापक मैनुअल तैयार करने की जिम्मेदारी ली। इन पुस्तकों तथा अध्यापक मैनुअल की पांडुलिपि तैयार करने एवं समीक्षा के लिए विद्यालय पूर्व एवं प्राथमिक शिक्षा विभाग द्वारा अनेक बैठकें/कार्यशालाएँ आयोजित की गई। इन बैठकों/कार्यशालाओं के पूर्ण ब्यौरे तालिका 6.1 में दिए गए हैं।

तालिका 6.1

कक्षा 5 की पाठ्यपुस्तकें और मैनुअल तैयार करने हेतु आयोजित बैठकें/कार्यशालाएँ

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख	स्थान
1.	कक्षा 5 की पर्यावरण अध्ययन (विज्ञान) हेतु पाठ्य पुस्तक के फारमेट को अंतिम रूप देने के लिए सलाहकार समिति की बैठक	19 से 25 जुलाई 1988 तक	रा.शि.सं. परिसर नई दिल्ली
2.	कक्षा 5 के लिए हिन्दी पाठ्यपुस्तक की सलाहकार समिति की बैठक	16 से 23 अगस्त, 1988 तक	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली
3.	कक्षा 5 हेतु पर्यावरण अध्ययन (सामाजिक विज्ञान) पाठ्यपुस्तक की (हिन्दी) पांडुलिपि की समीक्षा करने के लिए सलाहकार समिति की बैठक	19 से 25 सितंबर, 1988 तक	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली
4.	कक्षा 5 की पर्यावरण अध्ययन (सामाजिक अध्ययन) पाठ्यपुस्तक की समीक्षा हेतु सलाहकार समिति की बैठक	26 से 30 सितंबर, 1988 तक	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली
5.	कक्षा 5 की पर्यावरण अध्ययन (विज्ञान) पाठ्य पुस्तक की पांडुलिपि को अंतिम रूप देने के लिए कार्यकारी दल की बैठक	26 से 30 सितंबर 1988 तक	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली

1988-89

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख	स्थान
6.	कक्षा 5 के लिए पर्यावरण अध्ययन (हिन्दी) पाठ्य पुस्तक की पांडुलिपि की समीक्षा और संपादन हेतु लेखकों/विशेषज्ञों की बैठक	8 से 16 अक्तूबर 1988 तक	एन.सी.ई.आर.टी.नई दिल्ली
7.	कक्षा 5 हेतु गणित पाठ्य पुस्तक की पांडुलिपि की समीक्षा पर कार्यशाला	11 से 17 अक्तूबर 1988 तक	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली
8.	कक्षा 5 हेतु हिन्दी पाठ्यपुस्तक के लिए पुनरीक्षण समिति की बैठक	23 से 28 नवंबर, 1988 तक	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली
9.	कक्षा 5 के लिए कला शिक्षा में अध्यापक मैनुअल की पांडुलिपि की समीक्षा हेतु बैठक	19 से 23 दिसंबर 1988 तक	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली

सामाजिक विज्ञान और मानविकी शिक्षा

विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न स्तरों हेतु सामाजिक विज्ञान और मानविकी की अनुदेशी सामग्रियों का विकास रा.शै.अ.प्र.प. का महत्वपूर्ण कार्य रहा है। 1986-87 में परिषद् द्वारा विकसित नागरिक शास्त्र, इतिहास और भूगोल की नई पाठ्यपुस्तकें 1987–88 के शैक्षिक सत्र में केन्द्रीय विद्यालयों में आरंभ की गईं। इन विषयों में कक्षा 7 की नई पाठ्यपुस्तकें केन्द्रीय विद्यालयों में 1988-89 में लागू की गई है। इसी प्रकार से 1986-87 में रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा संशोधित एवं तैयार की गई, 1,3, और 6 की हिन्दी की पाठ्य पुस्तकें केन्द्रीय विद्यालयों में 1987-88 के शैक्षिक सत्र में लागू की गई तथा कक्षा 2,4 और 7 की 1987-88 में संशोधित हिन्दी पाठ्यपुस्तकें केन्द्रीय विद्यालयों में 1988-89 के शैक्षिक सत्र में लगाई गई।

रा.शै.अ.प्र.प. के सामाजिक विज्ञान और मानविकी शिक्षा विभाग में विद्यालयी-शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर सामाजिक विज्ञान और मानविकी विषयों की पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्री के विकास से संबंधित कार्यकलापों को समन्वित किया जाता है। 1998–89 में डी.ई.एस.एस.एच. ने कक्षा 8 और 9 की नागरिक शास्त्र, भूगोल और इतिहास तथा कक्षा 11 की भूगोल, इतिहास और राजनीति शास्त्र की पाठ्यपुस्तकों को तैयार करने का कार्य पूरा किया। सामाजिक विज्ञान, मानविकी शिक्षा विभाग ने भाषा की अनुदेशी सामग्री (हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृत), की अनुदेशी के विकास, व्यापार अध्ययन तथा लेखा विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों को तैयार करने और कला शिक्षा की अनुदेशी सामग्री एवं विद्यालयों में योग शिक्षण के विकास संबंधी अनेक कार्यकलाप किए। डी.ई.एस.एस.एच. ने ''रीडिंग टू लर्न'' परियोजना से संबंधित कुछ कार्यकलाप किए और राष्ट्रीय एकता के विचार से पाठ्य पुस्तकों का मूल्यांकन किया, राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के कार्यान्वयन हेतु केन्द्रीय, तकनीकी, समन्वयन और मोनिटरिंग अभिकरण के रूप में कार्य जारी रखा।

इतिहास/नागरिक शास्त्र/राजनीति शास्त्र और भूगोल की अनुदेशी सामग्री का विकास

वर्ष 1988-89 में कक्षा 8 की नागारिक शास्त्र की पाठ्यपुस्तक, कक्षा 11 और 12 की राजनीति शास्त्र, कक्षा 8 की भूगोल एवं कक्षा 11 और 12 की भूगोल पाठ्य पुस्तक की पांडुलिपियों को तैयार करने व उनकी समीक्षा हेतु 1988-89 में कार्यशाला/बैठकों की शृंखला आयोजित की गई है। इन कार्यशालाओं/बैठकों के ब्यौरे 6.2 तालिका में दिए गए हैं।

1988-89

तालिका 6.2

कक्षा 8 की नागरिक शास्त्र, कक्षा 8, 11,12 की भूगोल एवं कक्षा 11 और 12 की राजनीति शास्त्र की पाठ्यपुस्तकों के विकास हेतु 1988-89 में आयोजित कार्यशालाएँ/बैठकें

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख	स्थान
1.	कक्षा 8 की नागरिक शास्त्र की पाठ्यपुस्तक की पांडुलिपि के संशोधन और अंतिम रूप देने हेतु कार्यशाला	1 से 5 अगस्त 1988 तक	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली
2.	कक्षा 11 और 12 की राजनीति शास्त्र की पाठ्यपुस्तक की पांडुलिपि समीक्षा एवं अंतिम रूप देने हेतु कार्यशाला	18 से 22 जुलाई, 1988 तक	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली
3.	कक्षा 8 की भूगोल पाठ्यपुस्तक तैयार करने के लिए कार्यशाला	8 से 12 अगस्त, 1988 तक	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली
4.	कक्षा 11 और 12 की राजनीति शास्त्र की पाठ्यपुस्तक के हिन्दी रूपांतर की पांडुलिपि की समीक्षा एवं अंतिम रूप देने हेतु बैठक	14 से 18 नवंबर 1988	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली
5.	कक्षा 11 और 12 की भूगोल पाठ्यपुस्तक के हिन्दी रूपांतर की पांडुलिपि के समीक्षा एवं अंतिम रूप देने हेतु बैठक	30 जनवरी से 3 फरवरी, 1989	वही
6.	कक्षा 11 और 12 की राजनीति शास्त्र की पाठ्य पुस्तक के हिन्दी रूपांतर की पांडुलिपि की समीक्षा और अंतिम रूप देने हेतु बैठक	वही	
7.	कक्षा 11 और 12 की राजनीतिशास्त्र की पाठ्य पुस्तक की पांडुलिपि की समीक्षा और उसे अंतिम रूप देने हेतु बैठक	13 से 17 फरवरी 1989	वही

तालिका 6.3

वर्ष 1988-89 के दौरान हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृत की अनुदेशी सामग्री के विकास के लिए आयोजित कार्यशालाएँ/बैठकें

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख	स्थान
	हिन्दी भाषा की अनुदेशी सामग्री		
1.	नवोदय विद्यालयों के लिए हमारी हिन्दी भाग–3 पाठ्यपुस्तक तैयार करने की कार्यशाला	11 से 12 अप्रैल, 1988 तक	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली
2.	हिन्दी व्याकरण और रचना का एक सैट तैयार करने के लिए कार्यशाला	16 से 25 अगस्त, 1988 तक	वृंदाबन, उत्तर प्रदेश
3.	नवोदय विद्यालय के लिए हमारी हिन्दी भाग–3 पाठ्यपुस्तक तैयार करने हेतु कार्यशाला	19 से 25 सितंबर 1988 तक	मैसूर

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख	स्थान
4.	कक्षा 10 के लिए हिन्दी पाठ्य पुस्तकें तैयार करने हेतु कार्यशाला (ए और बी पाठ्यक्रम)	26 सितंबर से 30 अक्तूबर, 1988 तक	एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली
5.	कक्षा 10 की हिन्दी पाठ्य पुस्तकें (ए और बी पाठ्यक्रम) तैयार करने के लिए कार्यशाला	22 से 28 दिसंबर, 1988 तक	वही
6.	कक्षा 5 के लिए अरूण भारती भाग–5, पाठ्यपुस्तक तैयार करने हेतु कार्यशाला (अरूणाचल प्रदेश के लिए)	23 से 30 जनवरी 1989 तक	वही
7.	कक्षा 5 की अरूण भारती भाग–5, अभ्यास पुस्तकें तैयार करने हेतु कार्यशाला (अरूणाचल प्रदेश के लिए)	23 से 30 मार्च, 1989 तक	वही
8.	उच्च प्राथमिक स्तर पर हिन्दी के अध्यापन हेतु किशोर भारती 1,2, 3 पर आधारित कार्यकलाप संबंधी पुस्तक तैयार करना	1 से 8 मार्च 1989 तक	पटना
9.	हमारी हिन्दी भाग–1 पाठ्यपुस्तक पर आधारित ओडियो कैसेटों के आलेख तैयार करने पर कार्यशाला	23 से 30 मई 1988 तक	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली
10.	कक्षा 8 की हिन्दी पाठ्यपुस्तकों का एक सैट तैयार करने के लिए कार्यशाला	23 से 30 मई 1988 तक	वही
11.	वही	15 से 20 जून 1988 तक	वही
12.	वही	16 से 21 अगस्त, 1988 तक	वही
13.	कक्षा 5 की हिन्दी पाठ्यपुस्तक के आधार पर अभ्यास पुस्तिका तैयार करने पर कार्यशाला	12 से 16 सितंबर, 1988 तक	वही
14.	उच्च प्राथमिक स्तर पर छात्रों के लिए हिन्दी शब्दकोष तैयार करने पर कार्यशाला	12 से 16 सितंबर, 1988 तक	वाराणसी
15.	कक्षा 12 की हिन्दी पाठ्यपुस्तक का एक सैट तैयार करने पर कार्यशाला	13 से 20 जनवरी, 1988 तक	मद्रास
16.	कक्षा 10 और 12 की हिन्दी पाठ्यपुस्तकों का एक सैट तैयार करने पर कार्यशाला	20 से 24 फरवरी, 1989 तक	रा.शै.अ.प्र.प.
	अंग्रेजी भाषा के लिए अनुदेशी सामग्री		
1.	माध्यमिक विद्यालयों में अंग्रेजी शिक्षण में सुधार लाने के लिए कार्यकारी दल की बैठक	18 से 21 जुलाई, 1988	रा.शै.अ.प्र.प.
2.	नवोदय विद्यालय की कक्षा 7 में अंग्रेजी शिक्षण की ओडियो टेप तैयार करने के लिए कार्यशाला	नवंबर, 1988	बंगलूर

1988-89

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख	स्थान
3.	कक्षा 10 हेतु अंग्रेजी की पाठ्य पुस्तक को अंतिम रूप देने के लिए (पाठ्यक्रम बी) कार्यशाला	11 से 12 अक्तूबर, 1988	रा.शै.अ.प्र.प.
4.	अंग्रेजी भाषा में सहायक सामग्री एवं ''लैट्स लर्न इंग्लिश'' पुस्तक के विकास हेतु कार्यशाला	30 जनवरी से 3 फरवरी, 1989	बेंगलूर
5.	अंग्रेजी पठन हेतु सहायक सामग्री की कार्यशाला	31 मार्च से 5 अप्रैल 1989 तक	रा.शै.अ.प्र.प.
	संस्कृत भाषा के लिए अनुदेशी सामग्री		
1.	कक्षा 6 की संस्कृत पाठ्य पुस्तकें तैयार करने पर कार्यशाला (हिन्दी के ''ए'' पाठ्यक्रम का भाग)	28 से 31 दिसंबर, 1988 तक	नई दिल्ली
2.	कक्षा 9 की संस्कृत पाठ्य पुस्तक तैयार करने पर कार्यशाला (हिन्दी के ''ए'' पाठ्यक्रम का भाग)	7 से 11 फरवरी, 1988 तक	पुरी
3.	संस्कृत साहित्य से राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को उजागर करने वाली कथा पुस्तकें तैयार करने की कार्यशाला	11 से 15 जुलाई, 1988 तक	रा.शै.अ.प्र.प.
4.	कक्षा 8 की संस्कृत पाठ्य पुस्तक के संशोधन पर कार्यकारी दल की बैठक	25 अगस्त से 1 सितंबर, 1988 तक	दिल्ली
5.	कक्षा 11 की संस्कृत पाठ्यपुस्तक के संशोधन हेतु कार्यशाला	28 नवंबर से 2 दिसंबर, 1988 तक	रा.शै.अ.प्र.प.
6.	कक्षा 6 से 10 तक संस्कृत के पाठ्यविवरण तैयार करने पर कार्यशाला	6 से 8 दिसंबर, 1988 तक	वही
7.	संस्कृत साहित्य से राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को उभारने वाली कहानी की पुस्तकें तैयार करने पर कार्यशाला	27 से 30 मार्च, 1988 तक	दिल्ली

भाषा में अनुदेशी सामग्री का विकास

आलोच्य वर्ष में, परिषद् ने हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृत भाषा में पाठ्यपुस्तकों सहित अनुदेशी सामग्रियों के विकास हेतु अनेक कार्यशालाएँ/बैठकें आयोजित कीं। उनके ब्यौरे तालिका 6.3 में दिए हैं। इसके अतिरिक्त परिषद् ने प्राथमिक स्तर के हिन्दी अध्यापन के शीर्ष व्यक्तियों के लिए 6 से 10 मार्च, 1989, अभिविन्यास पाठ्यक्रम तथा द्वितीय और तृतीय भाषा के रूप में हिन्दी पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए 24 फरवरी 1989 को अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया।

वाणिज्य अध्ययन और लेखा विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों का विकास

परिषद् ने कक्षा 11 और 12 के लिए लेखा विज्ञान और

व्यापार अध्ययन पाठ्यपुस्तकों के विकास का कार्य हाथ में लिया 1988-89 के दौरान कार्यकलापों का मुख्य केन्द्र बिन्दु कक्षा 11 की पाठ्यपुस्तकों का विकास था। इस प्रयोजन के लिए पांच कार्यशालाएँ/बैठकें आयोजित की गई। इनके व्यापक ब्यौरे तालिका 6.4 में दिए गए है।

कला शिक्षा में अनुदेशी सामग्री का विकास

परिषद् विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर कला शिक्षा की पाठ्यचर्या के प्रभावी कार्यान्वयन को सुगम बनाने के लिए अनुदेशी सामग्री और अन्य अध्यापन स्रोतों के विकास कार्यों में रत रही है। कला शिक्षा से संबंधित अनुदेशी सामग्री तैयार करने तथा अन्य अध्ययन स्रोत संबंधी कला शिक्षा के विभिन्न कार्यकलापों पर नई दिल्ली में 27 फरवरी से, 1 मार्च 1989 तक कार्यशाला आयोजित की। इसके अतिरिक्त, विद्यालयों में कला शिक्षा कार्यकलापों के प्रोत्साहन हेतु परिषद् ने प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के कला अध्यापकों, महाराष्ट्र के शिक्षक प्रशिक्षकों के लिए 22 से 30 अक्तूबर 1988 तक पुणे में शिविर आयोजित किया गया तथा नई दिल्ली में 13 से 3० मार्च, 1989 तक बच्चों, अभिभावकों तथा अध्यापकों के लिए सर्जनात्मक कला क्लब बनाया गया एवं नई दिल्ली में 23 मार्च से 1 अप्रैल, 1989 तक विकलांगों के लिए रचनात्मक कला के अध्यापक प्रशिक्षक एवं अध्यापकों का अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया।

योग पर अनुदेशी सामग्री का विकास

इस वर्ष परिषद् ने योग पर अनुदेशी सामग्री के विकास हेतु दो कार्यशालाएँ आयोजित कीं। पहली कार्यशाला 21 से 23 दिसंबर 1988 तक तथा दूसरी 8 से 11 मार्च 1989 त आयोजित की गई।

अर्थशास्त्र के अध्यापकों के लिए हैंडबुक का विकास

परिषद् ने विद्यालयों के अर्थशास्त्र अध्यापकों हेतु हैंडबुक तैयार करने का कार्य प्रारंभ किया है। इस संबंध में नई दिल्ली में 16 से 20 जनवरी, 1989 तक विशेषज्ञों और अध्यापकों की कार्यशाला आयोजित की गई।

सामान्य अध्ययन के पाठ्यविवरण का विकास

परिषद् ने सामान्य अध्ययन के पाठ्यविवरण के विकास पर अनेक कार्य आरंभ किए हैं जो + 2 स्तर की पाठ्यचर्या के अभिन्न भाग के रूप में लागू किये जा रहे हैं। परिषद् ने +2 स्तर पर सामान्य अध्ययन के पाठ्यविवरण के विकास हेतु 23 से 27 जनवरी, 1989 तक कलकत्ता में कार्यशाला आयोजित की।

'पढ़ें और सीखें माला'

रा.शै.अ.प्र.प. ने ''पढ़ें और सीखें माला'' के अंतर्गत बच्चों की अंग्रेजी और हिन्दी की पुस्तकों की नई शृंखलाएँ शुरू की हैं। इन शृंखलाओं के अंतर्गत आने वाली पुस्तकों का उद्देश्य शिक्षा पाने वाले बच्चों में पढ़ने की आदत डालना, उनमें पुस्तकों के प्रति प्रेम उत्पन्न करना तथा उन्हें अपने चारों ओर विद्यमान सौंदर्य तथा विश्व के आश्चर्य के प्रति सजग करना था। इस शृंखला में 1988–89 में हिन्दी में पाँच पुस्तकें निकाली गईं। पढ़ें और सीखें शृंखला में निकाली जाने वाली पुस्तकों की पांडुलिपियाँ तैयार करने के लिए अनेक बैठकें/कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। तालिका में इन बैठकों/कार्यशालाओं के पूर्ण विवरण दिए गए हैं।

1988-89

तालिका 6.4

व्यापार अध्ययन और लेखा विज्ञान की पाठ्य पुस्तकों के विकास हेतु आयोजित बैठकें/कार्यशालाएँ

क्र.सं.	कार्यक्रम का नाम	तारीख	स्थान
1.	वाणिज्य सलाहकार समिति की बैठक	1 से 3 अगस्त, 1988 तक	मैसूर
2.	उच्चतर माध्यमिक स्तर पर व्यापार अध्ययन एवं लेखा विज्ञान पाठ्य पुस्तक विकसित करने के लिए सलाहकार समिति की बैठक	27 से 28 मार्च, 1989 तक	रा.शै.अ.प्र.प.
3.	कक्षा 11 के लिए लेखा विज्ञान और व्यापार अध्ययन की पाठ्य पुस्तकें विकसित करने पर विशेषज्ञों की बैठक	10 से 15 अक्तूबर 1988 तक	वही
4.	तथैव	5 से 7 नवंबर, 1988 तक	वही
5.	कक्षा 11 की लेखा विज्ञान पाठ्य पुस्तक तैयार करने के लिए बैठक	23,24,26 से 28 दिसंबर, 1988 तक	वही

तालिका 6.5

पढ़ें और सीखें श्रृंखला के अंतर्गत सामग्री के विकास हेतु आयोजित कार्यशालाएँ/बैठकें

क्र.सं.	शीर्षक	तारीख	स्थान
1.	अंग्रेजी सामग्री के विकास हेतु विशेषज्ञों की बैठक	11 से 12 अप्रैल, 1988 तक	रा.शै.अ.प्र.प.
2.	हिन्दी सामग्री के विकास हेतु विशेषज्ञों की बैठक	9 से 13 मई, 1988 तक	वही
3.	हिन्दी सामग्री के विकास हेतु विशेषज्ञों की बैठक	23 से 24 मई, 1988 तक	वही
4.	हिन्दी सामग्री के विकास हेतु विशेषज्ञों की बैठक	10 जून, 1988	वही
5.	हिन्दी सामग्री के विकास हेतु विशेषज्ञों की बैठक	19 से 23 अगस्त, 1988 तक	श्रीनगर
6.	हिन्दी सामग्री के विकास हेतु विशेषज्ञों की बैठक	16 नवंबर, 1988	रा.शै.अ.प्र.प.
7.	अंग्रेजी परियोजना के संपादन मंडल की बैठक	24 से 26 अक्तुबर, 1988 तक	रा.शै.अ.प्र.प.
8.	हिन्दी सामग्री के विकास हेतु विशेषज्ञों की बैठक	29 नवंबर से 3 दिसंबर, 1988 तक	त्रिवेन्द्रम
9.	हिन्दी सामग्री के विकास हेतु विशेषज्ञों की बैठक	6 से 10 मार्च, 1988 तक	रा.शै.अ.प्र.प.

राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से पाठ्यपुस्तकों का मूल्यांकन

राष्ट्रीय एकता के प्रोत्साहन तथा भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के अध्ययन के कार्यक्रमों के भाग के रूप में परिषद् ने राष्ट्रीय एकता और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के अध्ययन से संबंधित विषय वस्तु की उपयुक्तता की दृष्टि से इतिहास की नई पाठ्य पुस्तकों के मूल्यांकन हेतु दो कार्यशालाएँ आयोजित कीं। 1988–89 में, आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्यों में विकसित इतिहास की नई पाठ्यपुस्तकों का राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से मूल्यांकन किया गया। इस प्रयोजन हेतु दो कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। पहली कार्यशाला 18 से 20 अगस्त, 1988 तक गांधी नगर तथा दूसरी कार्यशाला त्रिवेन्द्रम में 30 मार्च से 3 अप्रैल, 1989 तक हुई।

विशेष परियोजनाएँ

सामाजिक विज्ञान और मानविकी के क्षेत्रों में पाठ्यक्रम और अनुदेशी सामग्री के विकास से संबंधित कुछ विशेष कार्यक्रमों/परियोजनाओं को लागू करने में भी परिषद् लगी हुई है। सा.वि.एव.मा.शि.वि. द्वारा 1988–89 के दौरान इस कार्य के अंतर्गत कई कार्यकलाप किए गए जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं–

(i) विद्यालयी बच्चों के लिए राष्ट्रीय जीवनी कोश का निर्माण। इस परियोजना के अंतर्गत गोआ में 21 से 23 सितंबर 1988 तक एक बैठक हुई जिसमें कोश की सामान्य रूपरेखा बनाई गई और कोश में शामिल किए जाने वाले पात्रों की पहचान की गई।

(ii) एशिया और पैसिफिक में शैक्षिक विकास के लिए यूनेस्को – एन.आई.ई.आर. क्षेत्रीय कार्यक्रम के तत्वावधान में की गई शोध परियोजना ''एशिया और पैसिफिक के देशों में माध्यमिक शिक्षा के कुछ महत्वपूर्ण पहलू'' पर कंट्री रिपोर्ट का निर्माण। परियोजना की रिपोर्ट जापान के राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान संस्थान द्वारा दिसंबर 1988 में प्रकाशित की गई।

(iii) एक अखिल भारतीय बाल साहित्य प्रतियोगता का आयोजन। चुनी गई पांडुलिपियों के लेखकों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए गए।

(iv) स्कूल अध्यापकों के लिए सेमिनार रीडिंग्स कार्यक्रम का आयोजन। चुने गए अध्यापकों को नगद पुरस्कार और योग्यता प्रमाण पत्र दिए गए।

(v) चंडीगढ़ के क्षेत्रीय संसाधन केन्द्र के सहयोग से हिमाचल प्रदेश के नव साक्षरों के लिए शिक्षण–अधिगम सामग्री का निर्माण। ग्रामीण/आदिवासी केन्द्रों में परीक्षण के बाद तीन पांडुलिपियाँ बनाई गईं।

राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना

वर्ष 1988–89 में, राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के अंतर्गत किए गए कार्यों का मुख्य लक्ष्य विद्यालय शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रिया में जनसंख्या शिक्षा के तत्वों का प्रभावी एकीकरण करना था। इस संबंध में, जनसंख्या शिक्षा की न्यूनतम अनिवार्य विषयवस्तु को अंतिम रूप दिया गया। पाठों का सार संग्रह तैयार किया गया, राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा की स्रोत पुस्तक तैयार की गई, कोर मूल विषयवस्तु पर वीडियो कार्यक्रम का निर्माण किया गया, राज्यों में विकसित अनुदेशी और प्रशिक्षण सामग्री की समीक्षा की गई, सहायक पाठ सामग्री की समीक्षा कीगई, अध्यापक–शिक्षकों और परियोजना के कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया, +2 स्तर के छात्रों के मूल्यांकन साधनों का विकास किया गया, एवं प्रश्नोत्तरी योजना तैयार की गई।

तालिका 6.6 में इस परियोजना के अंतर्गत की गई मुख्य गतिविधियाँ दी गई हैं :–

तालिका 6.6

वर्ष 1988—89 में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा के अंतर्गत आयोजित बैठक/कार्यशालाएँ

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
1.	जनसंख्या शिक्षा की न्यूनतम अनिवार्य विषयवस्तु को अंतिम रूप देने के लिए राष्ट्रीय कार्यशालाएँ	30 मार्च से 3 अप्रैल, 1988 तक	पटना	40
2.	जनसंख्या शिक्षा की राष्ट्रीय स्रोत पुस्तक की रूपरेखा तैयार करने पर कार्यशाला	7 से 11 अप्रैल 1988 तक	मैसूर	20
3.	माध्यमिक स्तर पर सहायक पाठ सामग्री की समीक्षा हेतु कार्यशाला	25 से 29 मई, 1988 तक	शिमला	20
4.	पाठों का सार संग्रह तैयार करने हेतु कार्यशाला	20 सितंबर से 10 अक्तुबर 1988 तक	नई दिल्ली	30
5.	हिन्दी भाषा में अनुदेशी और प्रशिक्षण सामग्री की समीक्षा	7 से 11 मार्च 1989	नई दिल्ली	30
6.	जनसंख्या शिक्षा पर राष्ट्रीय स्रोत पुस्तक के अध्यायों की समीक्षा हेतु कार्यशाला	13 से 17 मार्च 1989 तक	नई दिल्ली	30
7.	+2 स्तर के छात्रों के मूल्यांकन साधन के विकास हेतु योजना बनाने पर कार्यशाला	23 से 25 जनवरी 1989 तक	नई दिल्ली	10
8.	अभिवृत्ति मापन (स्केल) तैयार करने पर कार्यशाला	27 फरवरी से 3 मार्च, 1989 तक	नई दिल्ली	20
9.	परियोजना प्रगति समीक्षा की पहली बैठक	2 नवंबर से 6 नवंबर, 1988 तक	मैसूर	
10.	वही	14 से 18 नवंबर 1988 तक	नई दिल्ली	
11.	त्रिपक्षीय परियोजना समीक्षा बैठक	14 नवंबर, 1988	नई दिल्ली	
12.	प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की योजना के विकास पर कार्यशाला	10 से 14 अक्तुबर 1988 तक	बंगलूर	25

कार्यानुभव अध्यापकों का प्रशिक्षण

परिषद् शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रिया के पुनः अभिविन्यास से संबंधित कार्यों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु राज्य/संघ शासित क्षेत्रों के शीर्ष व्यक्तियों को प्रशिक्षित करती रही है। विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर संशोधित कार्यानुभव के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु शिक्षा व्यावसायीकरण विभाग ने राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के प्रमुख व्यक्तियों के लिए

कार्यानुभव पर अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। वर्ष 1988–89 में आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश राज्यों के 119 शीर्ष व्यक्तियों के लिए कार्यानुभव के 5 अभिविन्यास कार्यक्रम तथा नवोदय विद्यालयों के 90 कार्यानुभव अध्यापकों के लिए दो अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए। इसके अतिरिक्त स्वैच्छिक संगठनों के सहयोग से 48 कार्यानुभव अध्यापकों के लिए 10 दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया और कार्यानुभव पर शिक्षण सामग्री के विकास पर 6 दिन का अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया। 1988–89 में आयोजित शिक्षा व्यावसायीकरण विभाग द्वारा अभिविन्यास/प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के ब्यौरे 6.7 तालिका में दिए गए हैं।

तालिका 6.7

1988–89 में कार्यानुभव पर आयोजित अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्र. सं.	कार्यक्रम का नाम	तारीख	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
	कार्यानुभव पर अभिविन्यास कार्यक्रम			
1.	आंध्र प्रदेश के शीर्ष व्यक्तियों हेतु कार्यानुभव में अभिविन्यास कार्यक्रम	9 से 12 मई 1988	एस.सी.ई.आर.टी. हैदराबाद	56
2.	मध्य प्रदेश के शीर्ष व्यक्तियों हेतु कार्यानुभव में अभिविन्यास पाठ्यक्रम	3 से 6 अक्तूबर 1988	बी.टी.आई. बिजलपुर, इंदौर	33
3.	नवोदय विद्यालयों के अध्यापकों हेतु कार्यानुभव में अभिविन्यास पाठ्यक्रम	24 से 28 अक्तूबर 1988	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	45
4.	नवोदय विद्यालय के अध्यापकों का कार्यानुभव में अभिविन्यास पाठ्यक्रम	19 से 23 दिसंबर, 1988	वही	45
5.	कर्नाटक राज्य के शीर्ष व्यक्तियों का कार्यानुभव पर अभिविन्यास कार्यक्रम	18 से 21 जनवरी 1989	बेंगलूर	30,
	कार्यानुभव पर प्रशिक्षण कार्यक्रम			
1.	स्वैच्छिक संगठनों में कार्य कर रहे कार्यानुभव अध्यापकों का प्रशिक्षण	15 से 24 नवंबर, 1988	गांधी विद्या नगर, खिड़ौदा जिला, जलगांव (महाराष्ट्र)	48
	कार्यानुभव की शिक्षण सामग्री के विकास पर अभिविन्यास कार्यक्रम			
1.	मां और शिशु के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु उदाहरणात्मक कार्यानुभव अनुदेशी सामग्री के विकास हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम	12 से 17 सितंबर, 1988	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	9

1988-89

विज्ञान और गणित शिक्षा में सुधार

विद्यालय स्तर पर विज्ञान और गणित शिक्षा में सुधार लाना परिषद् का मुख्य कार्यक्षेत्र रहा है। विज्ञान और गणित शिक्षा विभाग, विज्ञान और गणित में अनुदेशी सामग्री के विकास और विद्यालय स्तर पर विज्ञान तथा गणित शिक्षा में सुधार हेतु प्रशिक्षण, विस्तार, अनुसंधान और विकास संबंधी कार्यकलापों में रहा है। यह केन्द्र प्रायोजित ''विद्यालयों में विज्ञान शिक्षा में सुधार योजना'' तथा ''विद्यालयों में कम्प्यूटर साक्षरता और अध्ययन (क्लास) योजना'' के कार्यान्वयन हेतु राष्ट्रीय स्तर पर ''नोडल'' मुख्य अभिकरण के रूप में भी कार्य करता है।

वर्ष 1988-89 में इस क्षेत्र में परिषद् ने निम्नलिखित मुख्य कार्यकलाप किए :

— कक्षा सातवीं से बारहवीं तक की गणित और विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों सहित अनुदेशी पैकेज।

— अध्यापक संदर्शिकाओं, प्रयोगशाला मैनुअल, सहायक पाठ सामग्री, शिक्षण सहायक साधन आदि का विकास ताकि नई पाठ्यपुस्तकों का कक्षा में प्रभावी अंतरण सुगम हो सके।

— विज्ञान में रुचि बढ़ाने तथा मन में वैज्ञानिक प्रवृत्ति बढ़ाने के लिए लोकप्रिय विज्ञान सामग्री का विकास।

— उन प्रतिभाशाली छात्रों के लिए गणित की सहायक पुस्तकों का विकास जो अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेषतः इंजीनियरिंग महाविद्यालयों की प्रवेश परीक्षा में बैठना चाहते हैं।

— विज्ञान और गणित शिक्षा में सुधार कार्यक्रमों का प्रभावी कार्यान्वयन सुगम बनाने के लिए राज्यों के विभिन्न स्तरों के कार्यकर्ताओं के लिए मार्ग दर्शिकाओं का विकास।

— बच्चों में वैज्ञानिक रचनात्मकता के प्रोत्साहन हेतु बच्चों की 17 वीं राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन।

— विज्ञान और गणित में रुचि तथा प्रतिभा के पोषण हेतु विज्ञान और गणित के विद्यालेतर कार्यकलापों का आयोजन।

— विद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशालाओं के प्रभावी उपयोग का अध्ययन जिससे विद्यालयों में प्रयोग शालाओं की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के कदम उठाये जा सकें।

— क्लास परियोजना के अन्तर्गत कम्प्यूटर साफ्टवेयर पैकेज का विकास तथा कम्प्यूटर के उपयोगहेतु अध्यापकों का प्रशिक्षण

विज्ञान और गणित की अनुदेशी सामग्री का विकास

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में निर्दिष्ट प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रिया के अभिविन्यास हेतु कक्षा 7 से 12 तक की गणित तथा विज्ञान पाठ्यपुस्तकों सहित अनुदेशी सामग्री तैयार करना परिषद् का मुख्य कार्य संशोधित विज्ञान सामग्री तैयार करने के लिए समिति गठित की गई, जिसके अध्यक्ष प्रोफेसर सी.एन.आर. राव हैं जो प्रधानमंत्री की विज्ञान सलाहकार समिति के अध्यक्ष तथा इंडियन इंस्टीच्युट ऑफ साइंस बेंगलूर के निदेशक हैं। तदांतर, निम्नलिखित विषयों हेतु पाँच उपसमितियाँ बनाई गईं। समेकित विज्ञान (कक्षा 7 से 10 तक) गणित (कक्षा 6 से 12), भौतिक शास्त्र (कक्षा 11 और 12) रसायन विज्ञान (कक्षा 11 और 12) तथा जीव विज्ञान (कक्षा 11 और 12)। इन उपसमितियों का कार्य गणित और विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों सहित अनुदेशी सामग्री तैयार करना था। 1988–89 में विज्ञान और गणित की नई पाठ्यपुस्तकों के विस्तृत ब्योरे तालिका 6.8 में दिए गए हैं। इनके अतिरिक्त परिषद् ने प्रतिभाशाली छात्रों के लिए गणित में ''ऐलीमेंटरी डायनामिक्स'' नामक पूरक पुस्तक का भी निर्माण किया।

पाठ्यपुस्तकों सहित विज्ञान और गणित की अनुदेशी सामग्री के विकास हेतु कार्यशाला और बैठक की शृंखला आयोजित की। लेखन दलों के सदस्यों के अलावा इन बैठकों/कार्यशालाओं में विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, कक्षाध्यापक, अध्यापक शिक्षक, पाठ्यचर्या विशेषज्ञ और शैक्षिक प्रशासक भी आए। अनुदेशी सामग्री के विकास से संबंधित आयोजित कार्यशालाओं/ बैठकों के व्यापक ब्यौरे तालिका 6.9 में दिए गए हैं।

तालिका 6.8

1988–89 के दौरान तैयार की गई विज्ञान और गणित की पाठ्यपुस्तकें

क्र.सं.	पुस्तक का नाम	कक्षा	लेखन दल के अध्यक्ष
1.	गणित पाठ्यपुस्तक भाग 1	10	प्रोफेसर यू.एन.सिंह, भू.पू. उपकुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय
2.	गणित पाठ्यपुस्तक भाग 2	10	प्रोफेसर यू.एन.सिंह, भू.पू. उपकुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय
3.	गणित पाठ्य पुस्तक भाग 1	11	प्रोफेसर इजहार हुसैन, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़
4.	गणित पाठ्यपुस्तक भाग 2	11	प्रोफेसर इजहार हुसैन, अलीगढ़ विश्वविद्यालय, अलीगढ़
5.	गणित पाठ्यपुस्तक भाग 1	8	प्रोफेसर जे.एन.कपूर (सेवा निवृत) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर
6.	गणित पाठयपुस्तक भाग 2	7	प्रोफेसर जे.एन.कपूर (सेवा निवृत) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर
7.	भौतिक शास्त्र पाठ्यपुस्तक भाग 1	12	प्रोफेसर वी.जी. भिडे उपकुलपति, पूना विश्वविद्यालय, पुणे
8.	भौतिक शास्त्र पाठ्यपुस्तक भाग 1	11	प्रोफेसर वी.जी. भिडे, उकुलपति, पूना विश्वविद्यालय, पुणे
9.	भौतिक शास्त्र पाठ्यपुस्तक भाग 2	11	प्रोफेसर वी.जी. भिड़े, उपकुलपति, पूना विश्वविद्यालय पुणे।
10.	रसायन शास्त्र पाठ्यपुस्तक भाग 1	11	प्रोफेसर सी.एन.आर.राव. निदेशक, भारतीय वैज्ञानिक संस्थान, बेंगलूर
11.	रसायन शास्त्र पाठ्यपुस्तक भाग 2	11	प्रोफेसर सी.एन.आर.राव, निदेशक, भारतीय वैज्ञानिक संस्थान, बेंगलूर
12.	जीव विज्ञान पाठ्यपुस्तक भाग 1	11	प्रोफेसर एच.वाई. मोहनराम, दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली
13.	जीव विज्ञान पाठ्यपुस्तक भाग 2	11	वही
14.	विज्ञान पाठ्यपुस्तक भाग 1	9	डा.डी.बालासुब्रह्मयम, सी.सी.एम.बी., हैदराबाद
15.	विज्ञान पाठ्यपुस्तक भाग 2	9	वही
16.	विज्ञान पाठ्य पुस्तक	7	वही

1988-89

तालिका 6.9

वर्ष 1988–89 के दौरान विज्ञान और गणित शिक्षा की अनुदेशी सामग्री के विकास हेतु कार्यशालाओं/बैठकों के व्यापक ब्यौरे

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	कार्यक्रम का स्थान	तारीख/अवधि	प्रतिभागियों की संख्या
1.	कक्षा 9 के लिए गणित के अनुदेशी पैकेजों के विकास पर कार्यशाला	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	11.4.88 से 12.4.88	12
2.	कक्षा 10 की विज्ञान पाठ्यपुस्तक के लेखकों की बैठक	सी.सी.एम.बी. हैदराबाद	16.4.88 से 18.4.88	4
3.	कक्षा 8 की विज्ञान पाठ्यपुस्तक के लेखकों की बैठक	वही	28.4.88 से 1.5.88	5
4.	कक्षा 10 के गणित शिक्षण के विकास हेतु कार्यशाला	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	10.5.88 से 11.5.88	3
5.	कक्षा 7 की विज्ञान पाठ्यपुस्तक हेतु अध्यापक सदर्शिका के विकास पर कार्यशाला	भारतीय विद्या भवन कोचीन	25.5.88 से 1.6.88	22
6.	कक्षा 12 की रसायन शास्त्र पाठ्यपुस्तक के विकास हेतु लेखन दल की बैठक	भारतीय वैज्ञानिक संस्थान बेंगूलर	3.6.88 से 4.6.88	5
7.	कक्षा 6 में विज्ञान अध्यापन के लिए रा.शै.अ.प्र.प. की अनुदेशी सामग्री हेतु प्रारूप मार्गदर्शिका एवं समायोजन पर कार्यशाला	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	7.6.88 से 10.6.88	2
8.	कक्षा 12 की जीव विज्ञान की पाठ्यपुस्तक तैयार करने के लिए लेखन दल की बैठक	भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलूर	10.6.88 से 11.6.88	7
9.	कक्षा 10 की विज्ञान पाठ्यपुस्तक के विकास हेतु लेखन दल की बैठक	सी.सी.एम.बी. हैदराबाद	13.6.88 से 15.6.88	6
10.	+2 स्तर पर भौतिक शास्त्र (कक्षा – 11) के अनुदेशी पैकेज का विकास	भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलूर	15.6.88 से 16.6.88	10
11.	कक्षा 8 की विज्ञान पाठ्यपुस्तक के विकास हेतु लेखन दल की बैठक	सी.सी.एम.बी. हैदराबाद	16.6.88 से 18.6.88	5
12.	कक्षा 8 के लिए गणित शिक्षण पैकेज के विकास पर कार्यशाला	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	12.6.88 से 22.6.88	5
13.	कक्षा 10 के लिए गणित के अनुदेशी पैकेज के विकास पर कार्यशाला	वही	27.6.88 से 30.6.88	5
14.	कक्षा 7 हेतु गणित के अनुदेशी पैकेज तैयार करने के लिए कार्यशाला	कलकत्ता	29.6.88 से 4.7.88	11
15.	+2 स्तर पर कक्षा 11 में भौतिक शास्त्र के अनुदेशी पैकेज तैयार करने के लिए कार्यशाला	पूना विश्वविद्यालय पुणे	1.7.88 से 15.7.88	4
16.	अनुदेशी सामग्री का विकास तथा विज्ञान में प्रक्रिया आधार पर अध्यापकों/अध्यापक शिक्षकों के प्रशिक्षण पर कार्यशाला	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	8.8.88 से 14.8.88	18

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	कार्यक्रम का स्थान	तारीख/अवधि	प्रतिभागियों की संख्या
17.	कक्षा 7 की विज्ञान की हिंदी में पाठ्यपुस्तक को अंतिम रूप देने पर कार्यशाला	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	11.7.88 से 15.7.88	11
18.	कक्षा 8 के लिए गणित अनुदेशी पैकेज तैयार करने पर कार्यशाला	वही	21.7.88 से 22.7.88	6
19.	वरिष्ठ माध्यमिक स्तर कक्षा 12 के रसायन शास्त्र की पाठ्यचर्या तैयार करने के लिए कार्यशाला	वही	28.7.88 से 1.8.88	28
20.	कक्षा 8, 10 और 12 के लिए गणित के अनुदेशी पैकेज तैयार करने पर कार्यशाला	रा.शै.अनु.प्र.प. नई दिल्ली	17.8.88 से 19.8.88	15
21.	कक्षा 10 की विज्ञान पाठ्यपुस्तक के प्रारूप की समीक्षा हेतु लेखन दल की बैठक	एन.जी.आर.आई. हैदराबाद	21.8.88 से 25.8.88	6
22.	कक्षा 11 के लिए गणित पाठ्य को अंतिम रूप देने पर कार्यशाला	रा.शै.अ.प्र.प. कलकत्ता	5.9.88 से 9.9.88	14
23.	कक्षा 9 की विज्ञान पाठ्यपुस्तक की हिन्दी पांडुलिपि की समीक्षा एवं संशोधन हेतु कार्यशाला	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	5.9.88 से 9.9.88	17
24.	कक्षा 7 हेतु गणित के प्रश्न तैयार करने पर कार्यशाला	वही	12.9.88 से 16.9.88	13
25.	कक्षा 12 की जीव विज्ञान पाठ्यपुस्तक तैयार करने पर लेखन दल की बैठक	भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलूर	17.9.88 से 20.9.88	6
26.	कक्षा 8 हेतु गणित के अनुदेशी पैकेज तैयार करने पर कार्यशाला	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	26.9.88 से 27.9.88	7
27.	कक्षा 10 के गणित के अनुदेशी पैकेज तैयार करने पर कार्यशाला	वही	26.9.88 से 29.9.88	5
28.	कक्षा 10 की पाठ्यपुस्तक के प्रारूप अध्याय की समीक्षा हेतु लेखन दल की बैठक	वही	3.10.88 से 5.10.88	1
29.	कक्षा 10 की विज्ञान पाठ्यपुस्तक के प्रारूप की समीक्षा हेतु लेखन दल की बैठक	एन.जी.आर.आई. हैदराबाद	4.10.88 से 8.10.88	4
30.	वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर रसायन शास्त्र की प्रयोगशाला का प्रभावी उपयोग	लखनऊ/कलकत्ता	9.10.88 से 19.10.88	24
31.	कक्षा 12 की जीव विज्ञान पाठ्यपुस्तक तैयार करने के लिए लेखन दल की बैठक	भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलूर	10.8.88 से 17.10.88 तक	4
32.	कक्षा 8 हेतु अनुदेशी पैकेज तैयार करने पर कार्यशाला	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	12.10.88 से 13.10.88	10
33.	माध्यमिक स्तर पर विज्ञान प्रयोगशाला का प्रभावी उपयोग	बम्बई/उदयपुर/कोयम्बतूर	22.10.88 से 25.10.88	18

1988-89

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	कार्यक्रम का स्थान	तारीख/अवधि	प्रतिभागियों की संख्या
34.	कक्षा 10 हेतु गणित के अनुदेशी पैकेज तैयार करने पर कार्यशाला	मौलाना आजाद शिक्षक महाविद्यालय, भोपाल	22.10.88 से 27.10.88	15
35.	कक्षा 12 के लिए गणित की पाठ्यपुस्तक/सामग्री को अंतिम रूप देने के लिए कार्यशाला	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	24.10.88 से 30.10.88	1
36.	कक्षा 12 की जीव विज्ञान की पाठ्यपुस्तक के विकास हेतु लेखन दल की बैठक	वही	25.10.88 से 30.10.88	13
37.	कक्षा 10 की विज्ञान पाठ्यपुस्तक प्रारूप पांडुलिपि की समीक्षा एवं संशोधन पर राष्ट्रीय कार्यशाला	वही	28.10.88 से 30.10.88	13
38.	कक्षा 8 के लिए गणित में अनुदेशी पैकेज तैयार करने पर कार्यशाला	वही	31.10.88 से 4.11.88	23
39.	कक्षा 12 के लिए रसायन शास्त्र में अनुदेशी सामग्री विकसित करने पर बैठक	भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलूर	5.11.88 से 6.11.88	6
40.	कक्षा 10 के लिए गणित में अनुदेशी पैकेज के विकास हेतु कार्यशाला	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	11.11.88 से 15.11.88	8
41.	कक्षा 12 की जीव विज्ञान पाठ्यपुस्तक भाग 1 के प्रारूप अध्यायों की समीक्षा पर राष्ट्रीय कार्यशाला	वही	14.11.88 से 17.11.88.	19
42.	कक्षा 8 हेतु विज्ञान पाठ्यपुस्तक के लेखन पर कार्यशाला	एन.सी.आर.आई. हैदराबाद	18.11.88 से 26.11.88 तक	
43.	कक्षा 12 हेतु रसायन शास्त्र में अनुदेशी सामग्री तैयार करने के लिए कार्यशाला	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	19.11.88 से 22.11.88	11
44.	कक्षा 10 की विज्ञान पुस्तकों की पांडुलिपियों की समीक्षा व संशोधन हेतु लेखकों की कार्यशाला	एन.जी.आर.आई. हैदराबाद	25.11.88 से 29.11.88 तक	
45.	कक्षा 12 की जीव विज्ञान पाठ्यपुस्तक भाग 1 के विकास हेतु लेखन दल की बैठक	सी.आई.एन.ए.पी. लखनऊ	1.12.88 से 4.12.88	5
46.	+2 स्तर पर कक्षा 12 के भौतिक शास्त्र के अनुदेशी पैकेज के विकास पर कार्यशाला	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	7.12.88 से 11.12.88	20
47.	कक्षा 10 के गणित में अनुदेशी पैकेज तैयार करने हेतु कार्यशाला	वही	12.12.88 से 14.12.88	6
48.	कक्षा 8 की विज्ञान पाठ्यपुस्तक की पांडुलिपि संबंधी अध्यापकों द्वारा समीक्षा हेतु कार्यशाला	वही	13.12.88 से 18.12.88	23
49.	सैनिक स्कूल के भौतिक शास्त्र के अध्यापकों का अभिविन्यास पाठ्यक्रम	कुंजपुरा करनाल	19.12.88 से 24.12.88	3
50.	गणित क्षेत्र में प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान और उन्हें प्रोत्साहित करना	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	20.12.88 से 22.12.88	10

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	कार्यक्रम का स्थान	तारीख/अवधि	प्रतिभागियों की संख्या
51.	कक्षा 9 हेतु गणित में अनुदेशी पैकेज (हिन्दी) के विकास की कार्यशाला	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	20.12.88 से 22.12.88	8
52.	कक्षा 9 हेतु गणित में अनुदेशी पैकेज (हिंदी) के विकास की कार्यशाला	वही	26.12.88 से 30.12.88 तक	12
53.	कक्षा 10 के लिए विज्ञान पाठ्यपुस्तक की पांडुलिपि की समीक्षा हेतु कार्यशाला	वही	2.1.89 से 6.1.89	29
54.	कक्षा 12 की रसायन शास्त्र पाठ्यपुस्तक (हिन्दी) के लिए पाठ्यचर्या पैकेज तैयार करने हेतु कार्यशाला	वही	9.1.89 से 12.1.89	9
55.	कक्षा 11 की जीव विज्ञान पाठ्यपुस्तक भाग 1 की हिंदी पांडुलिपि की समीक्षा एवं उसे अंतिम रूप देने हेतु कार्यशाला	वही	16.1.89 से 19.1.89	5
56.	कक्षा 12 के लिए भौतिक शास्त्र में अनुदेशी पैकेज के विकास पर कार्यशाला	वही	20.1.89 से 24.1.89	22
57.	कक्षा 12 हेतु गणित की पाठ्यसामग्री के विकास पर कार्यशाला	वही	30.1.89 से 1.2.89	15
58.	कक्षा 10 हेतु गणित के अनुदेशी पैकेज तैयार करने पर कार्यशाला	वही	31.1.89 से 3.2.89	7
59.	कक्षा 12 हेतु गणित के अनुदेशी पैकेज तैयार करने पर कार्यशाला	हैदराबाद विश्वविद्यालय हैदराबाद	10.2.89 से 13.2.89	3
60.	अभिविन्यासित गणित – अनुप्रयोग भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान में प्रयुक्त गणितीय संकल्पनाओं का विश्लेषण	एस.सी.ई.आर.टी. कलकत्ता	13.2.89 से 17.2.89	19
61.	विज्ञान में शिक्षण संबंधी ठोस सामग्री एवं बारंबारता का विकास	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	20.2.89 से 24.2.89	18
62.	कक्षा 11 की गणित (हिन्दी) की पाठ्यपुस्तक भाग 2 की समीक्षा तथा उसे अंतिम रूप देने हेतु कार्यशाला	वही	20.2.89 से 24.2.89	15
63.	गणित के क्षेत्र में प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान तथा उन्हें प्रोत्साहित करना	उदयपुर	27.3.89 से 31.3.89	19
64.	वही	रा.शै.अ.प्र.प.	27.2.89 से 28.2.89	3
65.	+2 स्तर हेतु भौतिक शास्त्र के अनुदेशी पैकेज के विकास पर कार्यशाला	पुणे विश्वविद्यालय, पुणे	27.2.89 से 10.3.89	12
66.	अभिविन्यासित गणित – अनुप्रयोग भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान में प्रयुक्त गणितीय संकल्पनाओं का विश्लेषण	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	6.3.89 से 10.3.89	19

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	कार्यक्रम का स्थान	तारीख/अवधि	प्रतिभागियों की संख्या
67	विद्यालयों में प्रक्रिया के आधार पर अधिगम हेतु अनुदेशी सामग्री के विकास और अध्यापकों के प्रशिक्षण' हेतु कार्यशाला	हैदराबाद	13.3.89 से 18.3.89	23
68.	माध्यमिक स्तर पर रसायन शास्त्र प्रयोगशालाओं का प्रभावी उपयोजन	रा.शै.अ.प्र.प. गुड़गाँव	24.3.89 से 28.3.89	18
69.	कम कीमत के त्रिआयामी मॉडल बनाने के लिए अनुदेशी सामग्री का विकास	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	27.3.89 से 28.3.89	15
70.	कक्षा 12 के गणित अनुदेशी पैकेज भाग–2 को अध्यापकों द्वरा अंतिम रूप देने के लिए कार्यशाला	वही	29.3.89 से 31.3.89	12
71.	माध्यमिक स्तर पर विज्ञान प्रयोगशाला का प्रभावी उपयोजन	कलकत्ता	30.3.89 से 3.4.89	19
72.	कक्षा 12 के लिए गणित के अनुदेशी पैकेज भाग–2 को अंतिम रूप देने के लिए लेखकों की कार्यशाला	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	31.3.89 से 2.4.89	5
73.	राज्यों के विभिन्न स्तरों पर कार्यकर्ताओं के उपयोग हेतु विज्ञान शिक्षण की मार्गदर्शिका के विकास पर कार्यशाला	एस.वी.विश्वविद्यालय तिरुपति	23.11.88 से 28.11.88 तक	29

विज्ञान और गणित अध्यापकों का प्रशिक्षण

परिषद् ने विज्ञान और गणित अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विभिन्न राज्यों के स्तरीय अभिकरणों के साथ सहयोग किया। तालिका 6.10 में इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के ब्यौरे दिए गए हैं :

तालिका 6.10

वर्ष 1988–89 में परिषद् के सहयोग से राज्य स्तर की संस्थाओं/अभिकरणों द्वारा आयोजित विज्ञान और गणित के अध्यापकों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख	स्थान
1.	मिडिल स्तर पर विज्ञान शिक्षकों का अभिविन्यास	19 से 22 सितंबर, 1988 तक	शिवालिक पब्लिक स्कूल, चंडीगढ़

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख	स्थान
2.	माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर प्रयोगशाला डिजाइनर्स का अभिविन्यास	17 अक्तूबर 1988	हंसराज मॉडल स्कूल, अशोक विहार, नई दिल्ली
3.	हाई स्कूल अध्यापकों के अभिविन्यास कार्यक्रम के आयोजन हेतु उ.प्र. के शीर्ष व्यक्तियों का प्रशिक्षण	8 से 10 दिसंबर, 1988 तक	राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, इलाहाबाद
4.	उच्चतर माध्यमिक स्तर पर रसायन शास्त्र में सैनिक स्कूल के अध्यापकों का अभिविन्यास	19 से 24 दिसंबर, 1988 तक	सैनिक स्कूल, रीवा
5.	रसायन शास्त्र में अनुदेशी सामग्री के विकास हेतु उ.प्र. राज्य के हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट अध्यापकों का अभिविन्यास	8 से 9 सितंबर, 1988 तक	राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, इलाहाबाद
6.	गणित में प. बंगाल के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की बाह्य परीक्षा के उन्नयन हेतु पश्चिम बंगाल के अध्यापकों का प्रशिक्षण	19 से 23 अगस्त 1988 तक	राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद् कलकत्ता
7.	प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं के गणित अध्यापकों का प्रशिक्षण	4 से 5 जुलाई, 1988 तक	डी.ए.वी. स्कूल शालीमार बाग दिल्ली
8.	+2 स्तर के सैनिक स्कूल के अध्यापकों का प्रशिक्षण	19 से 24 दिसंबर, 1988	रीवा, मध्य प्रदेश
9.	सैनिक स्कूल के अध्यापकों के लिए भौतिकी में अभिविन्यास कोर्स	19 से 24 दिसंबर 1988	कुंजापुरा, करनाल

राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी

परिषद् ने जम्मू और काश्मीर सरकार के सहयोग से जम्मू में 17 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की। यह प्रदर्शनी 5 से 11 नवंबर, 1988 तक आयोजित की गई जिसका भारत के राष्ट्रपति ने उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी का मूल विषय ''जल और मानव'' था। इसमें लगभग 500 छात्रों ने भाग लिया।

विद्यालयों में विज्ञान शिक्षा सुधार योजना के कार्यान्वयन हेतु तकनीकी सहायता

रा.शै.अ.प्र.प. केन्द्रीय विद्यालयों में प्रायोजित विज्ञान शिक्षा में सुधार योजना के कार्यान्यवन संबंधी अनेक कार्यकलापों में रत रही है। विज्ञान एवं गणित शिक्षा विभाग योजना के मुख्य तत्व विज्ञान और गणित के अध्यापकों के प्रशिक्षण से संबंधित कार्यकलापों के कार्यान्वियन हेतु राष्ट्रीय स्तर वे मुख्य (नोडल) अधिकरण के रूप में कार्य करता रहा है।

रा.शै.अ.प्र.प. के क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों ने 1988–89 में उच्चतर/वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के विज्ञान और गणित के अध्यापकों को प्रशिक्षित करने के लिए 12 ग्रीष्म कालीन संस्थान आयोजित किए हैं। इनमें चार ग्रीष्म कालीन संस्थान सम्मिलित हैं :- क्षे. शि.म. अजमेर में राजस्थान के अध्यापकों हेतु एक-एक भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान और गणित में किए। क्षे.शि.म. भोपाल में, म.प्र. के अध्यापकों हेतु एक-एक भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान और गणित में एक-एक कर्नाटक के अध्यापकों हेतु क्षे.शि.म. मैसूर भौतिकशास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान और गणित में आयोजित किए गए। इन ग्रीष्म संस्थानों में अध्यापकों के लिए कुछ प्रशिक्षण सामग्री भी विकसित की जो परवर्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा योजना के अंतर्गत आयोजित ग्रीष्म संस्थानों में प्रयुक्त की जा सकती थी।

विद्यालयों में विज्ञान शिक्षा में सुधार की योजना के

1988-89

कार्यान्वियन से संबंधित कई कार्य किए जिनमें किए गए योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन हेतु मैनुअल का विकास, उ.प्र. के उच्चतर/वरिष्ठ माध्यमिक अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपयोग हेतु अनुदेशी सामग्री के विकास हेतु एक सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन, उ.प्र. के उच्चतर माध्यमिक अध्यापकों हेतु तीन दिन का अभिविन्यास कार्यक्रम, उ.प्र. के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विज्ञान शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु शीर्ष एवं संदर्भ व्यक्तियों का अभिविन्यास कार्यक्रम, बिहार के शीर्ष व्यक्तियों के लिए पटना में 12 से 14 दिसंबर, 1988 तक 3 दिन का अभिविन्यास कार्यक्रम, जम्मू और काश्मीर के वरिष्ठ/उच्चतर माध्यमिक अध्यापकों के प्रशिक्षण हेतु संदर्भ व्यक्तियों का 16 से 18 जनवरी, 1989 तक आयोजित तीन दिन का अभिविन्यास कार्यक्रम, तथा मिजोरम के शीर्ष/संदर्भ व्यक्तियों के लिए 15 से 17 मार्च, 1989 तक आयोजित 3 दिन का अभिविन्यास कार्यक्रम शामिल थे।

परिषद् ने 19 और 20 सितंबर, 1988 को स्वैच्छिक अभिकरणों के प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई।इसमें इस योजना के कार्यान्वियन में उनकी प्रतिभागिता पर विचार विमर्श हुआ। 31 अक्तूबर तथा 1 नवंबर 1988 को राज्य/संघ शासित क्षेत्र स्तर पर योजना के कार्यान्वियन में कार्यरत मुख्य (नोडल) अभिकरणों के प्रतिनिधियों की भी बैठक बुलाई गई। और इस योजना के अंतगंत किये जाने वाले विभिन्न कार्यों हेतु राज्यों/ संघ शासित क्षेत्रों को तकनीकी सहयोग दिया गया।

विद्यालयों में कम्प्यूटर साक्षरता और अध्ययन (सी.एल.ए.एस.एस. : क्लास)

विद्यालयों में कम्प्यूटर साक्षरता और अध्ययन परियोजना (क्लास) के अंतर्गत राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् तथा अन्य स्रोत केन्द्रों ने विद्यालयी अध्यापकों के लिए अनेक उच्च स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। वर्ष 1988–89 में इस ''क्लास'' परियोजना में आने वाले विद्यालयों की कुल संख्या 2,332 हो गई थी। वर्ष 1988–89 में 380 और विद्यालयों को परियोजना के अंतर्गत लिया गया। स्रोत केन्द्रों ने परियोजना में भाग लेने वाले नए विद्यालयों के अध्यापकों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। वर्ष 1988 में इस परियोजना के अंतर्गत लगभग 1,325 अध्यापक प्रशिक्षित किए गए। परिषद् ने कम्प्यूटर की जानकारी देने के लिए मुख्य कार्यकारी एवं सहकारिता के प्रधानाचार्यों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। साफ्टवेयर मूल्यांकन हेतु मापदंड बनाने के लिए एक कार्यशाला तथा साफ्टवेयर डिजाइन में प्रारंभिक स्तर के दो परिचयात्मक पाठ्यक्रम आयोजित किए। इस परियोजना के अतंर्गत स्थापित 53 स्रोत केन्द्रों ने परियोजना में भाग लेने वाले विद्यालयों को तकनीकी सहयोग दिया। नए विद्यालयों के लिए साफ्टवेयर पैकेज उपलब्ध कराने एवं इन नए विद्यालयों में उपयोग हेतु देशज साफ्टवेयर पैकेज चुनने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए।

क्लास परियोजना के अंतर्गत

शैक्षिक प्रयोजन हेतु कम्प्यूटर के उपयोग के लिए अध्यापकों को प्रशिक्षित करने के लिए रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम/बैठक/कार्यशालाओं के व्यापक ब्यौरे तालिका 6.11 में दिए गए हैं।

तालिका 6.11

वर्ष 1988–89 में क्लास परियोजना के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम/बैठक/कार्यशालाएँ

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख	स्थान
1.	सूक्ष्म कम्प्यूटर के साथ घर्षण पर संकल्पना प्रतिपादन पर बैठक	30.3.88 से 5.4.88	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली
2.	कम्प्यूटर की जानकारी देने के लिए मुख्य कार्यकारी और सहकारिता के प्रधानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम	4.5.88 से 6.5.88	वही
3.	क्लास परियोजना के अंतर्गत हरियाणा और दिल्ली के विद्यालयों के अध्यापकों के लिए अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम	16.5.88 स 4.6.88	दिल्ली पब्लिक सकूल रामाकृष्ण पुरम, नई दिल्ली
4.	वही	13.6.88 से 2.7.88 तक	वही
5.	साफ्टवेयर डिजाइन में परिचयात्मक पाठ्यक्रम	21.11.88 से 2.12.88	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली
6.	प्रशिक्षण कार्यक्रम बेसिक लैंग्युएज	19.12.88 से 30.12.88 तक	दिल्ली पब्लिक स्कूल, मथुरा रोड़ नई दिल्ली
7.	केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पाठ्य विवरण पर आधारित पाठ्यचर्या संदर्शिका के विकास हेतु कार्यशाला	26.12.88 से 30.12.88	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली
8.	साफ्टवेयर डिजाइन में परिचयात्मक पाठ्यक्रम	26.12.88 से 3.1.89	वही
9.	साफ्टवेयर मूल्यांकन हेतु मूलाधार के विकास हेतु कार्यशाला	4.1.89 से 6.1.89	वही
10.	11–13 वर्ष की आयु के लड़कों की अंग्रेजी में भाषा क्षमताओं का विकास	23.2.89 से 24.2.89	वही

विद्यालयों के लिए विज्ञान उपकरण का विकास और निर्माण

विद्यालय में विज्ञान शिक्षा के उन्नयन के प्रयास के अंग रूप में, परिषद् ने डिजाइन, विकास तथा विद्यालयों के लिए विज्ञान उपकरण के प्रोटोटाइप उत्पादन में अपना नेतृत्व प्रदान करना जारी रखा । रा.शि.सं. का कर्मशाला विभाग विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न स्तरों हेतु विज्ञान किट, इलैक्ट्रानिक किट, और मिनी टूल किट के विकास में लगा रहा। अपने औपचारिक कार्यों के अतिरिक्त कर्मशाला विभाग 1986 से इंडो.एफ.आर.जी. परियोजना ''म.प्र. और उ.प्र. में प्राथमिक और मिडिल स्कूलों में उन्नत विज्ञान शिक्षा'' के कार्यान्यवन में कार्यरत रहा है। इंडो – एफ.आर.जी. परियोजना के अंतर्गत 1987 के अंत में तथा 1988–89 के दौरान प्राथमिक विज्ञान किट के प्रोटोटाईप निकाले गए। रा.शि.सं. के कर्मशाला विभाग ने ये प्रोटोटाईप बनाए तथा म.प्र. और उ.प्र. के विद्यालयों में उन्हें परखने के लिए भेजा गया। विज्ञान किटों की मदों के निर्माण के व्यापक आलेख, विनिर्देशन एवं रेखाचित्र तैयार किये गए तथा राज्य स्तर के अभिकरणों में भेजे गए। आपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों को दी जाने वाली न्यूनतम अनिवार्य सुविधाओं के भाग रूप में, परिषद् द्वारा तैयार की गई प्राथमिक विज्ञान किट और मिनी टूल किट भी है। विद्यालयों में विज्ञान शिक्षा का उन्नयन केन्द्रीय प्रायोजित योजना के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों को दी जाने वाली सामग्री के पैकेज का महत्वपूर्ण अंग परिषद् द्वारा विकसित समेकित विज्ञान किट है।

कर्मशाला विभाग का मुख्य कार्य 1988–89 में प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन की कक्षा 3,4 और 5 के अध्यापकों के लिए हैंडबुक और विज्ञान किट तैयार करने से संबंधित अनुसंधान और विकास संबंधी कार्य थे। हाथ में ली गई अनुसंधान

गतिविधियों में म.प्र. और उ.प्र. के विद्यालयों में विज्ञान पढ़ाने वाले अध्यापकों का सर्वेक्षण तथा इंडो – एफ.आर.जी. परियोजना ''म.प्र. और उ.प्र. के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में उन्नत विज्ञान शिक्षा'' के अंतर्गत म.प्र. और उ.प्र. में प्राथमिक विद्यालयों और प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं में विज्ञान किटों की स्थिति का सर्वेक्षण सम्मिलित थे। आलोच्य वर्ष में प्राथमिक विज्ञान किट, मिनी टूल किट और समेकित विज्ञान किट के मैनुअल प्रकाशित किए। कर्मशाला विभाग ने विज्ञान किट और मिनी उपकरण किट की अभिकल्पना व विकास तथा अध्यापक पुस्तिका तैयार करने संबंधी अनुसंधान तथा विकासात्मक कार्यकलापों के भाग रूप में, अनेक बैठकें/कार्यशालाएँ आयोजित कीं। 1988–89 में आयोजित कार्यशालाओं/बैठकों के ब्यौरे तालिका 6.12 में दिए गए हैं।

तालिका 6.12

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
1.	रा.शै.अ.प्र.प. भोपाल में विज्ञान किट कार्यशाला, इलाहाबाद में विज्ञान किट निर्माणशाला के अकादमिक दल की बैठक	5 से 7 अप्रैल 1988	रा.शै.अ.प्र.प.	10
2.	प्राथमिक विज्ञान किट के परीक्षण कार्यक्रम के मूल्यांकन की बैठक	24 से 27 मई 1988	रा.शै.अ.प्र.प.	16
3.	किट के डिजाइन और विकास हेतु परीक्षण कार्यक्रम की उपलब्धियों के कार्यान्वयन तथा अध्यापक पुस्तिका एवं चार्टों को अंतिम रूप देने हेतु बैठक	10 से 24 जून 1988 तक	रा.शै.अ.प्र.प.	14
4.	रा.शै.अ.प्र.प., भोपाल में विज्ञान किट कार्यशाला, इलाहाबाद में विज्ञान किट निर्माण शाला के अकादमिक दल की बैठक	18 से 31 जुलाई 1988	रा.शै.अ.प्र.प.	16
5.	अध्यापक पुस्तिका के हिंदी और अंग्रेजी संस्करण को अंतिम रूप देने हेतु कार्यशाला	2 से 7 अगस्त 1988 तक	रा.शै.अ.प्र.प.	6
6.	हिंदी में किट मेनुअल को अंतिम रूप देने पर कार्यशाला	8 से 13 अगस्त 1988	रा.श.अ.प्र.प.	8
7.	कक्षा 3 और 5 की अध्यापक पुस्तिका को अंतिम रूप देने हेतु कार्यशाला	8 से 23 सितंबर, 1988	रा.शै.अ.प्र.प.	6
8.	कक्षा 5 की अध्यापक पुस्तिका एवं किट मैनुअल को अंतिम रूप देने हेतु कार्यशाला	26 से 30 सितंबर 1988	रा.शै.अ.प्र.प.	5
9	उ.प्र. और म.प्र. के प्राथमिक विद्यालयों और प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों में विज्ञान किट और उपस्करण की अवस्थिति के सर्वेक्षण पर संगोष्ठी	21 नवंबर 1988	वही	25
10	हिन्दी में अध्यापक पुस्तिका के अंतमि संपादन पर कार्यशाला	12 से 15 दिसंबर 1988	वही	4
11	किट मैनुअल के अंग्रेजी और हिन्दी रूपांतर को अंतिम रूप देने के लिए कार्यशाला	22 सितंबर 1988 से 5 जनवरी 1989	वही	8

1988-89

कर्मशाला विभाग ने विज्ञान किट और अध्यापक पुस्तिका बनाने से संबंधित अनुसंधान और विकास कार्यकलापों के अलावा, म.प्र. और उ.प्र. के शीर्ष व्यक्तियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए। म.प. और उ.प्र. के शीर्ष संदर्भ व्यक्तियों के लिए नई दिल्ली में 22 से 25 फरवरी, 1989 तक प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया। म.प्र. और उ.प्र. के शीर्ष संदर्भ व्यक्तियों के लिए नई दिल्ली में 14 से 20 मार्च, 1989 तक अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके अलावा, कर्मशाला विभाग ने 1988–89 में चार इंजीनियरिंग प्रशिक्षु प्रशिक्षित किए।

रा.शि.सं. के कर्मशाला विभाग ने 1988–89 में विभिन्न राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को 1706 प्राथमिक विज्ञान किट, 225 समेकित विज्ञान किट और 6 मिनीउपकरण किट और भेजे। इसके अतिरिक्त हर राज्य/संघ शासित क्षेत्र के लिए 250 प्राथमिक विज्ञान किट, मिनी टूल किट तथा समेकित विज्ञान किट का एक नमूना तैयार किया। राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों से अनुरोध किया गया कि नमूनों के इन किटों का उपयोग वे प्रशिक्षण पाने वाले अध्यापकों में तथा स्थानीय उद्योगों से ऐसी किटें प्राप्त करने में करें। 1988–89 में रा.शि.सं. के कर्मशाला विभाग ने निम्नलिखित प्रकाशन भी निकाले :–

पर्यावरण अध्ययन पर अध्यापक पुस्तिका – (3 खंडों में)
किट मैनुअल – प्रायमिक विज्ञान किट
किट मैनुअल – समेकित विज्ञान किट
70 कार्ड चार्ट (डिस्प्लेहैंगर सहित)

परीक्षा संबंधी सुधार

परिषद् विद्यालयों में परीक्षा में सुधार लाने के लिए ऐसे अनेक कार्यों में लगी रही है, जिससे विद्यायलों में मूल्यांकन प्रक्रिया और पद्धति में सुधार हो। आलोच्य वर्ष में मापन मूल्यांकन एवं प्रदत्त सामग्री प्रक्रिया विभाग ने विद्यालयों में मूल्यांकन पद्धतियों के सुधार हेतु अनेक उपाय किए। व्यापक और अविरल मूल्यांकन की योजना तैयार की गई। अखिल भारतीय संदर्भ व्यक्तियों के लिए 22 जून से 5 जुलाई 1988 तक आयोजित दो सप्ताह की अवधि के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में इस पर विचार किया गया। शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक क्षेत्रों में छात्र उपलब्धि के रिकार्ड के साथ नमूने के तौर पर संचयी कार्ड भी तैयार किये गये। इस विभाग ने विभिन्न माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा ली जाने वाली परीक्षाओं में श्रेणी निर्धारण और मापन प्रारंभ करने के लिए मार्गदर्शिका भी तैयार की तथा माध्यमिक शिक्षा बोर्डों के अध्यक्षों/सचिवों की चार क्षेत्रीय बैठकें आयोजित कीं। इन बैठकों में माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक बोर्डों द्वारा ली जाने वाली परीक्षाओं में ग्रेडिंग और मापन को प्रारंभ करने संबंधी विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। पी.पी.एम.ई.डी. विभाग ने मौखिक परीक्षा, विवृत पुस्तक परीक्षा एवं परियोजना कार्य जैसी वैकल्पिक मूल्यांकन पद्धतियों पर शीर्ष व्यक्तियों के प्रशिक्षण हेतु 8 दिन की कार्यशाला आयोजित की। इतिहास विषय में मूल्यांकन पर एक 8 दिवसीय पाठ्यक्रम तथा विभिन्न माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्डों द्वारा ली जाने वाली बाह्य परीक्षाओं को सुधारने के लिए 5 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए । इन पाठ्यक्रमों में 302 व्यक्तियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त परिषद् ने शैक्षिक मूल्यांकन संबंधी संकल्पनात्मक सामग्री का विकास करने, संदर्भ परीक्षणों के आधार तैयार करने और विनिमय विषय क्षेत्रों में प्रश्नपत्र लिखने वालों के लिए प्रशिक्षण कार्य जारी रखे। विद्यालयों में मूल्यांकन पद्धतियों में सुधार के लिए किए गए कार्यकलापों के विस्तृत ब्यौरे 6.13 और 6.14 तालिका में दिए गए हैं।

1988-89

तालिका 6.13

वर्ष 1988-89 में आयोजित कार्यशालाएँ/बैठकें/सेमिनार

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
1.	बोर्ड परीक्षाओं में अंतः परीक्षक की अस्थिरता संबंधी समस्या के लिए निवारण हेतु उपायों पर कार्यशाला	8.8.88 से 13.8.88	मेरठ	60
2.	राष्ट्रीय स्केलिंग तथा ग्रेडिंग संगोष्ठी की सिफारिशों के कार्यान्वियन हेतु पहली क्षेत्रीय बैठक	7.9.88 से 9.9.88	ओबरा	14
3.	कक्षा 11 के लिए भौतिक विज्ञान के इकाई प्रश्न तैयार करने पर कार्यशाला	15.11.88 से 18.11.88	नई दिल्ली	20
4.	राष्ट्रीय स्केलिंग तथा ग्रेडिंग संगोष्ठी की सिफारिशों के कार्यान्वियन हेतु दूसरी क्षेत्रीय बैठक	24.11.88 से 25.11.88	नई दिल्ली	11
5.	अंग्रेजी में पठन तथा लेखन के संप्रेक्षण परीक्षण बनाने की कार्यशाला	21.12.88 से 28.12.88	नई दिल्ली	10
6.	राष्ट्रीय स्केलिंग तथा ग्रेडिंग सेमिनार की सिफारिशों के कार्यान्वियन हेतु तीसरी क्षेत्रीय बेठक	30.1.89 से 31.1.89	इम्फाल	12
7.	राष्ट्रीय स्केलिंग और ग्रेडिंग सेमिनार की सिफारिशों के कार्यान्वियन हेतु चौथी क्षेत्रीय बैठक	27.2.89 से 28.2.89	त्रिवेन्द्रम	12
8.	कक्षा 9 के लिए जीव विज्ञान में प्रश्न बनाने पर कार्यशाला	7.3.89 से 14.3.89	आगरा	24
9.	उच्चतर प्राथमिक कक्षाओं में विज्ञान के लिए रचनात्मक मूल्यांकन की योजना पर कार्यशाला	6.3.89 से 10.3.89	नई दिल्ली	21
10.	कक्षा 9 के लिए भौतिक विज्ञान में इकाई परीक्षण बनाने हेतु दूसरी कार्यशाला	27.3.89 से 31.3.89	नई दिल्ली	16
11.	कक्षा 9 के लिए विवृत्त परीक्षा हेतु जीव विज्ञान के प्रतिदर्श प्रश्नों की जांच पर कार्यशाला	28.3.89 से 31.3.89	नई दिल्ली	10

तालिका 6.14

1988–89 में आयोजित प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख/अवधि	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
1.	व्यापक तथा अविरल मूल्यांकन पर अखिल भारतीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	22.6.88 से 5.7.88 तक (14 दिन)	मसूरी	19
2.	अर्थशास्त्र में वैकल्पिक मूल्यांकन पद्धतियों में शीर्ष व्यक्तियों का प्रशिक्षण	4.10.88 से 11.10.88 तक (8 दिन)	नई दिल्ली	22
3.	इतिहास विषय में मूल्यांकन का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	15.11.88 से 22.11.88 तक (8 दिन)	नई दिल्ली	23
4.	प. बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की बाहरी परीक्षा में सुधार हेतु प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	17.8.88 से 23.8.88 तक (7 दिन)	कलकत्ता	45
5.	उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, तमिलनाडु में बाह्य परीक्षा में सुधार हेतु प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	5.1.89 से 11.1.89 तक (7 दिन)	मद्रास	47
6.	इंटरमीडिएट शिक्षा बोर्ड, आंध्र प्रदेश में बाहरी परीक्षा के सुधार हेतु प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	17.9.88 से 22.9.88 तक (6 दिन)	हैदराबाद	57
7.	मणिपुर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में बाहरी परीक्षा के सुधार हेतु प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	1.2.89 से 7.2.89 तक (7 दिन)	इम्फाल	78
8.	केरल राज्य के बाहरी परीक्षा में सुधार हेतु प्रशिक्षण पाठ्क्रम	20.2.89 से 25.2.89 तक (6 दिन)	त्रिचुर	52

परिषद् ने 1988–89 में परीक्षा सुधार संबंधी कार्यों में लगे हुए कार्मिकों के उपयोग हेतु कुछ प्रकाशन निकाले। इनमें निम्नलिखित प्रकाशन हैं :–

1. अंग्रेजी भाषा में परीक्षण मद (टैस्ट आइटम)
2. पढ़ें, समझें और उत्तर दें खंड – 1
3. अंग्रेजी में मूल्यांकन
4. कक्षा 9 हेतु भौतिक शास्त्र में इकाई परीक्षण (चक्रांकित)
5. मौखिक परीक्षा – एक सैद्धांतिक रूपरेखा (चक्रांकित)
6. माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्डों द्वारा ली जाने वाली परीक्षाओं में मापन और श्रेणी निर्धारण की मार्गदर्शिका(चक्रांकित)
7. उच्च प्राथमिक कक्षाओं में विज्ञान हेतु ''फारमेटिव'' मूल्यांकन की योजना (कक्षा 6 के लिए) (चक्रांकित)
8. परीक्षाओं में अनुचित तरीकों को रोकने के उपाय (चक्रांकित)

1988-89

शिक्षा प्रक्रिया और विषयवस्तु में अभिविन्यास के लिए राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता

विद्यालयी स्तर पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रिया के पुनरभिविन्यास के कार्यों के लिए रा.शै.अ.प्र.प. ने राज्यों/संघीय क्षेत्रों को विभिन्न पाठ्यचर्या के क्षेत्रों में पाठ्यपुस्तकों सहित अनुदेशी सामग्री के विकास और पाठ्यचर्या नवीकरण के कार्यों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए योजना तैयार की। इस योजना के अंतर्गत, आंध्र प्रदेश, बिहार, गोवा, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम, उड़ीसा, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पं. बंगाल राज्यों तथा दिल्ली संघ शासित क्षेत्र एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को वित्तीय सहायता दी गई। इस योजना के ''नोडल'' अधिकारियों की 21 से 22 नवंबर, 1988 तक बैठक योजना के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा हेतु आयोजित की गई। इसके अलावा परिषद् ने 2 से 4 जून, 1988 तक शिक्षा निदेशालयों, राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषदों तथा माध्यमिक शिक्षा बोर्डों के प्रतिनिधियों की राष्ट्रीय बैठक भी बुलाई जिसमें विद्यालय स्तर पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रियाओं के पुनरभिविन्यास के कार्यान्वयन की समीक्षा की गई। इस बैठक में 19 राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में विद्यालय स्तर पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रियाओं के पुनरभिविन्यास के कार्यों से संबंधित कठिनाइयों और समस्याओं तथा इन कठिनाइयों के निवारण हेतु अपेक्षित कार्य–नीतियों पर विचार किया गया। वर्ष 1988–89 में, इंटरमीडिएट शिक्षा बोर्ड, आंध्र प्रदेश, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नागालेंड, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, जम्मू और कश्मीर, गुजरात, विद्यालय पाठ्यपुस्तक बोर्ड, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, मेघालय को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे पर आधारित पाठ्यचर्या के नवीकरण एवं अनुदेशी सामग्री के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

सात

शिक्षा का व्यवसायीकरण

रा.शै.अ.प्र.प. का एक मुख्य कार्य उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के व्यवसायीकरण में अनुकूल कार्यक्रमों का विकास और कार्यान्वियन करना है। परिषद् ने 1988–89 में केंद्रीय प्रायोजित उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के व्यवसायीकरण की योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए कई कार्यक्रम बनाये थे। इन कार्यक्रमों को व्यवसायिक, निजी और स्वैच्छिक संस्थानों तथा शिक्षा व्यवसायीकरण से संबंधित कार्य करने वाले विशिष्ट अनुसंधान और विकास/प्रशिक्षण संस्थानों सहित विभिन्न अभिकरणों के सहयोग से कार्यान्वित किया गया। इस अवधि में राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के शिक्षा व्यवसायीकरण विभाग ने राज्य/संघ शासित क्षेत्र के अभिकरणों और संस्थानों के सहयोग से शिक्षा के व्यवसायीकरण के लिए पाठ्यचर्या के प्रतिपादन और कार्यान्विति संबंधी अध्ययन, पाठ्यविवरण और शिक्षण सामग्रियों का विकास, व्यवसायिक अध्यापक प्रशिक्षकों, शिक्षकों और अन्य कार्मिकों का प्रशिक्षण और जो +2 स्तर के व्यवसायिक शिक्षा कार्यक्रम में जुटे हुए हैं व्यवसायीकरण शिक्षा के विस्तार और प्रचार आदि जैसे मुख्य कार्यकलाप किये।

पाठ्यचर्याओं और अनुदेशी सामग्रियों का विकास

परिषद् ने आदर्श पाठ्यचर्याएं, व्यवसायिक पाठ्यक्रमों पर फोल्डर और उद्यमवृत्ति विकास के लिए पाठ्यपुस्तक तैयार करने पर चार कार्यशालाओं का आयोजन किया। यह कार्यशालाएँ, विशिष्ट संस्थानों के सहयोग से आयोजित की गईं जिनका विवरण तालिका 7.1 में दिया गया है ।

व्यवसायिक पाठ्यचर्या को लोकप्रिय बनाने के लिए परिषद् ने पांच शीर्षकों पर 5 वीडियो कार्यक्रम के निर्माण से संबंधित कार्य आरंभ किया है। वीडियो कार्यक्रम के शीर्षक इस प्रकार हैं :– सचिवालय पद्धति, स्कूटर और मोटर साइकिल का अनुरक्षण और सर्विसिंग, अंतर्देशीय मछली पालन, फूड प्रोसेसिंग और प्रिजीर्वेशन और मेडिकल लेबोरेट्री और टेकनीशियन। इन वीडियो कार्यक्रमों को इलेक्ट्रोनिक ट्रेड एंड टेक्नोलोजी डेवेलपमेंट कारपोरेशन, नई दिल्ली द्वारा दिये गये शीर्षकों पर परिषद् के संपूर्ण पर्यवेक्षण के अंतर्गत निर्मित किया गया है । इसके अतिरिक्त दस और वीडियो कार्यक्रमों के लिए आलेखों का निर्माण किया गया था।

शीर्ष व्यक्तियों का अभिविन्यास

रा.शै.अ.प्र.प. राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के शीर्ष व्यक्तियों के लिए उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के व्यवसायीकरण पर

1988-89

तालिका 7.1

वर्ष 1988–89 में पाठ्यचर्याओं ओर अनुदेशी सामग्री के विकास के लिए आयोजित कार्यशालाएँ/बैठकें

क्र.	कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
1.	उद्यमवृत्ति में मॉडल पाठ्यचर्या के विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यशाला	6 से 8 अगस्त 1988	नीसबड, ओखला नई दिल्ली	23
2.	मुद्रण तकनीकी और पुस्तक की जिल्दसाजी में न्यूनतम क्षमता आधारित पाठ्यचर्या को अंतिम रूप देने के लिए कार्यशाला	6 से 10 सितंबर 1988	रा.शै.अ.प्र.प. मद्रास	9
3.	व्यवसायिक पाठ्यक्रम पर प्रचार पुस्तिकाओं के विकास के लिए कार्यशाला	5 से 8 अक्तूबर, 1988 और 9 से 11 अक्तूबर, 1988	शिक्षा निदेशालय पणजी, गोवा	26
4.	उद्यमवृत्ति विकास पर पाठ्यपुस्तक तैयार करने के लिए विशेषज्ञों की बैठक	24 फरवरी, 1989	नीसबड, ओखला नई दिल्ली	11

अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करती रही है। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों (राज्य अधिकारियों/प्राचार्यों/शिक्षा अधिकारियों) को शिक्षा व्यवसायीकरण के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना है। शिक्षा व्यवसायीकरण पर कार्यक्रमों के अभिविन्यास कार्यक्रम के अतिरिक्त, अनुदेशी सामग्री के विकास, शीर्ष व्यक्तियों के लिए जिला व्यवसायिक सर्वेक्षण और अध्यापकों के लिए सेवा कालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन करने वाले सवन्यवकों और संदर्भ व्यक्तियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया। परिषद् ने शिक्षा व्यवसायीकरण पर 1988–89 में आठ अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किये, दो कार्यक्रम विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में अनुदेशी सामग्री के विकास पर, दो कार्यक्रम जिला व्यवसायिक सर्वेक्षण पर और एक अभिविन्यास कार्यक्रम व्यवसायिक अध्यापक प्रशिक्षण में रत समन्वयक और संदर्भ व्यक्तियों के लिए था। आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम का विवरण तालिका 7.2 में दिया गया है।

तालिका 7.2
वर्ष 1988–89 के आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख और अवधि	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
	शिक्षा के व्यवसायीकरण के अभिविन्यास कार्यक्रम			
1.	दिल्ली संघ शासित क्षेत्र के शीर्ष व्यक्तियों के लिए व्यवसायीकरण पर अभिविन्यास कार्यक्रम	3 दिन 11 से 13 मई, 1988	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	40
2.	कर्नाटक राज्य के शीर्ष व्यक्तियों के लिए शिक्षा व्यवसायीकरण पर अभिविन्यास कार्यक्रम	4 दिन 24 से 27 मई, 1988	व्यवसायिक शिक्षा निदेशालय, बंगलौर	22
3.	म.प्र. के शीर्ष व्यक्तियों के लिए शिक्षा व्यवसायीकरण पर अभिविन्यास कार्यक्रम	4 दिन 28 जून से 1 जूलाई 1988	राजकीय शिक्षा महाविद्यालय उज्जैन, म.प्र.	39
4.	हिमाचल प्रदेश के शीर्ष व्यक्तियों के लिए शिक्षा व्यवसायीकरण पर अभिविन्यास कार्यक्रम	4 दिन 3 से 6 अगस्त, 1988	शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश)	19
5.	राजस्थान के शीर्ष व्यक्तियों के लिए शिक्षा व्यवसायीकरण पर अभिविन्यास कार्यक्रम	4 दिन 2 से 5 अगस्त 1988	जयपुर (राजस्थान)	60
6.	केरल राज्य के शीर्ष व्यक्तियों के लिए शिक्षा व्यवसायीकरण पर अभिविन्यास	4 दिन 13 से 16 सितंबर, 1988	राजकीय तकनीकी उच्च विद्यालय, त्रिचुर	29
7.	उत्तर पूर्व राज्यों के शीर्ष व्यक्तियों के लिए शिक्षा व्यवसायीकरण पर अभिविन्यास कार्यक्रम	4 दिन 1 से 4 नवंबर, 1988	कॉटन कालेज असम गुवाहाटी	32
8.	उत्तर प्रदेश के शीर्ष व्यक्तियों के लिए शिक्षा व्यवसायीकरण पर अभिविन्यास कार्यक्रम	प्रत्येक 3 दिन प्रथम चरण 25 से 27 फरवरी, 1989 द्वितीय चरण 27 फरवरी से 1 मार्च, 1989	शिक्षा निदेशालय, 18 पार्क रोड, लखनऊ उत्तर प्रदेश	100+100 =200
	अनुदेशी सामग्री विकास में अभिविन्यास कार्यक्रम			
1.	विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में अनुदेशी सामग्री के विकास में विशेषज्ञों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम	5 दिन 22 से 26 सितंबर, 1988	हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार	30
2.	विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में आदर्श अनुदेशी सामग्री के विकास के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम	4 दिन 15 से 19 नवंबर, 1988	बंगलौर	35
	जिला व्यवसायिक सर्वेक्षण के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम			
1.	जिला व्यवसायिक सर्वेक्षण में शीर्ष व्यक्तियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम	4 दिन 26 से 29 जुलाई, 1988	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	33

1988-89

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख और अवधि	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
2.	जिला व्यवसायिक सर्वेक्षण के शीर्ष व्यक्तियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम	4 दिन 17 से 20 फरवरी 1989	पणजी (गोआ)	27
	समन्वयक और संदर्भ व्यक्तियों के लिए अभिनवीकरण कार्यक्रम			
1.	शिक्षा व्यवसायीकरण पर आंध्र प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के संदर्भ व्यक्तियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम	4 दिन 7 से 10 जून, 1988	राजकीय छात्र महाविद्यालय शिमला	36

प्रकाशन और प्रसार

1988–89 में परिषद् ने अपने विभिन्न विकास कार्यकलापों के द्वारा शिक्षा व्यवसायीकरण के विभिन्न पहलुओं से संबंधित चार प्रकाशन निकाले जिनके नाम इस प्रकार से हैं : (1) व्यावसायिक पाठ्यचर्या के कार्यान्वियन के मूल्यांकन के लिए मार्ग–निर्देशिका (2) मुद्रण तकनीक और पुस्तक की जल्दसाजी में न्यूनतम क्षमता पाठ्यचर्या (3) +2 व्यवसायिक पाठ्यक्रम के लिए लेखा– परीक्षा कार्य के लिए निर्देश पुस्तिका (4) सामान्य आधार पर पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या। ये प्रकाशन उन संस्थानों/अभिकरणों के पास उपलब्ध किये गये हैं जो उच्चतर माध्यमिक व्यवसायीकरण के कार्यक्रमों में जुटे हुए हैं।

परामर्श सेवाएँ

अन्य चलाये जा रहे कार्यों में से एक कार्य के रूप में परिषद् राज्य सरकारों और अन्य अभिकरणों व सम्मेलनों आदि में प्रतिभागिता के रूप में परामर्श सेवाएँ उपलब्ध कराती है। शिक्षा व्यवसायीकरण के क्षेत्र में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.), इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ओपन स्कूल और केन्द्रीय विद्यालय आदि संगठनों ने परिषद् की सुविज्ञता से लाभ उठाया।

1988-89

आठ

अध्यापक शिक्षा

सेवा-पूर्व और सेवाकालीन शिक्षा का सुधार करना और विद्यालय के अध्यापकों को प्रशिक्षण देना रा.शै.अ.प्र.प. का एक मुख्य कार्य रहा है। प्रारंभिक और माध्यमिक अध्यापकों के शिक्षा कार्यक्रमों में सुधार लाने के लिए अनुसंधान एवं प्रायोगिक अध्ययन करना, अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या का पुनरीक्षण करना, अध्यापक प्रशिक्षकों, अध्यापक प्रशिक्षार्थियों और सेवा कालीन अध्यापकों के प्रयोग के लिए अनुदेशी सामग्रियाँ तैयार करना, अध्यापक शिक्षा की पुनः संरचना और पुनर्गठन की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के कार्यान्वयन के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना और अध्यापक–शिक्षकों तथा सेवा कालीन अध्यापकों को प्रशिक्षित/अभिनवीकृत करना राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के अध्यापक शिक्षा, विशेष शिक्षा और विस्तार सेवा विभाग के कुछ मुख्य कार्यकलाप हैं।

अनुसंधान

वर्ष 1988–89 में अध्यापन के शिक्षण मॉडलों में माध्यमिक अध्यापक शिक्षकों और बी.एड. के विद्यार्थी–अध्यापकों के प्रशिक्षण की विभिन्न विधियों की क्षमता से संबंधित प्रभाव को सुनिश्चित करने के लिए अनुसंधान अध्ययन की रिपोर्ट प्रकाशित की गई। यह अध्ययन शिक्षा संकाय, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के सहयोग से किया गया। देश के 8 राज्यों के 12 अध्यापक शिक्षा महाविद्यालयों में यह अध्ययन किया गया। अध्ययन के लिए 42 अध्यापक शिक्षकों और 208 छात्र अध्यापकों के नमूने समाविष्ट किये गये ।

आलोच्य वर्ष में पूर्व प्राथमिक, प्रारंभिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक अध्यापकों के शैक्षणिक,आर्थिक, व्यवसायिक और सामाजिक स्तर का अध्ययन किया गया। इस अध्ययन से यह पता लगा है कि प्राथमिक अध्यापकों की तुलना में उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर काम करने वाले अधिकतर अध्यापकों की राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक योग्यता है। उच्चतर प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के अधिकतर अध्यापक प्रशिक्षित थे जबकि पूर्व प्राथमिक अध्यापकों में 50% अप्रशिक्षित थे। अध्ययन से आगे पता लगा है कि कम वेतन, सेवा कार्य की असंतोषजनक शर्तें, प्रोन्नति और जीवन–वृत्ति प्रगति के सीमित अवसरों आदि के कारण भारत में अध्यापकों का वर्तमान स्तर कम है।

अध्यापक शिक्षा में प्राथमिक और माध्यमिक अध्यापक शिक्षकों में अनुसंधान को प्रोत्साहिन करना एक महत्वपूर्ण क्षेत्र

है। अध्यापक शिक्षा संस्थानों में अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। इन कार्यशालाओं में 100 से अधिक अनुसंधान अध्ययनों को विकसित करने के लिए अनुसंधान डिजाइन बनाये । पहली कार्यशाला अनुसंधान परियोजना के नियोजन और डिजाइन पर 29 अगस्त से 3 सितंबर, 1988 को नई दिल्ली में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में 34 अध्यापक प्रशिक्षकों ने भाग लिया। दूसरी कार्यशाला प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों में अनुसंधान और प्रयोगों को प्रोत्साहन देने के लिए 23 से 28 फरवरी, 1988 तक पटना में की गई। इस कार्यशाला में 37 अध्यापक प्रशिक्षकों ने भाग लिया। तीसरी कार्यशाला अनुसंधान परियोजना के नियोजन और डिजाइन पर 6 से 10 फरवरी, 1989 को सेलम, तमिलनाडु में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में 39 अध्यापक प्रशिक्षकों ने भाग लिया।

प्राथमिक और माध्यमिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों की ओर से अध्यापक प्रशिक्षकों में नवाचार को प्रोत्साहन देने की एक कड़ी के रूप में रा.शै.अ.प्र.प. प्रति वर्ष संगोष्ठी पाठमालाएँ की अखिल भारतीय प्रतियोगिता का आयोजन करती है। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित लेखों के लिए एक–एक हजार रुपये के 30 नकद पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं। इसमें 20 नकद पुरस्कार प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत अध्यापक प्रशिक्षकों और 10 नकद पुरस्कार माध्यमिक स्तर के अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत अध्यापक प्रशिक्षकों को प्रदान किये जाते हैं। अध्यापक प्रशिक्षकों की ''संगोष्ठी पाठमालाएँ'' की चौदहवीं और पन्द्रहवीं अखिल भारतीय प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेताओं के लिए एक राष्ट्रीय संगोष्ठी दिनांक 31 मार्च से 1 अप्रैल, 1989 को क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, अजमेर में आयोजित की गई। राष्ट्रीय संगोष्ठी में 21 पुरस्कार प्राप्त चयनित लेखों को पढ़ा गया और पुरस्कार विजेताओं द्वारा उन पर चर्चा की गई। लेखों में विज्ञान शिक्षण विधि, गणित, भाषा, सामाजिक अध्ययन और इलेक्ट्रोनिक्स, मूल्य शिक्षा, राष्ट्रीय एकता, पुस्तकालय व्यवस्था की कार्य प्रणाली आदि मुख्य विषय थे ।

अनुदेशी/प्रशिक्षण सामग्रियों का विकास

परिषद् ने अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों से संबंधित विभिन्न पाठ्यचर्या के मार्ग–निर्देशिका और पाठ्यविवरणों के विकास के लिए कार्यकलाप आरंभ किये। प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा के रूप में हिन्दी शिक्षण और विद्यालय अनुभव के लिए मार्गनिर्देशिका को 27 फरवरी से 7 मार्च, 1989 तक दिल्ली में आयोजित एक कार्यशाला में तैयार किया गया। इस कार्यशाला में 17 विशेषज्ञों ने भाग लिया। प्राथमिक अध्यापक शिक्षासंस्थानों के लिए विद्यालय अनुभव कार्यक्षमता, (विद्यार्थी शिक्षण) पर मार्गनिर्देशिका को तैयार करने के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, गुड़गांव में एक अन्य कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में 20 अध्यापक शिक्षकों ने भाग लिया।

स्वतः आधारित और विद्यालय आधारित सेवा कालीन शिक्षा और प्रशिक्षण देने हेतु मार्ग निर्देशिका का विकास करने के लिए 26 जनवरी से 2 मार्च, 1989 तक अमीनी लक्षद्वीप में एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में लक्षद्वीप के 28 प्राथमिक अध्यापकों ने भाग लिया।

अध्यापक शिक्षा की पुनः संरचना और पुनर्गठन योजना को तकनीकी सहायता

परिषद् केंद्रीय प्रायोजित अध्यापक शिक्षा की पुनः संरचना और पुनर्गठन योजना के कार्यान्वयन में, विशेष रूप से निम्नलिखित चार घटकों के कार्यान्वयन में मानव संसाधन विकास मंत्रालय और राज्य/संघ शासित क्षेत्रों को तकनीकी सहायता देती रही है।

1. विद्यालय अध्यापकों को सामूहिक अभिविन्यास कार्यक्रम (पी.एम.ओ.एस.टी.)
2. जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों (डी.आई.ई.टी.) की स्थापना करना।
3. अध्यापक शिक्षा महाविद्यालयों (सी.टी.ई.) का संवर्द्धन और इनमें से कुछ को शैक्षिक उच्च अध्ययन संस्थान (आई.ए.एस.ई.) के रूप में उन्नयन करना।

4. राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एस.सी.ई.आर.टी.) का संवर्द्धन

इन चार घटकों के संबंध में किए गए अभिविन्यास कार्यकलापों का विवरण निम्नांकित हैं :

विद्यालय-अध्यापकों का सामूहिक अभिविन्यास कार्यक्रम (पी.एम.ओ.एस.टी.)

विद्यालय के सामूहिक अभिविन्यास कार्यक्रम (पी.एम.ओ.एस.टी.) के अंतर्गत रा.शै.अ.प्र.प. और राज्य सरकार द्वारा पाँच लाख विद्यालय अध्यापकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित होता रहा है. जिससे अध्यापकों में प्रेरणा और व्यवसायिक कौशल को बढ़ावा मिले ताकि वे स्कूल स्तर पर पुनः अभिविन्यास और प्रक्रिया में प्रमुख भूमिका निभा सकें। वर्ष 1988 के प्राथमिक और माध्यमिक अध्यापकों को प्रशिक्षित करने के लिए 9,113 शिविर लगाये गये। इन शिविरों में 4,39,261 अध्यापकों ने भाग लिया जिसमें 2,97,977 प्राथमिक और 1,41,284 उच्च.. प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया। अध्यापक प्रशिक्षण शिविरों को आयोजित करने में 10,300 संदर्भ व्यक्ति शामिल थे।

अभिविन्यास कार्यक्रम की विषयवस्तु की वर्ष 1986 और 87 के दौरान प्राप्त अनुभवों के आधार पर समीक्षा की गई। पश्चय पोषण (फीडबैक) के आधार पर वर्ष 1988 के अभिविन्यास कार्यक्रम की विषय वस्तु की पुनः अभिकल्पना की गई ताकि इससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 1986 के प्रमुख बलों के बारे में जानकारी देने वाले घटकों के अतिरिक्त विभिन्न पाठ्यचर्या के क्षेत्रों से संबंधित व्यवसायिक क्षमता को उन्नत करना सम्मिलित किया जा सके। इस प्रयोजन के लिए प्राथमिक विद्यालय अध्यापकों और माध्यमिक विद्यालय अध्यापकों के लिए अलग–अलग संशोधित प्रशिक्षण पैकेज के खंड तैयार किये गये। अभिविन्यास/प्रशिक्षण शिविरों के पाठ्यक्रमों निदेशकों और संदर्भ व्यक्तियों के लिए मार्ग निर्देशिका तैयार की गई। इसके अतिरिक्त संदर्भ व्यक्तियों द्वारा दूरदर्शन प्रसारण के प्रभावी उपयोग के लिए मार्गनिर्देशिका बनाई गई। अभिविन्यास कार्यक्रम को दूरदर्शन प्रसारण द्वारा मजबूत करने के लिए उभरती हुई पाठ्यचर्या के विषयों से संबंधित कुछ नये कार्यक्रम भी शामिल किये गये।

वर्ष 1988 के आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रमों का तीन विश्वविद्यालयों कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय और पाण्डीचेरी विश्वविद्यालय द्वारा मूल्यांकन करवाया गया। पी.एम.ओ.एस.टी. के कार्यान्वियन समीक्षा के लिए 26 से 28 अक्तूबर 1988 को नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मूल्यांकन की रिपोर्ट दिये गए सुझावों पर आधारित और राष्ट्रीय समीक्षा बैठक में वर्ष 1989 के दौरान प्रस्तावित अभिविन्यास कार्यक्रमों की विषयवस्तु को अध्यापकों की आवश्यकताओं के अनुरूप और संशोधित किया गया।

6 जनवरी से 11 जनवरी, 1989 को रा.शै.अ.प्र.प. हरियाणा में एक कार्यशाला का आयोजन उन कार्यकलापों की पहचान के लिए किया गया जिसे अध्यापक 1989 में पी.एम.ओ.एस.टी. के अतंर्गत होने वाले अभिविन्यास शिविरों में कर सके। इनमें 101 अध्यापकों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त पी.एम.ओ.एस. टी. के मूल्यांकन का डिजाइन बनाने और मूल्यांकन – अध्ययनों के लिए उपकरणों को तैयार करने हेतु मार्ग निर्देशिका तैयार करने के लिए 23 से 28 जनवरी, 1989 को क्षे.शि.म.मैसूर में एक विशेष दल की बैठक हुई। बैठक में विश्वविद्यालयों के शिक्षा विभागों के 13 प्रोफेसरों ने भाग लिया।

डी.आई.ई.टी. की स्थापना

अध्यापक शिक्षा की पुनः रचना और पुनर्गठन पर केंदीय प्रायोजित योजना देश में प्राथमिक शिक्षा और प्राथमिक अध्यापक शिक्षा के गुणात्मक सुधार के लिए 400 डी.आई.ई.टी. का गठन आधार भूत संस्थान के रूप में करने पर विचार कर रही है। प्राथमिक अध्यापकों को सेवा पूर्व और सेवा कालीन शिक्षा प्रदान करने के लिए अतिरिक्त डी. आई.ई.टी. को अनौपचारिक और प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों में लगे हुए कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करना है।

परियोजना के प्रतिपादन एवं डी.आई.ई.टी. के स्थापना हेतु

प्रारूप के तौर पर इंडियन एजूकेशनल कन्सल्टेंट लिमिटेड द्वारा मार्ग निर्देशिका तैयार की गई। डी.आई.ई.टी. के स्थापना हेतु परियोजनाओं के प्रतिपादन में राज्यों से प्राप्त पश्चपोषण (फीडबैक) के आधार पर रा.शै.अ.प्र.प. को इंडियन एजूकेशनल कन्सल्टेन्ट लिमिटेड द्वारा तैयार किए गए प्रारूप मार्ग निर्देशिका को संशोधित करने का काम सौंपा गया। डी.आई.ई.टी. की दस्तावेज की समीक्षा एवं संशोधन के लिए 26 और 27 जुलाई, 1988 को एक कार्यकारी दल की बैठक की गई। परियोजना प्रतिपादन और डी.आई.ई.टी. की स्थापना के लिए संशोधित मार्ग निर्देशिका दस्तावेज परिषद् द्वारा तैयार किया गया था। डी.आई.ई.टी. के विभिन्न पहलुओं पर संशोधित मार्ग निर्देशिका तैयार करने के संबंध में कार्य के एक अंश के रूप में, परिषद् ने डी.आई.ई.टी. के लिए संदर्भ समाग्री के रूप में प्राथमिक अध्यापक शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों के लिए अंग्रेजी और हिंदी में पुस्तकों की प्रस्तावित सूची तैयार की है। परिषद् ने डी.आई.ई.टी. की आवश्यकता के अनुसार उपकरण और फर्नीचर की एक प्रस्तावित सूची भी तैयार की है।

परिषद् ने डी.आई.ई.टी. के स्टाफ के लिए आयोजित किये जाने वाले प्रस्तावित प्रेरक पाठ्यक्रम की अभिकल्पना का विकास करने का काम भी हाथ में लिया। डी.आई.ई.टी. संकाय के लिए प्रेरक पाठ्यक्रम की विषयवस्तु तैयार करने के लिए कार्यकारी दल की बैठक 2 और 3 मार्च, 1989 को नई दिल्ली में की गई और पाठ्यक्रम का प्रारूप तैयार किया गया।

अध्यापक शिक्षा कालेज (सी.टी.ई.) का संवर्द्धन करना

केंद्रीय प्रायोजित अध्यापक शिक्षा की पुनः रचना और पुनर्गठन योजना 250 कालेजों के संवर्द्धन और उनमें से कुछ का शिक्षा में उच्च अध्ययन संस्थानों (आई.ए.एस.ई.) में उन्नयन पर विचार कर रही है। इंडियन एजूकेशन कन्सल्टेन्ट लिमिटेड ने योजना के इस घटक से संबंधित प्रारूप मार्ग निर्देशिका तैयार की थी। मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार के अनुरोध पर रा.शै.अ.प्र.प. ने सी.टी.ई./आई.ए.एस.ई. के दस्तावेजों को संशोधित करने और अध्यापक शिक्षा कालेजों के संवर्द्धन तथा उनमें से कुछ को आई.ए.एस.ई. में परिवर्तित करने के लिए विस्तृत मार्ग निर्देशिका तैयार करने का दायित्व लिया। इस अवधि के दौरान परिषद ने सी.टी.ई./आई.ए.एस.ई. पर दस्तावेज के संशोधन करने और अध्यापक शिक्षा महाविद्यालयों के संवर्द्धन तथा उनमें से कुछ को आई.ए.एस.ई. में परिवर्तित करने के लिए विस्तृत मार्ग निर्देशिका तैयार करने का दायित्व लिया। इस अवधि के दौरान परिषद ने सी.टी.ई/आई.ए.एस.ई. पर दस्तावेज के संशोधन से संबंधित कुछ कार्यकलापों को किया।

रा.शै.अ.प्र.प. का संवर्द्धन

रा.शै.अ.प्र.प. को संवर्द्धन देने के लिए मार्ग निर्देशिका तैयार करने से संबंधित कार्य के रूप में परिषद् ने एक एप्रोच पेपर तैयार किया। रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा तैयार एप्रोच पेपर मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार को प्रस्तुत किया गया।

प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम

परिषद् ने विद्यालयी अध्यापकों का सामूहिक कार्यक्रम (पी.एम.ओ.एस.टी.) के अतिरिक्त अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए कुछ अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किये। इन कार्यक्रमों का विस्तृत ब्यौरा तालिका 8.1 में दिया है ।

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन.सी.टी.ई.)

रा.शै.अ.प्र.प. राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन.सी.टी.ई.) के लिए एक सचिवालय के रूप में काम कर रही है। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् की अपनी साधारण सभा है जिसके अध्यक्ष केंद्रीय मानव संसादन विकास मंत्री हैं, इसकी अपनी एक संचालन समिति है जिसके अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के सदस्य सचिव हैं और तीन शैक्षिक स्थायी समितियाँ हैं जिनके अध्यक्ष संबद्ध क्षेत्रों के विशेषज्ञ हैं। यद्यपि अध्यापक शिक्षा संबंधी विषयों और समस्याओं की चर्चा करने के लिए शैक्षिक समिति की बैठक अकसर होती रहती है, स्थायी समिति की सिफारिशों पर विचार करने पर और नीति के मामलों पर

1988-89

तालिका 8.1

वर्ष 1988-89 के दौरान अध्यापक शिक्षकों के लिए आयोजित अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
1.	शिक्षण के माडल पर अभिविन्यास कार्यक्रम	21 से 26 नवंबर, 1988	गोरखपुर	31
2.	प्राथमिक अध्यापक शिक्षकों के लिए सूक्ष्म शिक्षण पर अभिविन्यास कार्यक्रम	26 से 31 दिसंबर, 1988	वास्को दा–गामा	45
3.	विद्यालय आधारित सेवा पूर्व शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए योजना और प्रक्रिया तैयार करने के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम	6 से 10 फरवरी, 1989	पाण्डीचेरी	20

- ई.टी.वी. कार्यक्रमों के प्रति बच्चों, अध्यापकों और माता–पिता की अभिरुचियों और विचारों की जानकारी लेने के लिए समीक्षकों के पत्रों की विषय–वस्तु का विश्लेषण किया गया।
- उत्तर प्रदेश के इन्सैट जिलों में ई.टी.वी. सेवाओं के उपयोग के अध्ययन के लिए एक प्रतिदर्श सर्वेक्षण।

1988-89

— गुजरात और महाराष्ट्र के चुने हुए इन्सैट जिलों में ई.टी.वी. के उपयोग पर एक केस अध्ययन।
— छः राज्यों में 275 शिविर में विद्यालय–अध्यापकों का सामूहिक अभिविन्यास कार्यक्रम (पी.एम.ओ.एस.टी.) ई.टी.वी. के भाग के उपयोग पर अध्ययन।
— तमिलनाडु के खुला विद्यालय के संघटनात्मक ढाँचों, प्रचालन–प्रक्रिया और भावी योजनाओं पर एक गहन केस अध्ययन।
— श्रव्य कार्यक्रमों का क्षेत्र परीक्षण : रेडियो प्रभाग द्वारा निमित भारत की सामान्य सांस्कृतिक परम्परा की शृंखला में 5 श्रव्य कार्यक्रमों, संस्कृति पर 15 कार्यक्रमों और 27 बाल गीतों का परीक्षण और मूल्यांकन किया गया।

शैक्षिक सामग्री का विकास

केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिक संस्थान ई.टी.वी. कार्यक्रमों, आडियो/वीडियो कार्यक्रमों और शैक्षिक फिल्मों सहित शैक्षिक साफ्टवेयर को विकसित करने में कार्यरत रहा जिसका विवरण नीचे दिया गया है :

प्राथमिक स्तर के अध्यापकों और बच्चों के लिए ई.टी.वी. कार्यक्रमों का निर्माण

उपग्रह इन्सेट – 1 बी के लिए 90 नए ई.टी.वी. कार्यक्रम निर्मित किए गए जिससे कुल कार्यक्रमों की संख्या 418 हो गई और उनके भाषाई कार्यक्रम 744 हो गये। जिनके ब्यौरे तालिका 10.1 में दिए गए हैं :

तालिका 10.1
वर्ष 1988-89 में निर्मित ई.टी.वी. कार्यक्रमों की संख्या

5 से 8 वर्ष	9 से 11 वर्ष	अध्यापक	अन्य	कुल
36	34	16	4	90

इसके अतिरिक्त 65 ई.टी.वी. कार्यक्रमों का उड़िया रूपान्तर निर्मित किया गया। के.शै.प्रौ.सं और रा.शै.प्रौ.सं. द्वारा निर्मित ई.टी.वी. कार्यक्रमों को पाँच विभिन्न भाषाओं में आवंटित समय आधार पर 3 घंटे 45 मिनट सोमवार से शनिवार तक लगभग 220 विद्यालय दिवसों में प्रसारित किया गया। छ : इन्सेट राज्यों (आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, उड़ीसा, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश) के अतिरिक्त कार्यक्रमों का हिन्दी रूपान्तर, म.प्र., राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ में सभी उच्च पावर ट्रासंमीटरों और निम्न पावर ट्रांसमीटरों द्वारा प्रसारित किया गया। के.शै.प्रौ.सं. द्वारा निर्मित चुने हुए ई.टी.वी. कार्यक्रमों को बच्चों के कार्यक्रम में सप्ताह में दो बार दूरदर्शन केन्द्र, दिल्ली से और 150 अन्य दूरदर्शन केन्द्रों के नेटवर्क द्वारा प्रसारित किया गया।

ओडियो/रेडियो कार्यक्रम

के.शै.प्रौ.सं. में इस वर्ष शैक्षिक आडियो निर्माण का विशेष बल राष्ट्रीय शिक्षा नीति–1986 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या-रूपरेखा में दिए सामान्य कोर घटकों पर आधारित था। इस अवधि में 76 नये आडियो कार्यक्रम बने और शैक्षिक रेडियो कार्यक्रमों की कुल संख्या 900 हो गई। 1988–89 में निर्मित आडियो/वीडियो कार्यक्रमा का विस्तृत ब्यौरा तालिका 10.2 में दिया गया है :

तालिका 10.2
1988–89 में निर्मित आडियो/वीडियो कार्यक्रम

कार्यक्रम	लक्ष्य समूह	कार्यक्रमों की संख्या
भारत की सामान्य सांस्कृतिक परंपरा	प्राथमिक	34
स्वतंत्रता संग्राम	उच्च प्राथमिक	4
पिता के पत्र पुत्री के नाम	उच्च प्राथमिक	3
नर्सरी गीत	पूर्व–प्राथमिक	21
राष्ट्रीय पहचान	प्राथमिक	5
पाठ्यचर्या पर आधारित कार्यक्रम	कक्षा–6 (नवोदय विद्यालय)	9
	कुल	76

शैक्षिक फिल्में

आलोच्य वर्ष में तीन 16 मि.मी. रंगीन फिल्में भूगोल लैंड एण्ड पीपल शृंखला पर मालाबार कोस्ट, दी ग्रेट शोर्स और लैंड मेड बाय ग्रीन फिन्गर्स को अंग्रेजी में पूरा किया गया। सभी फिल्मों को हिन्दी में साथ–साथ डब कर दिया गया।

इसके अतिरिक्त के.शै.प्रौ.सं. ने केन्द्रीय फिल्म लाइब्रेरी के लिए 32 शैक्षिक फिल्में "भारत के स्वतंत्रता संग्राम पर" खरीदीं।

शैक्षिक चार्ट

केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिक संस्थान ने कक्षा 9 और 10 के लिए सीरिज 2 में 18 जीव–विज्ञान चार्टों का विकास किया। सीरिज 1 के 22 जीव विज्ञान के चार्टों का मुद्रण पहले ही हो चुका है और उन्हें राज्यों को स्वीकरण/अनुकूलन के लिए भेजा जा चुका है। इसके अतिरिक्त संस्थान ने कई अन्य विकासात्मक कार्यकलापों को लिया है। यह कार्यकलाप, जीव विज्ञान (सीरिज–2) के चार्टों का विकास, माध्यमिक स्तर पर रसायन विज्ञान पर ई.टी.वी. आलेख, कम लागत के शिक्षण साधन विद्यालय पाठ्यचर्या और पर्यावरणीय शिक्षा में सामान्य कोर घटकों में ई.टी.वी. कार्यक्रमों के विषयों और विषय वस्तु की पहचान पाठ्यचर्या के समर्थन हेतु नवोदय विद्यालय की आवश्यकताओं के अनुरूप आडियो कार्यक्रमों का निर्धारण आदि थे। इन विकासात्मक कार्यकलापों के संबंध में बहुत सी कार्यशालाएँ/बैठकें आयोजित की गई। 1988–89 में आयोजित कार्यशालाओं/बैठकों/सम्मेलनों का विवरण तालिका 10.3 में दिया गया है –

तालिका 10.3
1988–89 में आयोजित कार्यशालाएँ/सम्मेलन/बैठकें/संगोष्ठियाँ

क्र.सं.	कार्यक्रम	अवधि	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
1.	वैज्ञानिक दृष्टिकोण हेतु विषय और विषय–वस्तु की पहचान की कार्यशाला	22 और 23 अप्रैल, 1988	के.शै.प्रौ.सं.	25
2.	कम लागत के साधनों पर ई.टी.वी. कार्यक्रमों के आलेख बनाने के लिए कार्यशाला	अप्रैल, 1988	के.शै.प्रौ.सं.	4
3.	माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर के अध्यापकों के लिए रसायन विज्ञान में ई.टी.वी. आलेख को अंतिम रूप देने के लिए कार्यकारी समूह की पाँच बैठकें	मई–जून 1988	के.शै.प्रौ.सं.	6
4.	खगोल–विज्ञान की सीरियल में विषय और विषयवस्तु की पहचान कराने के लिए कार्यशाला	20 और 21 जून, 1988	के.शै.प्रौ.सं.	4
5.	रा.शै.अ.प्र.प. के स्वायत्त प्रबन्ध ढाँचे के संबंध में चर्चा के लिए कार्यदल–समूह की बैठक	6 जून, 1988	के.शै.प्रौ.सं.	12
6.	रेडियो प्रभाग द्वारा निर्मित आडियो कार्यक्रमों की सम्भावना हेतु प्रमुख रिकार्डिंग कम्पनियों के प्रतिनिधियों की बैठक	5 जून, 1988	वही	5

क्र.सं.	कार्यक्रम	अवधि	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
7.	रा.शै.अ.प्र.प. के लिए ई.टी.वी. पाठ्यचर्या को विकसित करने के लिए कार्यशाला	27 जून से 6 जुलाई, 1988	वही	25
8.	पर्यावरणीय शिक्षा पर वीडियो कार्यक्रमों के विकास के लिए कार्यशाला	9 और 10 अगस्त, 1988	वही	15
9.	व्यवसायिक शिक्षा के विषयों की पहचान पर कार्यशाला	22 और 23 अगस्त, 1988	वही	25
10.	पर्यावरणीय संरक्षण पर विजुअल्स को विकसित करने के लिए कार्यशाला	23 से 26 अगस्त, 1988	बाल भवन नई दिल्ली	41
11.	जन–संचार संबंधित ई.टी.वी. में आधुनिक अनुसंधानों और नवाचारों पर संगोष्ठी	4 से 6 अक्तूबर 1988	क्षे.शि.म. अजमेर	10
12.	कक्षा 9 और 10 के लिए जीव–विज्ञान चार्ट (सीरियल–2) के मूल्यांकन पर कार्यशाला	4 से 5 अक्तूबर 1988	के.शै.प्रौ.सं.	16
13.	कक्षा 11 और 12 के लिए विज्ञान (जीव–विज्ञान) में चार्टों के विकास के लिए विषय के निर्धारण के लिए कार्यशाला	13 और 14 अक्तूबर 1988	वही	15
14.	जिला शिक्षा संस्थानों जम्मू क्षेत्र के चुने हुए अध्यापकों के लिए कम–लागत के साधनों की कार्यशाला	14 से 18 नवंबर, 1988	राज्य शिक्षा संस्थान, जम्मू	20
15.	नवोदय विद्यालयों की आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यचर्या का समर्थन देने के लिए आडियो कार्यक्रमों का विकास करने पर चर्चा करने के लिए बैठक	24 नवंबर, 88	के.शै.प्रौ.सं.	17
16.	''पिता के पत्र पुत्री के नाम'' पर आधारित कार्यक्रमों के प्रस्तुतीकरण के रूप पर चर्चा करने के लिए दो बैठकें	19 जुलाई, 19 दिसंबर, 88	वही	6
17.	पूर्वकालीन शिक्षण सहायक साधन विभाग द्वारा फिल्म निर्माण की समीक्षा करने के लिए बैठक	15 से 19 जनवरी, 1989	वही	14
18.	दूरस्थ शिक्षा के पाठों के लिए स्वयं जाँच–अभ्यासों का विकास करने के लिए दो कार्यशालाएँ	21 से 24 फरवरी और 10 और 11 अप्रैल, 1989	वही	12
19.	राज्य ई.टी. प्रकोष्ठों और फिल्म लाइब्रेरियों के अधिकारियों का सम्मेलन	14 से 16 मार्च 1989	वही	29
20.	दूरस्थ शिक्षा के अध्यायों के सम्पादन के लिए मार्ग निर्देशिका बनाने हेतु कार्यशाला	6 से 10 मार्च और 31 मार्च से 5 अप्रैल, 1989	वही	10
21.	कक्षा ग्यारह के लिए जीव विज्ञान के चार्टों का निर्माण करने के लिए कार्यकारी दल की दो बैठकें	5 और 27 मार्च, 1989	वही	8
22.	बाल केन्द्रित शिक्षा उपागम पर बैठक	8 से 10 मार्च, 1989	वही	10

प्रशिक्षण कार्यक्रम

केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिक संस्थान ने लोगों को बड़ी संख्या में प्रशिक्षित करने के लिए विख्यात अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से विभिन्न अंत:देशी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करना जारी रखा है। इस अवधि में के.शै.प्रौ.सं. द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के ब्यौरे तालिका 10.4 में दिए गए हैं ।

तालिका 10.4

1988–89 में आयोजित प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम

क्र.सं.	कार्यक्रम	तारीख	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
1.	वीडियो सम्पादन पर ए.आई.बी.डी. प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	6 जून से 1 जुलाई 1988	कें शै.प्रौ.सं.	20
2.	बी.सी.एन.+51 के अनुरक्षण पर बौश का प्रशिक्षण कार्यक्रम	20 जून से 8 जुलाई, 1988	वही	2
3.	रेडियो नीदरलैंड प्रशिक्षण केंद्र के सहयोग से शैक्षिक रडियो पर प्रशिक्षण–पाठ्यक्रम	26 अक्तूबर से 20 नवम्बर, 88	क्षे.शि.म. मैसूर	15
4.	बेसिक कैमरा, ई.टी.वी. निर्माण और तकनीकी प्रचालन पर सातवां के.शै.प्रौ.सं. - ए.आई. बी.डी. प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	31 अक्तूबर से 9 दिसम्बर 88	रा.शै.प्रौ.सं. लखनऊ	47
5.	स्टूडियो निर्देशन तकनीकी में के.शै.प्रौ.सं. – ए.आई. बी.डी. प्रशिक्षण – पाठ्यक्रम	5 से 23 दिसंबर 88	के.शै.प्रौ.सं.	14
6.	अध्यापक शिक्षकों के लिए शैक्षिक प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	30 जनवरी से 27 फरवरी 89	वही	14
7.	जिला शिक्षा संस्थान के अध्यापक प्रशिक्षकों के प्रयोग और निर्माण के लिए श्रव्य/दृश्य सामग्री का निर्माण और प्रयोग हेतु शैक्षिक प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण कार्यक्रम	27 फरवरी से 10 मार्च 89	वही	21

विस्तार कार्यक्रम

इस वर्ष के.शै.प्रौ.सं. ने निम्नलिखित विस्तार कार्यक्रम आयोजित किए –

1. के.शै.प्रौ.सं. ने प्राथमिक स्तर पर प्रथम भाषा के रूप में हिन्दीका अध्यापन परियोजना के विस्तार के लिए सहायता जारी रखी। होशंगाबाद जिला (म.प्र.) में आडियो टेप का प्रयोग करने वाले 450 विद्यालयों को सहायता दी है। इस वर्ष प्रत्येक विद्यालय में 17 आडियो केसट का एक और सेट दिया गया। इससे पहले विद्यालयों को. टू–इन–वन रिसिविंग सेट प्रदान किए गए थे।
2. के.शै.प्रौ.सं. ने ई.टी. और टी.डी. लिमिटेड के 1/2" वी.एच.एस. के 29 ई.टी.वी. कार्यक्रमों की बिक्री के लिए प्रस्तावित किया। संस्कृति मंत्रालय से 1988–89 तक के सभी निर्मित ई.टी.वी. कार्यक्रमों के सेन्सरशिप से छूट मिल गई है।

3. ''बाल केन्द्रित शिक्षा की राष्ट्रीय विचार–गोष्ठी''के अवसर पर प्राथमिक स्तर पर बच्चों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 86 में रा.शै.अ.प्र.प. की भूमिका पर एक प्रदर्शनी रा.शि.सं. परिसर में लगाई गई।
4. जम्मू में 5–11 नवंबर, 1988 तक बच्चों के लिए जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जिसमें परिषद् द्वारा शिक्षा में बल देने वाले क्षेत्र बताये गए।
5. यूनेस्को के महानिदेशक के आगमन के अवसर पर 13 दिसंबर, 1988 को के.शै.प्रौ.सं. की संगठनात्मक संरचना और कार्यकलापों पर एक प्रदर्शनी रा.शि.सं. में लगाई गई।
6. क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, मैसूर के रजत जयन्ती के अवसर पर रा.शै.अ.प्र.प. के बल देने वाले क्षेत्रों पर प्रदर्शनी लगाई गई।
7. राज्य शैक्षिक संस्थान के सहयोग से दो शैक्षिक फिल्म उत्सवों का आयोजन किया गया।
8. टी.टी.टी.आई. भोपाल, म.प्र. फिल्म डेवलप्मेंट कारपोरेशन और एकलव्य भोपाल के सहयोग से 4–7 जनवरी, 1989 भोपाल में पर्यावरण पर शैक्षिक फिल्मों का एक उत्सव मनाया गया। इसमें लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें पर्यावरण विशेषज्ञ, वैज्ञानिक सक्रिया कार्यकर्ता शिक्षाविद और फिल्म और वीडियो निर्माता थे।
9. देश और विदेश से आने वाले अध्यापकों और अन्य कार्यकर्ताओं के लाभ के लिए आडियो/वीडियो सामग्रियों के प्रयोग और विकास पर कई प्रसार भाषणों का आयोजन किया गया।
10. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के विभिन्न विभागों के अनुरोध पर के.शै.प्रौ.सं ने 55 मुद्रण कार्यों को पूरा किया।

प्रचार–प्रसार

आलोच्य वर्ष में केन्द्रीय फिल्म लाइब्रेरी (सी.एफ.एल.) के लिए 222 शैक्षिक फिल्में अभिग्रहित की गईं और 3,754 फिल्में शैक्षिक संस्थानों को उधार दी गईं, 32 नये सदस्यों को नामांकित किया। केन्द्रीय फिल्म लाइब्रेरी की संख्या बढ़ कर 4,332 हो गई है। के.शै.प्रौ.सं. द्वारा निर्मित 33 फिल्में, 14 टैप स्लाइड कार्यक्रम और 550 जीव विज्ञान चार्टों को बिना लाभ हानि आधार पर देश के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों को बेची गई।

शैक्षिक प्रौद्योगिकी के नये क्षेत्र और लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए के.शै.प्रौ.सं. ने ''एजूकेशनल मीडिया न्यूज लेटर'' नामक त्रैमासिक निकालना प्रारम्भ किया। इस वर्ष इस पत्रिका के दो अंक निकाले गए।

प्रकाशन

वर्ष 1988–89 में केशै.प्रौ.सं. ने 12 प्रकाशन निकाले।इन प्रकाशनों के शीर्ष तालिका 10.5 में दिए गए हैं ।

के.शै.प्रौ.सं. के नये भवन की परियोजना

इस वर्ष के.शै.प्रौ. सं. के नये भवन का निर्माण संबंधी कार्य पूरा हो चुका है। के.शै.प्रौ.सं. ने स्पेस विभाग जिसने भवन का निर्माण किया है से मिलकर सिविल विद्युतीय वातानुकूलन और ध्वनि संबंधी कार्य का समन्वयन किया। यह भवन टेलीविजन कार्यक्रम निर्माण के दो स्टूडियो, दो ध्वनि रिकार्डिंग स्टूडियो, 6 वीडियो सम्पादन/डबिंग कक्ष, तीन ध्वनि सम्पादन/डब्बिंग कक्ष, निर्माण नियंत्रण कक्ष, सेट बनाने के लिए कक्ष, रूप–सज्जा तथा ग्राफिक कक्ष से सुसज्जित है। के.शै.प्रौ.सं. ने नये टी.वी. और रेडियो स्टूडियो के लिए सिस्टम डिजाइन उपकरण ले आउट, नियोजन और विशेष विवरणों का कार्य पूरा किया।

तालिका 10.5
1988–89 में निकाले गए प्रकाशन

क्रमांक	शीर्षक	प्रकाशन मास
1.	प्रकृति - पर्यावरणीय फिल्मों पर कार्यशाला की विवरणिका	जनवरी, 1989
2.	प्रकृति - पर्यावरणीय फिल्मों पर कार्यशाला की रिपोर्ट	मार्च, 1989
3.	बाल साहित्य केन्द्र में बच्चों की पुस्तकों की सूची	वही
4.	देश में विद्यालय स्तर पर शैक्षिक रेडियो प्रसारण की निर्देशिका	वही
5.	राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठों और फिल्म लाइब्रेरी बैठक की रिपोर्ट	वही
6.	अध्यापक शिक्षकों के लिए ई.टी. में अभिविन्यास पाठ्यक्रम प्रशिक्षण पुस्तिका	जनवरी, 1989
7.	अध्यापक शिक्षकों के लिए ई.टी. में अभिविन्यास पाठ्यक्रम पर रिपोर्ट	मार्च, 1989
8.	ई.टी. में अद्यतन अनुसंधानों और नवाचारों पर सेमिनार की रिपोर्ट (जन–संचार)	वही
9.	पी.एम.ओ.एस.टी. में शैक्षिक दूरदर्शन का प्रयोग (1988) स्थिति रिपोर्ट	वही
10.	1984–89 तक अंग्रेजी रूपांतरण में निर्मित ई.टी.वी. कार्यक्रमों के सारांशों सहित शीर्षक	अप्रैल, 1989
11.	1984–89 तक ई.टी.वी. द्वारा निर्मित कार्यक्रमों की सूची	वही
12.	एजूकेशनल मीडिया न्यूज लैटर	

1988-89

ग्यारह नवोदय विद्यालय को तकनीकी सहायता

1986-87 से रा.शै.अ.प्र.प. का देश में नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों का चयन करना एक महत्वपूर्ण कार्य रहा है। 1988-89 में चयन परीक्षण को तैयार करना, नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा आयोजित करना, देश में 256 नवोदय विद्यालयों में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों का चयन करना, नवोदय विद्यालय के अध्यापकों के प्रयोग के लिए संकल्पनात्मक सामग्री का विकास करना और नवोदय विद्यालयों की स्थापना के लिए योजना के कार्यान्वयन के विभिन्न पहलुओं से संबंधी अनुसंधान कार्यकलाप करना राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के नवोदय विद्यालय प्रकोष्ठ के कुछ मुख्य कार्य रहे हैं।

चयन परीक्षण तैयार करना

नवोदय विद्यालय चयन परीक्षण को तैयार करने और अंतिम रूप देने के लिए कई बैठकें और कार्यशालाएँ आयोजित की गई। परीक्षण के तीन घटक हैं : मानसिक योग्यता परीक्षण, भाषा परीक्षण, और अंक गणित परीक्षण। मानसिक योग्यता परीक्षण, भाषा परीक्षण और अंक गणित परीक्षण के अंक प्रभार क्रमशः 60%, 20% और 20% थे। केवल मानसिक योग्यता परीक्षण में गैर मौखिक मदें थीं। इस परीक्षण में इन बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गया है ताकि जहाँ तक संभव हो, चयन प्रक्रिया संस्कृति-तटस्थ हो और बाह्य कारणों से भेदभाव न्यूनतम हो।

प्रत्येक परीक्षण की सभी मदें वस्तुनिष्ठ हैं। परीक्षणों को विशेषज्ञों द्वारा क्षेत्रीय भाषा में संतुलित और अनूदित करवाया गया। परीक्षण को 18 भाषाओं; असमिया, बंगला, अंग्रेजी, गारो, गुजराती, हिन्दी, कन्नड़, खासी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, मिजो, उड़िया, पंजाबी, सिन्धी (अरबी लिपि, देवनागरी लिपि) तमिल, तेलुगु और उर्दू में अंतिम रूप दिया गया।

परीक्षण संचालन

नवोदय विद्यालय प्रवेश-परीक्षण के व्यापक प्रचार के लिए प्रत्येक जिलों के प्रत्येक खण्ड जहाँ नवोदय विद्यालय की स्थापना की जा रही है, रा.शै.अ.प्र.प. के क्षेत्रीय सलाहकारों ने प्रचार अभियान, समाचार पत्रों में विज्ञापनों, रेडियो और दूरदर्शन द्वारा प्रसारणों और पाँचवीं कक्षा वाले विद्यालयों में पोस्टर लगा कर और हस्त प्रचार-पत्र बाँट कर किया। इसके अतिरिक्त रा.शै.अ.प्र.प. ने एक सूचना पत्रक निकाला: जिसमें परीक्षण की प्रकृति का विस्तृत ब्यौरा उदाहरण सहित

परीक्षार्थियों के मार्गदर्शन के लिए प्रकाशित और प्रचालित किया गया।

आवेदन-पत्रों को 18 भाषाओं में मुद्रित करके जिला शिक्षा अधिकारी (डी.ई.ओ.एस.) के माध्यम से वितरित किया। आवेदन - पत्रों की प्राप्ति और निर्गम का कार्य जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा किया गया जो रा.शै.अ.प्र.प. के क्षेत्रीय सलाहकार के पूर्ण रूप से पर्यवेक्षण और निदेशन के अंतर्गत जिला समन्वयक के रूप में कार्य करते हैं। परीक्षण के सही संचालन के पूरे प्रबंध किये गए। प्रत्येक सामुदायिक विकास खण्ड में परीक्षा के केन्द्र बनाये गए। जिला स्तरीय प्रेक्षक (डी.एल.ओ.एस.) और केन्द्र स्तरीय प्रेक्षक (सी.एल.ओ.एस.) की नियुक्ति परीक्षण के संचालन की निगरानी के लिए की गयी। परीक्षण के संचालन की विधियों से अवगत करवाने के लिए जिला स्तरीय प्रेक्षकों, केन्द्र स्तरीय प्रेक्षकों और केन्द्र अधीक्षकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। परीक्षण संचालन के लिए आवश्यक मार्ग निर्देशिका तैयार की गई और उन्हें परीक्षण से संबंधित कार्मिकों में वितरित की गई।

1988-89 के शैक्षिक सत्र में विद्यार्थियों के लिए नवोदय विद्यालय चयन परीक्षण 15 मई, 1988 को 253 जिलों में आयेजित किया गया। तथापि ये परीक्षण इसी तारीख को तीन जिलों जम्मू और कश्मीर के लेह और कारगिल तथा पश्चिमी त्रिपुरा के लोहित में नहीं करवाये जा सके। 28 अगस्त, 1988 को इन तीन जिलों में पूरक परीक्षा के साथ-साथ अन्य तीन केन्द्रों आन्ध्र प्रदेश में कडप्पा और बिहार के नालन्दा तथा मुंगेर जिला के एक एक केन्द्र में अनुचित साधन का प्रयोग करने या परीक्षण पुस्तिका का अनुचित प्रयोग के कारण हुई। इस प्रकार न.वि.च. परीक्षा 256 जिलों में फैले हुए 2,980 खण्डों में स्थित 3,291 केन्द्रों में संचालित की गई।

विद्यार्थियों का चयन

विद्यार्थियों के चयन की सारी कार्य विधि कम्प्यूटर द्वारा की गई थी, जिसमें परीक्षण-पुस्तिका का मूल्यांकन, परीक्षा-फल तैयार करना, आँकड़ों का विश्लेषण, योग्यता सूची और प्रत्याशी सूची तैयार करना आदि सम्मिलित थे।

1988 में न.वि.च.प. में पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या, 4,63,960 थी जिसमें 3,70,379 अभ्यर्थी परीक्षण में बैठे। 256 नवोदय विद्यालय में प्रवेश के कुल 14,769 विद्यार्थियों का चयन हुआ। इनमें से 11,059 (75%) विद्यार्थी ग्रामीण क्षेत्रों से थे जबकि 3,710 (25%) शहरी क्षेत्रों से थे । चयनित विद्यार्थियों में 10,001 (68%) लड़के और 4,768 (32%) लड़कियाँ थीं। नवोदय विद्यालय के प्रवेश के लिए कुल चयनित 14,769 विद्यार्थियों में 1,775 (19%) अनुसूचित जाति के थे जबकि 1.638 (11%) अनुसूचित जन जाति के थे । 655 अनुसूचित जाति और 551 अनुसूचित जन जाति से संबंधित अभ्यर्थियों का चयन सामान्य स्थिति में हुआ।

संकल्पनात्मक सामग्री का विकास

विभागाध्यक्ष, नवोदय विद्यालय प्रकोष्ठ, रा.शै.अ.प्र.प. की अध्यक्षता में गठित एक उप-समिति ने व्यापक अविरल मूल्यांकन योजना बनाई। उप-समिति द्वारा तैयार की गई योजना को प्रकाशित करके, सभी नवोदय विद्यालयों में वितरित किया गया।

वर्ष 1988–89 में मानसिक योग्यता परीक्षण, भाषा परीक्षण प्राप्त- परीक्षण और अंकगणित परीक्षण की उत्तम परीक्षण मदों (टेस्ट आइटम्ज) को एकत्रित करने के लिए परीक्षणमदों के लेखकों की पाँच कार्यशालाएँ आयोजित की गई थीं। इन कार्यशालाओं का विस्तृत ब्यौरा तालिका 11.1 में दिया गया है।

इन कार्यशालाओं के फलस्वरूप एक गोपनीय मद बैंक के लिए एकत्रित उत्तम मदों का संकलन तैयार किया गया ताकि उसे भविष्य में होने वाली नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में प्रयोग किया जा सके।

अनुसंधान अध्ययन

रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा 1986 में नवोदय विद्यालय के प्रवेश के लिए विद्यार्थियों से संबंधित कुछ पृष्ठभूमि तथ्यों की स्थिति के अध्ययन का काम हाथ में लिया । यह अध्ययन इस वर्ष में पूरा हो गया है और उसकी रिपोर्ट तैयार हो चुकी है।

1988-89

तालिका 11.1
1988-89 में परीक्षण मदें तैयार करने के लिए आयोजित कार्यशालाएँ

क्रसं.	कार्यक्रमों का शीर्षक	तारीख	स्थान
1.	मानसिक योग्यता परीक्षण की मदें तैयार करने के लिए कार्यशाला	31 अक्तूबर, 1988	जयपुर.
2.	भाषा-परीक्षण की मदें तैयार करने के लिए कार्यशाला	5 से 11 दिसंबर, 1988	पणजी
3.	भाषा-परीक्षण की मदें तैयार करने के लिए कार्यशाला	27 फरवरी से 2 मार्च, 1989	दिल्ली
4.	मानसिक योजना परीक्षण तैयार करने के लिए कार्यशाला	13 से 18 मार्च, 1989	बेंगलूर
5.	अंक गणित की मदें तैयार करने के लिए कार्यशाला	28 से 31 मार्च, 1989	चंडीगढ़

बारह

शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन

शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन विद्याशाखाओं के प्रयोग द्वारा विद्यालय शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाना रा.शै.अ.प्र.प. का एक मुख्य कार्य है। परिषद् परामर्श व मार्गदर्शन, प्राथमिक स्तर के बच्चों में सृजनात्मक शक्ति की पहचान और व्यवहार, प्रौद्योगिकी से संबंधित अनुसंधान, विकास और प्रशिक्षण कार्यकलापों में जुटी है। राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और विभाग के मुख्य कार्यकलाप हैं–मनोविज्ञान में कक्षा 11 और 12 के लिए अनुदेशी सामग्री का विकास और अध्यापकों तथा अध्यापक-शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण सामग्री को तैयार करना । वर्ष 1988–89 में शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन विभाग द्वारा लिए गए प्रमुख परियोजना-कार्यक्रम निम्न हैं :

व्यवसायिक मार्गदर्शन से संबंधित अनुसंधान और विकासात्मक कार्यकलाप

वर्ष 1988-89 में मेघालय में ''शिलांग और उसके आस पास आदिवासी क्षेत्र में शैक्षिक और व्यवसायिक नियोजन तथा हाई स्कूल छात्रों की चुनी गई शैक्षिक मनोवैज्ञानिक और गृह परिपेक्ष्य अस्थिरताओं का एक अध्ययन'' नामक अनुसंधान परियोजना पूरी की गई। इस परियोजना को हाथ में लेने का मुख्य उद्देश्य यह था कि मेघालय के स्कूलों में मार्गदर्शन सेवाओं का अनुभव सिद्ध आधार उपलब्ध करें ताकि विशेष-समूह के सांस्कृतिक तथा गृह-परिपेक्ष्य और मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं के अनुरूप हो। इस अध्ययन की रिपोर्ट तैयार हो चुकी है और यह रा.शै.अ.प्र.प. की शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (एरिक) को भेजी जा चुकी है।

इसके अतिरिक्त एक अन्य परियोजना ''+2 स्तर के छात्रों का व्यवसाय संबंधी व्यवहार और शैक्षिक तथा व्यवसायिक धाराओं में सामंजस्य'' भी पूरी हो चुकी है। इस परियोजना में तीन अलग-अलग अध्ययन हैं जिनका उद्देश्य शैक्षिक और व्यवसायिक नियोजन प्रक्रिया से संबंधित कई अस्थिरों पर अकादमी और व्यवसायिक धाराओं वाले विद्यार्थियों के व्यवहार, जीवन-वृत्ति परिपक्वता और व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश करने के उपरान्त व्यवसायिक विद्यार्थियों के समायोजन का पता लगाना था। अध्ययनों की प्रारूप-रिपोर्ट तैयार करने का कार्य आरम्भ हो चुका है।

परिषद् दिल्ली के व्यवसायिक वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में स्व-रोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए निर्देशन-कार्यक्रम के

विकास के लिए कार्यकलाप आरम्भ कर रही है। चुने हुए विद्यार्थियों को छोटे उद्यमों को स्थापित करने से संबंधित विविध सूचना दी गई थी। विद्यार्थियों को वार्ताओं, सामूहिक चर्चाओं, कार्य-स्थल का भ्रमण और सम्मेलन व प्रदर्शनी के माध्यम से स्व-रोजगार के सुअवसरों से अवगत करवाया। स्व-रोजगार हेतु उन्हें प्रेरित करने के लिए व्यक्तिगत रूप से भी परामर्श दिया गया। मार्गदर्शन कार्यक्रम की दक्षता को जाँचने के लिए स्कूल छोड़ने वालों का अनुवर्ती अध्ययन भी प्रारम्भ किया गया था। परिषद् ने वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों की लड़कियों में जीवन-वृत्ति क्षमता का विकास करने के लिए भी कार्रवाई की थी। दिसंबर, 1988 से फरवरी, 1989 दिल्ली के दो राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में एक मार्गदर्शन कार्यदल आयोजित किया गया जिसमें जीवनवृति सूचना, सामूहिक चर्चायें, परामर्श और कला तथा वाणिज्य में महिलाओं की भूमिका पर नमूने प्रस्तुत किये गये। इस कार्यक्रम का मूल्यांकन स्कूल के प्राचार्यों, अध्यापकों, परामर्शदाताओं और विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम से संबंधी रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

अनुदेशी /प्रशिक्षण सामग्री का विकास

परिषद् में कक्षा 11 और 12 के लिए मनोविज्ञान में पाठ्य-पुस्तकों के विकास से संबंधित कार्य जारी रहा। कक्षा 11 की मनोविज्ञान की पाठ्यपुस्तक ''मनोविज्ञान : मानव व्यवहार का परिचय भाग–1'' के संशोधित रूपान्तर की पांडुलिपि की समीक्षा हो गई है। समीक्षकों के सुझावों को सम्मिलत करते हुए लेखकों ने पाठ्यपुस्तक की पाण्डुलिपि का संशोधन कर दिया है।

कक्षा 12 की मनोविज्ञान की पाठ्य पुस्तक ''मनोविज्ञान मानव व्यवहार का परिचय भाग–2'' की पाण्डुलिपि की समीक्षा भी विशेषज्ञों द्वारा हो चुकी है। लेखकों द्वारा कक्षा 12 की पाठ्यपुस्तक की पाण्डुलिपि को अंतिम रूप देने से संबंधित कार्य आरम्भ हो चुका है।

कक्षा 11 के मनोविज्ञान के अध्यापकों के लिए हेंडबुक बनाने संबंधित कार्य के एक भाग के रूप में 20 से 23 फरवरी, 1989 को विशेषज्ञों की एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में 22 प्रतिभागी थे। एक अन्य कार्यशाला उच्चतर/वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर मनोविज्ञान में परीक्षण मदों के परिमार्जन के लिए आयोजित की गई। यह कार्यशाला 3 से 6 मई, 1988 तक आयोजित की गई और इसमें 16 अध्यापक/अध्यापक शिक्षकों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में पहले से विकसित सचेतन मानसिक प्रक्रिया, मानव विकास और व्यक्तित्व तथा मानसिक स्वास्थ्य-विज्ञान के क्षेत्रों जैसे विषयों से संबंधित 900 परीक्षण मदों का परिमार्जन किया गया।

परिषद् ने व्यवसायिक अध्यापकों के लिए स्वयं शिक्षण माड्यूल विकसित करने के लिए दो कार्यशालाएँ आयोजित की थीं। पहली कार्यशाला गोवा में 1 से 3 मार्च, 1989 को हुई जिसमें 21 प्रतिभागी उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में व्यवसायिक अध्यापकों के लिए स्वयं शिक्षण माड्यूलों की पाठ्यचर्या के लिए रूपरेखा और ढाँचा बनाया। दूसरी कार्यशाला 30 मार्च से 3 अप्रैल, 1989 को पुणे में आयोजित की गई जिसमें चुने हुए विषयों में स्वयं शिक्षण माड्यूल का प्रारूप बनाया गया। इस कार्यशाला में 21 प्रतिभागियों ने भाग लिया और 16 माड्यूल विकसित किये गये। इन दोनों कार्यशालाओं में स्कूलों में प्राचार्यों, अध्यापक शिक्षकों सहित राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों दोनों में शिक्षा की व्यवसायीकरण योजना के कार्यान्वयन में जुटे हुए शीर्ष व्यक्तियों ने भाग लिया।

वर्ष 1988-89 में परिषद् ने प्राथमिक अध्यापकों/अध्यापक शिक्षकों के लिए क्लासरूम सेटिंग में व्यवहार संशोधन प्रविधियों पर अनुदेश-मैनुअल, प्राथमिक अध्यापक शिक्षकों के लिए अधिगम मैनुअल और प्रारंभिक विद्यालय बच्चों में सर्जनात्मक शक्ति के विकास पर पुस्तक बनाने से संबंधित कार्यकलाप आरम्भ किये। इन अनुदेशी प्रशिक्षण सामग्रियों के कुछ अध्याय इस वर्ष तैयार किये गये।

परिषद् ने राष्ट्रीय टेस्ट विकास पुस्तकालय (एन.टी.डी.एल.) को स्थापित करने से संबंधित कार्य जारी रखा। एन.टी.डी.एल. एक संदर्भ टेस्ट पुस्तकालय, मनोविज्ञान टेस्टों के लिए सूचनाकेन्द्र, मनोवैज्ञानिक टेस्टों की समीक्षा, और भारत में टेस्ट विकास में अंतरालों की पहचान करने वाली संस्था, सभी प्रकाशित भारतीय

टेस्टों के आलोचनात्मक समीक्षा करने वाला एक अभिकरण और रा.शै.अ.प्र.प. में प्रत्येक वर्ष आयोजित किये जाने वाला शैक्षिक और व्यवसायिक मार्गदर्शन के 9 मास का डिप्लोमा पाठ्यक्रम के प्रशिक्षार्थियों के लिए एक स्रोत केन्द्र के रूप में कार्य करता है। परिषद् ने मार्गदर्शन प्रयोगशाला को सुदृढ़ करने और व्यवसायिक सूचना कक्ष के विकास के लिए कुछ कदम उठाये हैं।

प्रशिक्षण और विस्तार कार्यक्रम

रा.शै.अ.प्र.प. देश में विद्यालयों में मार्गदर्शन सेवाओं के संवर्द्धन और प्रोत्साहन देने के लिए 9 मास का शैक्षिक और व्यवसायिक मार्गदर्शन डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाती है। यह पाठ्यक्रम माध्यमिक विद्यालय में मार्गदर्शन ब्यूरो और मार्गदर्शन में माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूल के अध्यापकों, अध्यापक शिक्षा महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के मनोविज्ञान विभागों के कार्मियों को प्रशिक्षण देने के लिए बनाया गया।

27 वाँ शैक्षिक और व्यवसायिक मार्गदर्शन डिप्लोमा पाठ्यक्रम अप्रैल, 1988 में समाप्त हुआ। इस पाठ्यक्रम में 29 प्रशिक्षणार्थी थे जिनमें से तीन अनुसूचित जाति और एक अनुसूचित जन जाति वर्ग से तथा 6 प्रशिक्षणार्थी राज्य/संघ शासित क्षेत्र सरकारों द्वारा प्रतिनियुक्त थे। पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले इन 29 प्रशिक्षणार्थियों में से 25 प्रशिक्षणार्थी उत्तीर्ण हुए।

1 अगस्त, 1988 को 28 वाँ डिप्लोमा पाठ्यक्रम आरम्भ हुआ। अखिल भारतीय चयन परीक्षण के आधार पर 37 अभ्यर्थियों ने पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया। इनमें से चार पंजाब, और नागालैंड सरकार द्वारा प्रतिनियुक्त किये गये। दो अभ्यर्थी अनुसूचित जाति के थे। इस पाठ्यक्रम के लिए हिन्दी को पहली बार चयन परीक्षण और आंतरिक और बाहरी परीक्षा के लिए अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में आरम्भ किया।

शैक्षिक और व्यवसायिक मार्गदर्शन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम के अतिरिक्त परिषद् कुछ अल्पकालीन संवर्द्धन/प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी चलाती है जिनमें दो संवर्द्धन पाठ्यक्रम अध्यापक शिक्षकों के लिए अधिगम और विकास पर, एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम अध्यापक शिक्षकों के लिए प्रारम्भिक विद्यालय में बच्चों में सर्जनात्मक शक्ति की पहचान और प्रोत्साहन पर,दो प्रशिक्षण पाठ्यक्रम कक्षा व्यवस्था में व्यवहार संशोधन प्राविधियाँ लागू करने पर और दो संवर्द्धन पाठ्यक्रम उत्तर-प्रदेश के इंटरमीडिएट कालेजों में मनोविज्ञान का शिक्षण देने वाले अध्यापकों के लिये आयोजित किये। वर्ष 1988-89 में आयोजित कार्यक्रमों का विस्तृत ब्यौरा तालिका 12.1 में दिया गया है।

परिषद् ने 10 से 12 अक्तूबर, 1988 को बाल-केन्द्रित शिक्षा पर एक राष्ट्रीय विचार गोष्ठी, बाल-केन्द्रित शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करने हेतु विद्यालयों में बाल-केन्द्रित शिक्षा प्रारम्भ करने के लिए कार्यक्रम योजना बनाने के लिए आयोजित की। इस विचार-गोष्ठी में 160 प्रमुख शिक्षा शास्त्रियों, मनोवैज्ञानिकों, शैक्षिक प्रशासकों, समाज सेवकों, शैक्षिक नियोजकों और विश्व-विख्यात शिक्षाविदों ने भाग लिया।

इसके अतिरिक्त परिषद् ने 6 से 8 फरवरी 1989 को बंगलूर में राज्य मार्गदर्शन ब्यूरो के अध्यक्षों का एक अखिल भारतीय सम्मेलन आयोजित किया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विभिन्न राज्यों में मार्गदर्शन सेवाओं की वर्तमान दशा की जानकारी लेना, विचार-विनिमय करना और राज्यों के विद्यालयों में मार्गदर्शन सेवाएँ आयोजित करने के लिए सहायता देना था। इस सम्मेलन में राज्य शैक्षिक और व्यवसायिक मार्गदर्शन ब्यूरो के 13 अध्यक्ष और कुछ स्वयं-सेवी अभिकरणों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

प्रकाशन

परिषद् ने इस वर्ष ''प्रतिभा की खोज और विकास'' (आडेन्टिफिकेशन एण्ड डेवलपमेंट ऑफ टैलेन्ट'' नामक प्रकाशन) भी प्रकाशित किया।

1988-89

तालिका 12.1
वर्ष 1988-89 में आयोजित प्रशिक्षण/संवर्द्धन कार्यक्रम

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
1.	उत्तर प्रदेश के इंटरमीडिएट कालेज में मनोविज्ञान शिक्षण देने वाले अध्यापकों के लिए संवर्द्धन पाठ्यक्रम	6 से 10 जून, 1988	वाराणसी	23
2.	अधिगम और विकास पर राज्य शै.सं./रा.शै.अ.प्र.प. के कर्मियों और प्रारम्भिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों के अध्यापक शिक्षकों के लिए संवर्द्धन पाठ्यक्रम	15 से 24 जून, 1988	आईजोल	16
3.	कक्षा/विद्यालय व्यवस्था में व्यवहार संशोधन प्रविधियों को लागू करने पर प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों के अध्यापकों शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	25 से 31 अक्तूबर, 1988	पणजी गोआ	33
4.	उत्तर प्रदेश के इंटरमीडिएट कालेज में मनोविज्ञान का शिक्षण संवर्द्धन देने वाले अध्यापकों के लिए पाठ्यक्रम	12 से 17 दिसंबर, 1988	इलाहाबाद	40
5.	कक्षा/विद्यालय व्यवस्था में व्यवहार संशोधन प्रविधियों को लागू करने पर प्रारंभिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों के अध्यापक-शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	23 से 29 दिसंबर, 1988	जम्मू	33
6.	अधिगम और विकास पर राज्य शै.सं./रा.शै.अ.प्र.प. के कार्मिकों और प्रारम्भिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों के अध्यापक शिक्षकों के लिए संवर्द्धन पाठ्यक्रम	12 से 17 जनवरी, 1989	पणजी गोवा	32
7.	प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों में सृजनात्मक शक्ति की पहचान और प्रोत्साहन पर अध्यापक शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	13 से 18 मार्च, 1989	कलकत्ता	33

1988-89

तेरह

प्रतिभा खोज, शैक्षिक सर्वेक्षण और आंकड़ा संसाधन

रा.शै.अ.प्र.प. प्रतिभा की पहचान और पोषण, शैक्षिक नियोजन के लिए आंकड़ों का आधार तैयार करने तथा कम्प्यूटरीकरण और आंकड़ा संसाधन से संबंधित विभिन्न कार्यकलापों में लगी हुई है। 1988–89 में मापन, मूल्यांकन, सर्वेक्षण और आधार सामग्री प्रक्रियन विभाग के कुछ मुख्य कार्यकलाप हैं – राष्ट्रीय खोज परीक्षा का आयोजन, पाँचवा अखिल भारतीय सर्वेक्षण करना और अन्य शोध अध्ययन करना जिससे शैक्षिक कार्यक्रमों के कार्यान्वियन और प्रतिपादन में आधारभूत आँकड़े मिल सकें, शैक्षिक सर्वेक्षण तथा अनुसंधान और मूल्यांकन अध्ययनों से संबंधित आँकड़ों का संसाधन करना है।

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज

रा.शै.अ.प्र.प. का राष्ट्रीय प्रतिभा खोज स्कीम के कार्यान्वियन का मुख्य उद्देश्य कक्षा दस के अन्त में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान करना और उन्हें उत्तम शिक्षा प्रदान करने के लिए वित्तीय सहायता देना ताकि उनकी प्रतिभा का विकास हो सके और अपने विषय-विशेष में देश की और सेवा कर सकें। इस योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष 750 छात्रवृत्तियाँ दी जाती हैं जिसमें से 70 छात्रवृत्तियाँ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन-जाति विद्यार्थियों को दी जाती है।

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज स्कीम के अंतर्गत छात्रवृत्तियाँ देने के लिए विद्यार्थियों का चयन दो चरणों में किया जाता है। प्रथम चरण में चयन राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों द्वारा राज्य स्तर पर एक लिखित परीक्षा जो सामान्यतः प्रतिवर्ष अक्तूबर–दिसम्बर में आयोजित की जाती है. विद्यार्थियों का राज्य स्तर परीक्षा में योग्यता-प्रदर्शन के निष्पादन के आधार पर है। दूसरे चरण या राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों की अपेक्षित संख्या की अनुशंसा परिषद् को की जाती है। प्रथम स्तर की परीक्षा राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों द्वारा अक्तूबर–दिसम्बर 1987 में ली गई थी और विजेताओं के लिए अपेक्षित संख्या में चयन करने के लिए दूसरे स्तर की परीक्षा रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा 8 मई, 1988 को आयोजित की गयी। दूसरे स्तर की परीक्षा देशभर में 31 केन्द्रों में आयोजित की गयी। दूसरे स्तर में कुछ ऐसे भी अभ्यर्थी सम्मिलित हुए जो विदेशों में दसवीं कक्षा में अध्ययन करते हुए

1988-89

भारतीय नागरिक हैं।

1988 में दूसरे स्तर की परीक्षा में 3,104 विद्यार्थी बैठे थे। उनमें कुल 750 विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए चयनित हुए। इनमें 70 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति वर्ग के विद्यार्थी थे। तालिका 13.1 में राज्यवार आबंटित छात्रवृत्ति, दूसरे स्तर पर परीक्षा में बैठे विद्यार्थियों की संख्या और दी गई छात्रवृत्ति विजेताओं की संख्या दी गई है।

तालिका 13.1
1988 में प्रदान की गई रा.प्र.खो. छात्रवृत्तियों की संख्या

क्र.सं.	राज्य/संघ शासित क्षेत्र	आवंटित स्थान	दूसरे स्तर पर बैठे विद्यार्थियों की संख्या	दी गई छात्रवृत्तियों की संख्या (सामान्य)	अ.जा./अ.ज.जा. के लिए आरक्षित छात्रवृत्तियाँ
1.	आन्ध्र प्रदेश	215	209	48	9
2.	असम	80	79	10	—
3.	बिहार	195	193	46	7
4.	गुजरात	175	163	10	—
5.	हरियाणा	70	68	19	1
6.	हिमाचल प्रदेश	30	28	2	1
7.	जम्मू और कश्मीर	25	24	—	—
8.	कर्नाटक	155	155	21	3
9.	केरल	250	249	54	1
10.	मध्य प्रदेश	155	152	31	5
11.	महाराष्ट्र	320	318	122	12
12.	मणिपुर	25	23	—	—
13.	मेघालय	25	25	—	1
14.	नागालैंड	25	25	—	—
15.	उड़ीसा	90	90	27	2
16.	पंजाब	90	87	19	1
17.	राजस्थान	125	123	42	4
18.	सिक्किम	25	13	—	—
19.	तमिलनाडु	225	224	55	6
20.	त्रिपुरा	25	25	6	2
21.	उत्तर प्रदेश	500	489	70	3
22.	पं.बंगाल	235	225	44	9
23.	अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह	10	7	—	—

क्र.सं.	राज्य/संघ शासित क्षेत्र	आवंटित स्थान	दूसरे स्तर पर बैठे विद्यार्थियों की संख्या	दी गई छात्रवृत्तियों की संखया (सामान्य)	अ.जा./अ.ज.जा. के लिए आरक्षित छात्रवृत्तियाँ
24.	अरूणाचल प्रदेश	10	10	—	2
25.	चंडीगढ़	10	8	6	—
26.	दादरा नगर हवेली	10	4	—	—
27.	दिल्ली	55	55	46	—
28.	गोवा-दमन दीव	10	10	1	—
29.	लक्षद्वीप	10	1	—	—
30.	मिजोरम	10	7	—	1
31.	पाण्डीचेरी	10	10	1	1
32.	भूटान	6	1	—	—
33.	कुवैत	4	1	—	—
34.	काठमान्डू	3	—	—	—
35.	काबुल	1	—	—	—
36.	मसकट	2	1	—	—
	कुल	3,211	3,104	680	70

तालिका 13.2

1988 के छात्रवृत्ति प्राप्त छात्रों सहित वृत्ति प्राप्त छात्रों की कुल संख्या

क्र.स.	पाठ्यक्रम	सामान्य	अनुसूचित जाति/अनु.जन. जाति	कुल जोड़
1.	+2 स्तर	1,362	136	1,498
2.	विज्ञान और सामांजिक विज्ञान में प्रथम डिग्री	344	23	367
3.	विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में द्वितीय डिग्री	59	2	61
4.	इंजीनियरिंग में प्रथम डिग्री	1,355	58	1413
5.	इंजीनियरिंग में द्वितीय डिग्री	21	2	23

1988-89

क्र.स.	पाठ्यक्रम	सामान्य	अनुसूचित जाति/अनु.जन. जाति	कुल जोड़
6.	आयुर्विज्ञान में प्रथम डिग्री	727	34	761
7.	आयुर्विज्ञान में द्वितीय डिग्री	187	3	190
8.	एम.बी.ए.	63	1	64
9.	पी एच.डी.	12	–	12
	कुल जोड़	4,130	259	4389

आलोच्य वर्ष में राष्ट्रीय प्रतिभा खोज के पुरस्कार विजेताओं के लिए रूपये 79,99,863/– की राशि छात्रवृत्ति नियुक्त की गई।

शैक्षिक सर्वेक्षण

1988-89 में परिषद् ने पाँचवें अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण के संबंध में विभिन्न कार्यकलाप किये। सर्वेक्षण की संदर्भ तिथि 30 सितम्बर, 1986 रखी गई। पाँचवें अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों की स्थिति जानना और नियमित या औपचारिक शिक्षा, ग्रामीण या शहरी क्षेत्रों में अनौपचारिक शिक्षा और प्रौढ़ शिक्षा के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करना था। यह सर्वेक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 1986 में उल्लिखित शिक्षा के गुणात्मक सुधार के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए और रा.शि. नीति कार्यक्रम कार्रवाई हेतु विशेष रूप से आँकड़ों को उपलब्ध कराने के लिए इंगित है जिसके आधार पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों को कार्यान्वित किया जा सके। इस सर्वेक्षण के निर्धारित लक्ष्य इस प्रकार से थे :

— विद्यालय जाने वाली जनसंख्या, घर से विद्यालय की दूरी, सामान्य नामांकन और विशेष रूप से अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति और बालिकाओं के नामांकन के संबंध में विद्यालय शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर उपलब्ध शैक्षिक सुविधाओं की वर्तमान स्थिति का निर्धारण करना।

— विद्यालय भवन, खेल के मैदान, फर्नीचर, पीने का पानी, चिकित्सा संबंधी जाँच, प्रोत्साहन योजना जैसी भौतिक सुविधाओं और लाभ उठाने वालों की संख्या का निर्धारण करना।

— ब्लैक बोर्ड और चॉक, पुस्तकालय प्रयोगशाला, पाठ्यपुस्तक – बैंक आदि निविष्ठियों की स्थिति का निर्धारण करना।

— अध्यापकों विशेष रूप से विज्ञान और गणित के अध्यापकों की शैक्षिक और व्यवसायिक अर्हताओं को जानना और शिक्षण व्यवसाय में अनुशय दर निर्धारण करना।

— आवासों, वर्तमान शैक्षिक सुविधाओं और नियोजित तरीके से समयबद्ध प्रस्तावित उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाले ब्लॉक मैप तैयार करना।

इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए तीन प्रश्नावलियाँ जैसे ग्राम-सूचना फार्म, शहरी-सूचना फार्म और विद्यालय सूचना फार्म बनाये गये जिससे संबंधित आँकड़े एकत्रित किये जा सकें। इस सर्वेक्षण में इन प्रश्नवालियों के माध्यम से निम्नालिखित मदों को विशेष रूप से पूरा करना है।

— प्रत्येक स्पष्ट वास क्षेत्र की गणना।

— प्रत्येक प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक उच्चतर

माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय/ इंटरमीडिएट/प्री–यूनीवर्सिटी/जूनियर कालेज की गणना।

- प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर शैक्षिक सुविधाएँ उपलब्ध होने और न उपलब्ध होने वाले वास क्षेत्र/वास क्षेत्रों में विभिन्न शैक्षिक स्तरों के सुविधाओं से रहित विद्यालयों की सुविधा उपलब्ध विद्यालयों से दूरी और विभिन्न जनसंख्या स्लैब्स के अंतर्गत वास क्षेत्र।
- अनुसूचित जाति की प्रधानता वाले वास क्षेत्रों में विभिन्न शैक्षिक स्तरों पर विद्यालय की सुविधा।
- अनुसूचित जन जाति की प्रधानता वाले वास क्षेत्रों में विभिन्न शैक्षिक स्तरों पर विद्यालय की सुविधाएँ।
- गाँवों में अनुसूचित जाति की जनसंख्या का अनुपात और वहाँ उपलब्ध शैक्षिक सुविधाएँ।
- गाँवों में अ.ज. जाति की जनसंख्या का अनुपात और वहाँ उपलब्ध शैक्षिक सुविधाएँ विभिन्न विद्यालयी स्तरों (कक्षा-वार) में छात्रों का आयुवार नामांकन।
- अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति से संबंधित छात्रों का आयुवार नामांकन।
- विद्यालय में कार्यरत अध्यापकों की शैक्षिक योग्यता (राज्य-वार)।
- विद्यालयों में विभिन्न स्तरों पर शिक्षा के लिए संगत उपलब्ध शैक्षिक निवेश।
- निर्धारित अवधि में अध्यापकों का स्थानान्तरण।
- विज्ञान पढ़ाने वाले अध्यापकों की शैक्षिक योग्यता और विज्ञान की शैक्षिक योग्यता वाले अध्यापक।
- व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की उपलब्धता और विद्यालयों में +2 स्तर पर उपलब्ध व्यवसायिक पाठ्यक्रम।
- कार्यशाला सुविधाएँ और कार्यरत प्रशिक्षण।
- माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर गणित सिखाने वाले अध्यापकों की शैक्षिक योग्यताएँ।

यह सर्वेक्षण रा.शै.अ.प्र.प. ने विभिन्न राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों के शिक्षा विभागों की सहायता और सहयोग से किया। देश के सभी गाँवों, सभी शहरी क्षेत्रों और सारे मान्यता प्राप्त विद्यालयों से वांछित आँकड़ा एकत्रित किया गया। रा.शै.अ.प्र.प. ने प्रश्नावलियों को विकसित करने, सर्वेक्षण कार्य के लिए राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों में नियुक्त किए गए स्टाफ को मार्गदर्शन और प्रशिक्षण देने का दायित्व लिया और उन्हें खण्ड, जिला और राज्य-स्तरों पर आँकड़ों की जाँच करने और तालिकाबद्ध बनाने में सहायता प्रदान की थी। अंत में विभिन्न राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों से प्राप्त राज्य सारणियों के सर्वेक्षण को राष्ट्रीय तालिकाओं के लिए प्रयोग में लाया गया।

शैक्षिक योजना के लिए सर्वेक्षण के आँकड़े का प्रयोग न केवल राष्ट्रीय स्तर अपितु राज्य और जिला स्तरों पर भी करने की आशा है। इन आँकड़ों से विशेष रूप से आठवीं पंचवर्षीय योजना की रूपरेखा बनाने ओर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में प्रतिपादित शैक्षिक सुविधाओं के सुधार की परियोजनाओं के नियोजन और कार्यान्वियन एवं ''कार्यक्रम-कार्यान्वियन'' करने में सहायक सिद्ध होने की आशा है। यह सर्वेक्षण-आँकड़े राज्यों को जिला और खण्ड स्तरों पर शैक्षिक योजना के विकेन्द्रीकरण में सहायता देंगे जिसमें स्कूल-मैपिंग भी सम्मिलित है।

इस सर्वेक्षण से प्राप्त मुख्य सांख्यिकी को उपलब्ध करवाने हेतु सर्वेक्षण की एक प्रारम्भिक रिपोर्ट शैक्षिक आयोजकों, प्रशासनिकों और सर्वेक्षण के आँकड़े का प्रयोग करने वाले अन्य व्यक्तियों के लाभ के लिए निकाली गई। ''फ़िफ्थ ऑल इंडिया एजूकेशनल सर्वे'' – सैलेक्टिड स्टैटिस्टिक'' नामक प्रारम्भिक रिपोर्ट फरवरी 1989 में प्रकाशित की गई।

इस रिपोर्ट में राज्य वार जन सांख्यिकीय सूचना ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षिक सुविधाओं; प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विभिन्न शैक्षिक स्तरों पर संस्थाओं की संख्या; विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में नामांकित बच्चों की संख्या; विद्यालय भवन की दशा, अध्यापकों की संख्या और विद्यालय में उपलब्ध अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी अलग से दी गई है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के छात्रों के संबंध

में जानकारी अलग से दी गई है।अध्यापकों से संबंधित जानकारी में अध्यापिकाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति अध्यापकों का अनुपात भी बताया गया है। जहाँ सम्भव हुआ चौथे अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण 1978 के आँकड़ों से तुलना भी की गई है। पाँचवें अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण की अंतिम रिपोर्ट का कार्य भी आरम्भ हो चुका है।

1988–89 में परिषद् ने उड़ीसा के अनुसूचित जन जाति के लिए शैक्षिक सुविधाओं का सर्वेक्षण भी पूरा कर दिया । इस सर्वेक्षण के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार थे :

— गैर-अनुसूचित जन जाति की प्रधानता वाले जिले की तुलना में अनुसूचित जन जाति की प्रधानता वाले जिले में शैक्षिक सुविधाओं की उपलब्धता का अध्ययन करना।

— इन दो जिलों में किस सीमा तक प्रगतिरोधन या विद्यालय छोड़ कर जाने वालों का अध्ययन करना और इस प्रगतिरोधन या विद्यालयों को छोड़ने के कारणों का पता लगाना।

— सामान्य और विशेषकर अनुसूचित जन जाति के विद्यालयों में जाने वाले बच्चों के बेहतर नामांकन और अधिक अवरोधन पर उपायों का पता लगाना।

अध्ययन के लिए उड़ीसा राज्य के दो जिलों को चुना गया। एक जिला वह जहाँ जन जाति की प्रधानता और दूसरा गैर जन जाति जिला। जन जाति और गैर जन जाति जिले क्रमशः क्योंझर सदर और आनन्द पुर थे। इस अध्ययन में इन दोनों जिलों में गाँवों के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय सम्मिलित किये गये। गाँवों तथा विद्यालयों से अध्ययन के आँकड़े एकत्रित करने के लिए दो फार्म विकसित किये गए; ग्राम सूचना फार्म और विद्यालय सूचना फार्म।

अध्ययन की रिपोर्ट पूरी कर दी गई है और रा.शै.अ.प्र.प. की शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (एरिक) को दी जा चुकी है।

आँकड़ा संसाधन

1987-88 में केन्द्रीय सुविधा के रूप में एक कम्प्यूटर केन्द्र की स्थापना हुई; जिसका अपयोग रा.शै.अ.प्र.प. के विभिन्न विभागों और एककों ने किया। इस वर्ष निम्नलिखित कार्यकलाप किये गए :

— ऑफ लाइन आँकड़ा प्रविष्टि तंत्र की सहायता से चुम्बकीय टेप/फलॉपी जैसे कम्प्यूटर माध्यमों पर आँकड़ा स्थानांतरित करना।

— आँकड़ों के प्रमाणीकरण और विभिन्न प्रकार की सांख्यिकीय विश्लेषण करने के लिए साफ्टवेयर विकसित करना।

— कम्प्यूटर पर आधार-सामग्री संसाधन।

इस वर्ष में निम्नलिखित विशेष कार्य किए गए :

— रा.शै.अ.प्र.प. के विभिन्न विभागों/एककों द्वारा ली गई अनेक अनुसंधान परियोजनाओं से संबंधी आँकड़ों का कम्प्यूटर संसाधन।

— राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा की उत्तर-शीट पर स्कोरिंग और आगे प्रवीणता सूची तैयार करने आदि सहित परीक्षा-फलों का संसाधन।

— अपनी पीएच.डी. परियोजना के लिए संकाय सदस्यों को कम्प्यूटर सुविधाएँ उपलब्ध कराना।

— कूटलेखन अभिकल्पना के विकास आँकड़ों का निर्माण, सांख्यिकीय तकनीकों का अनुप्रयोग, विश्लेषण योजना के विकास और परिणामों के विवेचन में अनुसंधान कर्ताओं को मार्गदर्शन करना। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति की वितरण प्रक्रिया का कम्प्यूटरीकरण किया गया। इससे रा.प्र. खोज छात्रवृत्ति का वितरण कार्य और अधिक शीघ्रता से और व्यवस्थित रूप से होने की आशा है। परिषद् ने प्रकाशित पुस्तकों और अन्य प्रकाशनों का उत्पादन संग्रहण, वितरण और बिक्री का कम्प्यूटरीकरण भी हाथ में लिया ।

चौदह

शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहन

विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा की सभी शाखाओं में अनुसंधान को समन्वयन और प्रोत्साहन देना परिषद् की मुख्य गतिविधियों में है। परिषद् के संघटक एककों के अतिरिक्त, परिषद् बाहरी संगठनों को वित्तीय सहायता देकर शैक्षिक अनुसंधान को बढ़ावा देती है। यह कनिष्ठ अनुसंधान शिक्षावृत्ति भी प्रदान करती है और अनुसंधान कार्यप्रणाली पाठ्यक्रम आयोजित करती है, जिससे देश के विभिन्न भागों में अनुसंधान कार्यकर्ताओं का एक दल स्थापित हो सके।

अनुसंधान और नवाचार

1974 में स्थापित शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (एरिक) अनुसंधान कार्य में सहायता प्रदान करने वाली मुख्य इकाई है। इस समिति के सदस्य शिक्षा में श्रेष्ठ अनुसंधान कर्ता, विश्वविद्यालयों तथा अनुसंधान संस्थानों से सम्बद्ध कार्यक्षेत्र, एस.आई.ई./एस.सी.ई.आर.टी के प्रतिनिधि, एन.आई.ई. के सभी विभागों/एककों के अध्यक्ष, सी.आई.ई.टी. तथा रा.शै.अ.प्र.प. के क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों (आर.सी.ई.) हैं। इसके अतिरिक्त एन.आई.ई., सी.आई.ई.टी. और क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के कुछ चुने हुए प्रोफेसर इस समिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं।

शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (एरिक) अनुसंधान के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का पता लगाने में सहायता करती है और शिक्षा एवं सम्बद्ध कार्यक्षेत्र पर अनुसंधान अध्ययन तथा नवाचार परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता देती है। शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (ई.आर.आई.सी.) रा.शै.अ.प्र.प. संकाय के सह-निर्देशन में डाक्ट्रेट कार्य के लिए शिक्षावृत्ति, डाक्ट्रेट की थीसिस, शोध पत्र और मोनोग्राफ की छपाई के लिए अनुदान देती है । शैक्षिक अनुसंधान पर सूचनाओं और विचारों का समय-समय पर अनुसंधान के तथ्यों का प्रचार-प्रसार भी करती है तथा शैक्षिक अनुसंधान पर सम्मेलन/बैठकें/संगोष्ठियाँ आयोजित करती है।

पूरी की गई अनुसंधान परियोजनाएँ

शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (ई.आर.आई.सी.) द्वारा समर्थित 1988-89 में 49 अनुसंधान परियोजनाएँ पूरी की गईं। इनमें 31 परियोजनाएँ परिषद् के विभिन्न संघटक एककों तथा 18 परियोजनाएँ बाहरी अनुसंधान संस्थानों की सम्मिलित हैं। आलोच्य वर्ष में पूरी की गई अनुसधान परियोजनाएँ तालिका 14.1 में दी गई हैं।

1988-89

तालिका 14.1

1988-89 में पूरी की गई अनुसंधान परियोजनाएँ

विभागीय परियोजनाएँ

क्र.सं.	परियोजना का शीर्षक	अवधि	मुख्य अन्वेषक
1.	ए रिसर्च स्टडी फॉर आईडेन्टिफिकेशन आफ टीचिंग स्किल एंड ट्रेनिंग स्ट्रेटेजी फार एम्पलीमेटिंग एन्वरयेमेन्टल एप्रोच एट प्राइमरी लेवल	3 वर्ष	डा.जे.एस.राजपूत, आर.सी.ई., भोपाल
2.	आईडेन्टिफिकेशन ऑफ वेरियस एप्रोचस ऑफ नान-फार्मल एजुकेशन इन वालेंटरी ओर्गेनाइजेशन	2 वर्ष	डा.एच.एल.शर्मा, डी.ई.पी.एस.ई.डी.ई, एन.सी.ई.आर.टी.
3.	कन्जरवेशन ऑफ एक्वाटिक इकोसिस्टम इन उड़ीसा	3 वर्ष	डा.पी.के.दुरानी एंड ए.एल.एन.शर्मा, आर.सी.ई., भुवनेश्वर
4.	ए रिपोर्ट ऑफ स्टडी ऑफ डेवलपमेंट ऑफ टूल्स फोर सुपरविजन एंड एवैल्यूएशन ऑफ स्टूडेंट टीचिंग एंड अदर प्रेक्टिकल वर्क इन कालेज ऑफ एजुकेशन	1 वर्ष	डा.टी.एन.एस.भटनागर, डी.टी.ई.एस.ई.एंड, ई.एस.एन.सी.ई.आर.टी.
5.	एन एवैल्यूएशन स्टडी ऑफ दी डिफरेन्ट मोडलस ऑफ प्रि-स्कूल ट्रेनिंग प्रोग्राम फ्रोम दी प्वाईंट ऑफ देयर इम्पैक्ट आन चिल्ड्रन	2 वर्ष	डा. (श्रीमती) आर. मुरलीधरन, डा. जी.पी.पंकजम, डी.पी.एस.ई.ई., एन.सी.ई.आर.टी.
6.	सिस्टेमैटिक स्टेडिज ऑफ दी फोना इन एंड अराउंड भुवनेश्वर फॉर डेवलपमेंट ऑफ म्यूजियम	2 वर्ष	डा. एन. खट्टर, आर.सी.ई., भुवनेश्वर
7.	सैम्पल सर्वे ऑफ एजुकेशनल फैसलिटीज फॉर शैड्यूल कास्टमस एंड शैड्यूल ट्राईबस इन राजस्थान	1 वर्ष	डा.एस.एम.भार्गव, डा. एस.सी. मित्तल, डी.एम.ई.एस.डी.पी., एन.सी.ई.आर.टी.
8.	इफैक्ट ऑफ योगा ऑन स्कूल		डा. कुलदीप कुमार, डी.एफ.एस.सी., एन.सी.ई.आर.टी.
9.	नो दी प्लान्ट्स अराउन्ड यू	3 वर्ष	प्रो. सी.आर.घोष, रिटायर्ड अध्यक्ष, डी.ई.एस.एम., एन.सी.ई.आर.टी.
10.	करिकुलम इवेल्यूएटर एट दी 10+2 स्टेज इन दी लाइट ऑफ इन्सट्रकसनल डेवलपमेंट एंड सोशल ऑबजेक्टिवस ऑफ एजुकेशन	8 महीने	प्रोफेसर बाकर मेहदी, अध्यक्ष डी.पी.आर.पी.पी., एन.सी.ई.आर.टी.
11.	एन एक्सपरीमेंटल स्टडी ऑफ दी रिलेटिव इफेक्टिवनेस ऑफ सैलेक्टिड स्ट्रेटजीज ऑफ इन्टीग्रेशन ऑफ टीचिंग स्किलस एकवायरड बाई स्टूडेंट टीचर्स थ्रु दी टैक्नीक्स ऑफ माईक्रोटीचिंग	डेढ़ वर्ष	डा. आर.सी.दास, डा. एन.के .जंगीरा, डा. अजीत सिंह, एण्ड डा. बी.के.पासी, डी.टी.ई.एस.ई.एस., एन.सी.ई.आर.टी.
12.	एवल्यूएशन ऑफ इन्सट्रशनल मेटिरियलस ऑफ नॉन -फोरमल एजुकेशन सेन्टर	1 वर्ष	डा. (श्रीमती) नीरजा शुक्ला, एन.एफ.ई., एन.सी.ई.आर.टी.
13.	सर्वे एंड कल्टीवेशन ऑफ एडिबल मुशरूमस ऑफ उड़ीसा एज ए वर्क एक्सपिरीऐन्स वोकेशनल सबजेक्ट फॉर हाई/हायर सैकेन्ड्री स्कूल	3 वर्ष	डा.एम.पी.सिन्हा, आ.सी.ई.भुवनेश्वर
14.	एन एस्कप्लोरेटरीस्टडी ऑन दी यूज ऑफ टीचिंग ऐड्स फॉर डेबलपिंग कनसेप्टस ऐमंग हैन्डीकेप्ड (डीफ) चिल्ड्रन	2 वर्ष	डा. एम.सी.शर्मा, सी.आई.ई.टी.

1988-89

क्र.सं.	परियोजना का शीर्षक	अवधि	मुख्य अन्वेषक
15.	ए स्टडी ऑफ दी परसेपशन ऑफ सेकेन्ड्री स्कूल लर्निंग एन्वायर्नमेंट बाइ दी स्टूडेन्टस, स्टाफ एंड एडमिनिस्ट्रेटर्स	ढाई वर्ष	डा.जे.एस.ग्रेवाल, आर.सी.ई. भोपाल
16.	डेवलपमेंट ऑफ कराईटीरियन रिफरेन्स टैस्टस इन एन्वायर्न मेन्टल स्टीडीज (साइंस) फोर प्राईमरी स्टेज	2 वर्ष	डा. प्रीतम सिंह, नवोदय विद्यालय सेल, एन.सी.ई.आर.टी.
17.	दी डिटरमिनेशन एंड डवलपमेंट ऑफ स्कीमस आर्फे थोट एन साइंस वर्ष ड्यूरिंग एडोलिसेन्स	3 वर्ष	प्रो. एन.वैद्य, डी.टी.ई.एस.ई.एंड ई.एस., एन.सी.ई.आर.टी.
18.	ए स्टडी ऑफ फ्लोरा ऑफ भोपाल टू प्रडयूस रिसोर्स मेटिरियल फॉर दी बायोलोजी टीचर्स ऑफ एम.पी.	3 वर्ष	डा.पी.के.खन्ना., आर.सी.ई., भोपाल
19.	इम्प्रोविंग दी कनाडा रीडिंग परफोरमेन्स ऑफ एजुकेविल मेंटेली रीटार्डेड चिल्डर्न	14 महीने	डा.एम.ए.खादर, आर.सी.ई., मैसूर
20.	सर्वे ऑफ रिसचिर्स इन स्पेशल एजुकेशन इन इंडिया	15 महीने	डा.एन.के.जंगीरा, डी.टी.ई.एस., ई.एंड.ई.एस.एन.सी.ई.आर.टी.
21.	फ्यूचरोलोजी ऑफ टीचर एजुकेशन पायलट स्टडी	6 महीने	डा.जे.सी.गोयल, डा.एल.सी.सिंह, डी.टी.ई.एस.एंडई.एस. एन.सी.ई.आर.टी.
22.	दी इफैक्ट ऑफ टीचर लेड सैल्फ लर्निंग पियर ग्रुप डिसकशन एंड मास मिडिया एप्रोचिस ऑफ टीचिंग पापुलेशन एजुकेशन टू क्लोसेज 9 इंड 10 ऑन नोलिज, एटीटयूड एंड बीलीफस ऑफ दी स्टूडेन्टस एबाउट पापुलेशन एक्सप्लोशन इन इंडिया	3 वर्ष	प्रो.आर.पी.कथुरिया एफ.ए., भोपाल
23.	ट्रा-आऊट ऑफ इनौविटव इंडिविजुयलाइज्न सिस्टम आर्फे इन्सट्रक्शन इन क्लास 11 मैथेमेटिक्स कोर्स "मास्टर ऐसेमेन्टस"	2 वर्ष	डा.आर.एन.माथुर, डा.आर.पी.गुप्ता, डी.ई.एस.एम., एन.सी.इ.आर.टी.
24.	सर्वे ऑफ एजुकेशनल फेसिलीटीज फॉर वीकर सेक्शनस ऑफ दी सोसाइटी नमेली शेडयूल टाईबस उड़ीसा	1 वर्ष	डा. एस.एल.भार्गव, डी.एम.ई.एस.एंड.डी.पी. एस.सी.ई .आर.टी.
25.	ए स्टडी ऑफ एडमिनिस्ट्रेटिव स्ट्रक्चर ऑफ एन.एच.ई.एंड दी स्कीम ऑफ मोनीटोरिंग एंड सुपरविजन	1 वर्ष	डा. (श्रीमती) एस.आर.अरोड़ा,डी.पी.एस.ई.ई. एन.सी.ई.आर.टी.
26.	ए स्टडी ऑफ दी स्टेटस ऑफ दी टीचर्स इन इंडिया	2 वर्ष	डा. (श्रीमती) आर.के.चोपड़ा, डी.टी.ई.एस.एंड ई.एस.,एन.सी.ई.आर.टी.
27.	कमपेरेटिव स्टडी ऑफ एजुकेशनल एचिवमेंट ऑफ एस.सी./एस.टी.स्टूडैन्टस ऑफ क्लास 10 ऑफ यू.पी.	17 महीने	ड.बी.एस.गुप्ता, डी.पी.एस.ई.ई., एन.सी.ई.आर.टी.
28.	एक्सप्लोरेश्नस इन आपटिमाईजिंग लर्निंग साइन्सीज इन स्कूल	3 वर्ष	डा। (श्रीमती) सरदम्बा राव, एफ.ए. कर्नाटक
29.	एन इनवीजिबिल स्टडी ऑफ दी एकोम्पलशमेन्टस ऑफ नेशनल साइंस टेलेन्ट स्कोलर्स	ढाई वर्ष	प्रोफेसर. एम.के.रैना, डी.पी.आर.पी.पी., एन.सी.ई.आर.टी.
30.	ए स्टडी आफ दी इफेक्ट: ऑफ साइको सोशल फैक्टर्स ऑन दी काम्प्रेहेनसिबिलिटी ऑफ लैंगवेज यूजड् इन टैक्सटबुक्स एट प्राइमरी स्टेज	2 वर्ष	डा.आई.एस.शर्मा, डी.ई.एस.एस.एच., एन.सी.ई.आर.टी.
31.	नो लाइफ बिटवीन टाइड माइन्स	2 वर्ष	डा.पी.के दुर्रानी, आर.सी.ई. भुवनेश्वर

1988-89

बाहरी परियोजनाएँ

क्र.सं.	परियोजना का शीर्षक	अवधि	मुख्य अन्वेषक
1.	कॉनस्ट्रकशन एण्ड स्टैन्डरडिसैशन ऑफ साइलेन्ट रीडिंग काम्प्रेहेनशन टेस्टिड इन गुजराती फोर प्यूपिलस आफ क्लासिज, 5,6, एंड 7	1 1/2 वर्ष	डा.बी.वी.पटेल, गुजरात
2.	सोशिवो लिंग्युस्टिक स्टडी ऑफ सनताली लैंगुएज	10 महीने	डा.डी.पी.मुखर्जी, वेस्ट बंगाल
3.	रूरल एनरिचमेंट एजुकेशन प्रोजेक्ट फीचरिंग डबलपमेंट ऑफ शलटरनैटिंग मोडलस एंड स्ट्रेटेजीज फॉर सेल्फ लर्निंग फॉर दी रूरल यूथ ऑन टोपिक्स रिलेवैन्ट टू देयर लाइफ	2 वर्ष	डा. एन.के.उपासनी, पुणे
4.	एन इनवेसटिगेशन इनटू दी प्रोबलम्स ऑफ एडजस्टमेंट बलाइन्ड स्टूडैन्टस रीडिंग इन सैकेन्ड्री स्कूल ऑफ वेस्ट बंगाल	3 वर्ष	पोफेसर एन.बनर्जी शानितनिकेतन
5.	ए लिंग्युस्टिक स्टडी ऑफ हिन्दी मोरफोफोनं एम,आई.सी.चेनजेस	2 वर्ष	डा.बी.एन. तिवारी, दिल्ली
6.	ए स्टडी ऑफ स्कूल बोर्डकास्टस इन बड़ौदा डिस्ट्रिक्ट	1 वर्ष	डा.जी.आर.सुदामे, बड़ौदा
7.	ए स्टडी ऑफ फैमिली बैकिग्राउण्ड वैरिएमल्स सम मोटिवेशनल वैरीएबल्स कोगतीहिव कैरेक्टरिस्टक्स एण्ड स्कूल परफोरमैन्स ऑफ प्राइमरी स्कूल चिल्ड्रन	18 महीने	ड.एम.बी. बुच बड़ोदा
8.	कम्पैरेटिव प्रोफोईल्स आफि एडोलिसेन्टस विद डिफिरेन्ट टेलेन्टस इन टर्मस ऑफ सम सलैक्टिड वेरीएबल्स	26 महीने	डा.अरूण कुमार गुप्ता, जम्मू
9.	डेवलपिंग एन्ड टेस्टिंग मोडलस ऑफ इनवायरमेन्टल एजुकेशन इन बोटनी रिलेवेन्ट फोर दी सोशली डिसएडवान्टेज चिल्ड्रन इन दी स्कूल ऑफ केरला	3 मीने	प्रोफेसर एन.वेदामनी मैनुल एंड डा.जे.एक्जामिल त्रिवेन्द्रम
10.	ए स्टडी आफ दी प्रोबलम ऑफ फर्स्ट जैनेरेशन लर्नर्स इन स्टैंडर्ड 1 टू 4 इन अहमदाबाद सिटी	4 महीने	डा.लीला पटेल, अहमदाबाद
11.	प्रोजेक्ट रिपोर्ट ऑन ट्राइबल्स एंड एजुकेशन ए क्वेस्ट फॉर इन्टिग्रेशन इन दी रीजनल मेन स्ट्रीम	18 महीने	डा.हेमलता तलेसरा
12.	ए फोलो-अप स्टडी ऑफ क्रियेटीविटी टैलेन्टेड कालेज स्टूडेन्टस	2 वर्ष	डा. ग्रिजेश कुमार मुरादाबाद
13.	डेवलपमेंट ऑफ टूल्स फोर आइडेन्टिफाइंग क्रियेटिव थिंकिग स्वीलीविटीज एमंग प्री-स्कूल चिजर्ल्डन फोर देयर एजुकेशन एंड प्रोपर पर्सन्ल्टी डेवलपमेंट	9 महीने	डा. भूदेव सिंह
14.	एन एवेल्यूएशन ऑफ दी नॉन-डिटेनशन सिस्टम फ्राम डिफरेन्ट एंगलस	1 वर्ष	डा.ए.वेंकटरामी रेड्डी, तिरूपति
15.	डेवलपिंग एंड इम्पलीमेनटिंग ए क्लासरूम इन्सट्रकशनल प्रोग्राम फॉर चिल्ड्रन विद लर्निंग डिफीकलटीज	20 महीने	डा. (श्रीमती) प्रेरणा मोहित बड़ौदा
